रांची
शुक्रवार
18.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 10
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
अगर कोई मनुष्य आपको केवल जरूरत पड़ने पर ही याद करता है तो उस बात का बुरा मत मानो, क्योंकि जब अंधेरा हो जाता है तभी दीये की याद आती है।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-282 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## जिला परिषद सदस्य हत्याकांड में सात आरोपी दोषी करार

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी के नेता पूर्व जिला परिषद सदस्य भागवत राउत की हत्याकांड से संबंधित छह साल पुराने मामले में दुमका की एक सत्र अदालत ने गुरुवार को सभी सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। दुमका के तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत ने गुरुवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद सभी सात आरोपियों को दोष सिद्धि करार दिया। सजा के बिंदु पर 22 नवम्बर को सुनवाई की जायेगी। न्यायालय ने जमानत पर चल रहे छह आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है। जबकि जमानत नहीं मिलने के कारण एक आरोपी पहले से जेल में है। गौरतलब है कि भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य भागवत राउत की उनके घर के समीप तीन मई 2016 को महुआडंगाल में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। भाजपा नेता भागवत राउत की सरेआम हत्या के बाद शहर में दो दिनों तक जमकर बवाल भी हुआ था। इस मामले में जयपाल उर्फ शिशुपाल राउत, शंभू राउत, पप्पू राउत, नारायण हरि, किशोर यादव, मुन्ना दुबे और विप्लव शर्मा को आरोपी बनाया गया था।

# मनी लाउंड्रिंग केस में सीएम से ईडी ने की लंबी पूछताछ

## सीएम ने ईडी को बताया- प्रेम प्रकाश को नहीं जानता, अमित से पारिवारिक घनिष्ठता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक हजार करोड़ के अवैध खनन से अर्जित राशि की मनी लाउंड्रिंग से जुड़े केस में ईडी ने उनसे करीब साढ़े नौ घंटे से अधिक पूछताछ की। रात करीब 9:40 बजे मुख्यमंत्री ईडी कार्यालय से बाहर निकले और पत्नी कल्पना सोरेन संग सीएम हाउस के लिए रवाना हुए। वहीं, नौ बजे के आसपास पत्नी कल्पना सोरेन सीएम को लेने ईडी कार्यालय पहुंची थी।

- गुरुवार को ईडी ने सीएम से पूछे करीब 30 सवाल, उस पर कई क्रास सवाल भी ईडी ने किये

सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को ईडी ने उनसे तकरीबन 30 तय सवाल पूछे, उन सवालों पर मुख्यमंत्री के जवाब के बाद कई क्रास सवाल भी ईडी ने किया। ईडी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से पंकज मिश्रा के साथ संबंधों पर सवाल पूछे थे। जवाब में सीएम ने कहा कि पंकज मिश्रा झामुमो के पुराने राजनीतिक कार्यकर्ता हैं, वह उन्हें बखूबी जानते हैं। वहीं, सीएम ने अमित अग्रवाल के विषय में पूछे गये सवाल पर बताया कि अमित अग्रवाल के परिवार के साथ उनकी पारिवारिक घनिष्ठता है। सीएम ने राजनीतिक संरक्षण में अवैध खनन से इनकार किया है।



### प्रेम प्रकाश को नहीं पहचानते हैं सीएम

**ईडी** ने अवैध खनन से जुड़े मामले में सत्ता के गलियारों में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश को 25 अगस्त को जेल भेजा था। ईडी ने प्रेम प्रकाश के साथ मुख्यमंत्री के संबंधों के बारे में पूछा तो मुख्यमंत्री ने इससे साफ इनकार किया। उन्होंने एजेंसी को बताया कि वह प्रेम प्रकाश को नहीं जानते हैं, ना ही वह उससे कभी मिले हैं। गौरतलब है कि प्रेम प्रकाश के यहां ईडी ने छापेमारी की थी, तब उसके ठिकानें से सीएम हाउस में तैनात दो जवानों के एके-47 व कारतूस मिले थे।

### संपत्ति के विषय में ईडी ने पूछे सवाल

ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनकी चल व अचल संपत्तियों के बारे में पूछा। साथ ही बीते दो-ढाई सालों में अर्जित पूरी संपत्ति का ब्यौरा देने को कहा। ईडी के अधिकारियों ने सीए जे जयपुरियार के यहां से मिले कागजात व संपत्ति के विवरण को लेकर भी सवाल पूछे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री से कई सारे कागजातों की मांग ईडी ने की है। ईडी को जब मुख्यमंत्री संबंधित कागजात सौंप देंगे, इसके बाद आगे फिर पूछताछ की जा सकती है।

## झारखंड में नहीं होगा नेतृत्व परिवर्तन : बसंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई और झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक बसंत सोरेन ने उन अटकलों को सीधे तौर पर खारिज कर दिया है जिसमें झारखंड में किसी प्रकार के नेतृत्व परिवर्तन की संभावना जतायी जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय के रांची स्थित कार्यालय की ओर से दुबारा समन जारी किये जाने के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूछताछ के लिए हिनू स्थित स्थित कार्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी कार्यालय पहुंचने के तुरंत बाद बसंत सोरेन भी वहां पहुंचे। पत्रकारों के सवाल पर विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि फिलहाल हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री हैं और आगे भी रहेंगे। बाद में नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत होगी तब आगे इस पर विचार किया जायेगा।



### घर से आया खाना सीएम ने खाया, एक घंटे तक ज्वाइंट डायरेक्टर ने की अकेले में बात

**जानकारी** के मुताबिक, दोपहर में सीएम आवास से ही मुख्यमंत्री का खाना आया था। उन्होंने घर से आया खाना ही ईडी की पूछताछ के दौरान खाया, वहीं ईडी कार्यालय में अफसरों ने भी उनके साथ सीएम आवास से आया खाना खाया। मुख्यमंत्री से ईडी के अधिकारियों ने बेहतर माहौल में पूछताछ की। वहीं, तकरीबन एक घंटे तक दिल्ली से आये ज्वाइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी ने अकेले सीएम से सवाल-जवाब किये। गौरतलब है कि सीएम से पूछताछ के लिए एक ज्वाइंट डायरेक्टर व दो असिस्टेंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी भी रांची पहुंचे थे।

### मुस्लिम पक्ष को दूसरा झटका

## काशी ज्ञानवापी परिसर मामला है सुनवाई योग्य : न्यायालय

- आरएनएम

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर मामले में सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद को सुनवाई योग्य माना है। इस मामले में मुस्लिम पक्ष को एक और झटका लगा है। मालूम हो कि इस मामले में बीते 15 अक्टूबर को ही अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो गयी थीं। तबसे आदेश में पत्रावली लंबित था। इससे पहले इस वाद पर आठ नवम्बर को आदेश आना था। लेकिन कोर्ट के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण 14 नवम्बर की तिथि तय कर दी गयी थी। इस मामले में वादिनी किरन सिंह की तरफ से ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित करने, परिसर हिंदुओं को सौंपने और शिवलिंग की पूजा पाठ राग भोग की अनुमति मांगी गयी थी। अदालत में दोनों पक्ष अपनी बहस पूरी कर उसकी लिखित प्रति दाखिल कर चुके हैं।



**हिन्दू पक्ष की दलील**

**'ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर बाकी सब कुछ मंदिर का ढांचा'**

वादिनी किरन सिंह के वकीलों ने दलील में कहा था कि वाद सुनवाई योग्य है या नहीं, इस मुद्दे पर अंजुमन इंतजामिया की तरफ से जो आपत्ति उठायी गयी है, वह साक्ष्य व ट्रायल का विषय है। ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब कुछ मंदिर का है। जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि वह मस्जिद है या मंदिर। दीन मोहम्मद के फैसले के जिक्र पर कहा कि कोई हिंदू पक्षकार उस मुकदमे में नहीं था, इसलिए हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होता है। यह भी दलील दी कि विशेष धर्म स्थल विधेयक 1991 इस वाद में प्रभावी नहीं है। ढांचा का पता नहीं कि मंदिर है या मस्जिद। जिसके ट्रायल का अधिकार सिविल कोर्ट को है। कहा कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि औरंगजेब ने मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का आदेश दिया था। वक्फ एक्ट हिन्दू पक्ष पर लागू नहीं होता है। ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है और अंजुमन की तरफ से पोषणीयता के बिंदु पर दिया गया आवेदन खारिज होने योग्य है। हिंदू पक्ष के वकीलों ने दलीलें रखी थी कि राइट टू प्रॉपर्टी के तहत देवता को अपनी प्रॉपर्टी पाने का मौलिक अधिकार है। ऐसे में नाबालिग होने के कारण वाद मित्र के जरिये यह वाद दाखिल किया गया है। भगवान की प्रॉपर्टी है, तब माइनर मानते हुए वाद मित्र के जरिये क्लेम किया जा सकता है। स्वीकृति से मालिकाना हक हासिल नहीं होता है। यह बताना पड़ेगा कि संपत्ति कहां से और कैसे मिली। अदालत में वाद के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रांची मेयर का पद एससी के लिए आरक्षित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** इस बार होनेवाले नगर निकाय चुनाव में मेयर और नगर पंचायत अध्यक्ष के आरक्षित पदों में फेरबदल किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके अनुसार रांची नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दी गयी है। इस बार महिला के बजाय अन्य के लिए अधिसूचित किया गया है। वहीं, सरायकेला-खरसावां और आदित्यपुर नगर निगम अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट को महिला के लिए रिजर्व किया गया है। इसी तरह अन्य सभी नगर निगम के मेयर और 19 नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के आरक्षण में फेरबदल किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार चक्रीय आरक्षण व्यवस्था नगरपालिका अधिनियम में है, जिसके तहत यह फेरबदल किया गया है।

- नगरपालिका अधिनियम में शामिल चक्रीय आरक्षण व्यवस्था के तहत किया गया है फेरबदल

### निकाय चुनाव : मेयर और नगर पंचायत अध्यक्ष के आरक्षित पदों में फेरबदल



## सीएम सोरेन बोले- एक हजार करोड़ के अवैध खनन का आरोप निराधार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन मामले में ईडी के सामने पूछताछ के लिए जाने के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साहिबगंज में अवैध खनन से एक हजार करोड़ रुपये के राजस्व के नुकसान के आरोप को सीधे तौर पर खारिज किया। यह भी कहा कि हमारी सरकार बनने के साथ ही विपक्ष सरकार के खिलाफ साजिश में जुटा रहा। चुनाव आयोग के मंतव्य को लेकर राज्यपाल पर भी उंगली उठायी। उन्होंने कहा कि ईडी दफ्तर जा रहा हूं उनके सवालों का जवाब दूंगा। अपने पिता शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिये और ईडी कार्यालय के लिए निकल गये। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास के बाहर झामुमो के कार्यकर्ता ईडी, भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जब सीएम ईडी दफ्तर के निकलने से पहले मीडिया से बात कर रहे थे कोलकाता कैश कांड में निलंबित कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी के अतिरिक्त मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य के अतिरिक्त पार्टी के अनेक विधायक मौजूद थे। पेशी के मद्देनजर ईडी कार्यालय के करीबी इलाकों में 144 निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी। मौके पर अपनी सफाई में उन्होंने ईडी के क्षेत्रीय सहायक निदेशक के नाम जारी तीन पेज का पत्र भी दिया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विपक्ष पर सरकार गिराने के लिए षडयंत्र रचने का आरोप



# सीएम के दावे को ईडी ने किया खारिज

## एक हजार करोड़ की रॉयल्टी चोरी नहीं, अवैध खनन का मामला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक हजार करोड़ के अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ की। दिन के 12 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ शुरू हुई। ऐसा पहली बार है जब पद पर रहते हुए किसी मुख्यमंत्री से ईडी ने पूछताछ की। जानकारी के मुताबिक, ईडी ऑफिस पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पक्ष के तौर पर तीन पन्नों का एक पत्र सहायक निदेशक देवव्रत झा के नाम सौंपा था। इस पत्र में मुख्यमंत्री के द्वारा एक हजार करोड़ के अवैध खनन को लेकर जो दलील दी गयी थी, उसे एजेंसी ने खारिज कर दिया है। एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में अवैध खनन के जरिये एक हजार करोड़ के रॉयल्टी की चोरी की बात लिखी है, जबकि यह एक हजार करोड़ के रॉयल्टी की चोरी की नहीं, बल्कि एक हजार करोड़ के अवैध खनन का मामला है।




**साहिबगंज जाकर एजेंसी ने जुटाये हैं साक्ष्य :** ईडी सूत्रों के मुताबिक, साहिबगंज में ईडी की टीम ने मई महीने से लेकर अबतक लगातार जांच की है। जांच में आये तथ्यों के आधार पर ईडी ने यह पाया है कि एक हजार करोड़ का अवैध खनन साहिबगंज जिले में हुआ है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री कैसे आये ईडी के रडार पर

**छह** मई को ईडी ने मनरेगा घोटाले में राज्य की तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल व उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को 19.41 करोड़ मिले थे। जांच के बाद ईडी ने बताया था कि जब्त पैसों में अधिकांश राशि राज्य के बड़े राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों की है। इसके बाद आठ जुलाई को ईडी ने अवैध खनन के मामले में मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा व उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में ईडी ने 19 जुलाई को पंकज मिश्रा को मास्टरमाइंड बताते हुए गिरफ्तार किया था। बाद में ईडी ने 25 अगस्त को सत्ता के गलियारे में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश, सीए जे जयपुरिया के ठिकानें पर छापेमारी की थी। इस दौरान प्रेम के यहां से सीएम हाउस में तैनात दो सिपाहियों की एके-47 व 60 कारतूस बरामद किये थे, जबकि जयपुरियार के यहां से संपत्ति व निवेश से जुड़े कच्चे कागजात व फाइलें बरामद की गयी थीं। वहीं, रवि केजरीवाल ने एजेंसी को जो बयान दिया था, उसमें हेमंत सोरेन का जिक्र किया गया था।

## झारखंड में वांटेड इनामी नक्सलियों के खिलाफ चलेगा बुलडोजर अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस ने राज्य के वांटेड और इनामी नक्सलियों की संपत्ति कुर्क करने के लिए बुलडोजर अभियान शुरू किया है। पुलिस ने पहले चरण में ऐसे 14 नक्सली कमांडरों की सूची तैयार की है। इनके घरों पर इश्तेहार चिपकाकर सरेंडर करने की चेतावनी दिये जाने के बाद अब उनकी संपत्ति जब्त की जा रही है और घरों पर बुलडोजर चलाये जा रहे हैं। चतरा जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में 25 लाख के इनामी नक्सली गौतम पासवान के घर पहुंची पुलिस टीम ने घर का एक-एक सामान बटोर लिया। इसके बाद बुलडोजर से घर के दरवाजे, चौखट और खिड़कियां उखाड़ ली गयीं। गौतम पासवान भाकपा माओवादी संगठन की शीर्ष कमेटी का सदस्य है। उसके खिलाफ यह कार्रवाई राजपुर थाना कांड संख्या 84/15 मामले में अदालत के आदेश से की गयी है। कार्रवाई के लिए पहुंची टीम का नेतृत्व एसडीपीओ अविनाश कुमार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत नक्सलियों को सरेंडर करने पर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए कई तरह की सहूलियत दी जा रही हैं। इसके बावजूद जो नक्सली सरेंडर नहीं करेंगे, उनकी संपत्ति कुर्क की जायेगी।

# जाली नोट व टेरर फंडिंग से लड़ने के लिए हुई नोटबंदी : केंद्र सरकार

## नोटबंदी का केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में किया बचाव

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अचानक आठ नवम्बर 2016 की रात लगभग आठ बजे दूरदर्शन पर भाषण देकर देश में नोटबंदी लागू किया। इसके चलते करोड़ों लोगों को हुए कई तरह के नुकसान को लेकर कई संगठनों व वरिष्ठ वकिलों ने सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से नोटबंदी की संवैधानिक वैधता को लेकर जवाब तलब किया था। जिसमें केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपना बचाव किया है। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में नोटबंदी के ढेर सारे लाभ, फायदे बताते हुए कहा कि इसे लागू करने से आठ महीने पहले आरबीआई से राय लिया गया था। इस मामले में केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायर कर कहा कि आरबीआई के साथ नोटबंदी को लेकर अच्छी तरह से विचार-विमर्श किया गया था। तत्कालीन वित्त मंत्री ने संसद में बताया था कि इस पर आरबीआई के साथ परामर्श फरवरी 2016 में ही शुरू हुआ था। इस परामर्श और फैसले को गोपनीय रखा गया था। नोटबंदी के फैसले का बचाव करते हुए केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा कि यह निर्णय 500 रुपये और एक हजार रुपये के नोटों को वापस लेने के लिए आरबीआई की सिफारिश और प्रस्तावित योजना पर आधारित था।



**सुप्रीम कोर्ट में केंद्र बोला -**

- यह परिवर्तनकारी आर्थिक नीतियों की श्रृंखला में महत्वपूर्ण कदमों में से था एक
- इसके लिये आरबीआई से फरवरी 2016 शुरू हुआ था परामर्श

### पांच जजों की संविधान पीठ ने मांगा था विस्तृत जवाब

**मालूम** हो कि सर्वोच्च न्यायालय के पांच जजों की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार और आरबीआई से नोटबंदी के फैसले पर विस्तृत जवाब मांगा था। न्यायालय ने कहा था कि केंद्र और आरबीआई 500 और एक हजार रुपये के नोटों को बंद करने के फैसले पर हलफनामा दाखिल करें। हलफनामे में सरकार ने कहा कि जाली नोट और टेरर फंडिंग से लड़ने के लिए यह कदम उठाया गया। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा कि आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड ने 500 रुपये और एक हजार रुपये के नोटों की मौजूदा श्रृंखला को वापस लेने के लिए केंद्र सरकार को एक विशेष सिफारिश की। आरबीआई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कोवैक्सीन को लेकर अफवाहों पर सरकार की सफाई, कहा -

## दबाव में वैक्सीन को नहीं दी है मंजूरी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना की वैक्सीन कोवैक्सीन को लेकर फैली अफवाहों पर भारत सरकार ने विराम लगा दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि भारत बायोटेक की वैक्सीन को किसी राजनीतिक दबाव में मंजूरी नहीं दी गयी थी। मीडिया पर इसको लेकर चल रही सभी खबरें फर्जी हैं, वे झूठ फैला रहे हैं। कोवैक्सीन को मंजूरी देने से पहले सभी गाइडलाइंस का पालन किया गया है।

**महामारी में भी फैलायी गयी थीं फर्जी खबरें : भारत बायोटेक**

अब भारत बायोटेक ने भी इस मामले पर सफाई दी है। उसने कहा कि हम कुछ चुनिंदा लोगों और समूहों ने कोवैक्सीन को लेकर भ्रामक खबरें फैलायी हैं, हम इसकी निंदा करते हैं। ऐसा वही लोग कर रहे हैं, जिन्हें टीके या वैक्सीन विज्ञान के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इन लोगों ने महामारी के दौरान भी फर्जी खबरें फैलाने में मदद की थी। कंपनी पर कोवैक्सीन के उत्पादन को लेकर कोई दबाव नहीं था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि भारत सरकार ने राजनीतिक दबाव की वजह से स्वदेशी कोवैक्सीन को जरूरी प्रक्रियाएं पूरा किये बिना की इस्तेमाल की मंजूरी दे दी थी। इसके साथ ही कंपनी पर वैक्सीन का उत्पादन बढ़ाने का भी दबाव था, जिसमें भी नियमों की अनदेखी की गयी। अब भारत सरकार ने इन रिपोर्ट्स को अफवाह बताया है।



## न्यूज गैलरी

### बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव करना ओबीसी समुदाय के साथ धोखा : राजेश गुप्ता



रांची । झारखंड के गठबंधन की सरकार ने शहरी नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के अधिसूचना जारी कर 52 प्रतिशत ओबीसी समुदाय के साथ धोखा किया है. बावजूद ओबीसी के हकों के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लगातार संघर्ष करेगा. उक्त बातें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए जबरदस्त आंदोलन किया था यह मामला न्यायालय में गया तो सरकार ने हलफनामे में कहा कि अगली चुनाव ओबीसी आरक्षण के साथ की जाएगी लेकिन अगली चुनाव नगर निकाय मैं बिना ओबीसी आरक्षण का अधिसूचना जारी कर ओबीसी समुदाय के साथ धोखा किया है और न्यायालय के साथ भी. राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए *कई आंदोलन किए जिनमें धरना प्रदर्शन के साथ सेमिनार, मंत्री विधायकों के घर घंटा बजाओ नींद से जगाओ आदि कार्यक्रम के माध्यम से *ट्रिपल टेस्ट* की कार्यवाही पूरे कर सुप्रीम कोर्ट को सौंपने की मांग की गई थी लेकिन गठबंधन की सरकार पूरी तरह से ओबीसी समुदाय के हितों की अनदेखी कर नगर निकाय चुनाव की घोषणा की।

### दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है मांडर एनएच-75

मांडर। मांडर एन एच- 75 आए दिन मौत का सौदागर बनती नजर आने लगी है। आज लगभग 2:30 बजे रांची की ओर से आ रही मोटरसाइकिल को तिग्गा पैट्रोल पम्प के समीप एक अज्ञात पिकअप वैन ने धक्का मार दिया जिससे उसमें सवार मुजाहिद अंसारी 49 वर्षीय, और उसकी पत्नी सतुलन बीबी 45 वर्षीय चित्रडांरु गांव लोहरदगा के रहने वाले गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों ने एक ऑटो में मांडर रेफरल अस्पताल ईलाज के लिए पंहुचाया। सतुलन बीबी का दोनों हाथ टूट गया और मुजाहिद अंसारी का एक हाथ टूट गया। डॉक्टर ने उन्हें प्राथमिक इलाज करके बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।वहीं सुबह लगभग 10:30 बजे अपने बाइक से जा रहे नूरजहां खातून 65 वर्षीय करगे बस्ती के आवश्यकता से अधिक खतरनाक ठोकर में अपने मोटरसाइकिल से असन्तुलित होकर गिर कर बुरी तरह जख्मी हो गए जिसे ग्रामीणों के द्वारा मांडर रेफरल लाया गया। डॉक्टर उनका प्राथमिक इलाज करके बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।बीते दिन भी दो सड़क दुर्घटना में लोग घायल हुए थे।

### खरसीदाग में पढ़हा जतरा सह फुटबाल टूर्नामेंट आयोजित



नामकुम। गुरुवार को प्रखंड के खरसीदाग पड़हा जतरा मैदान में जतरा सह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। फाइनल मैच किमड्स पिण्डारकोम और मिनी बाजार फुटबाल क्लब के बीच खेला गया जिसमें पेनल्टी में मिनी बाजार की टीम ने किमड्स पिण्डारकोम को एक शुन्य से हराया। वहीं बालिका वर्ग में एफसी भुसूर और एफसी सहेरा के बीच मैच खेला गया जिसमें भुसूर की टीम विजेता रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेटा, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, मुन्ना बड़ाईक,माधो कच्छप, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, संदीप मुंडा, निशा उरांव, पंसस रोजलीन तिर्की, प्रखंड उपप्रमुख वीणा देवी उपस्थित थे। जतरा को सफल बनाने में 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदिप तिर्की राजा हरिसचन्द्र मुण्डा मतियस मुण्डा सुरेश नायक चामु बेक एतवा कच्छप सुशिला भुतकुमार मरियम लकड़ा का योगदान रहा ।

### अपनी मांगों को लेकर राजभवन पर सहियाकर्मियों का धरना-प्रदर्शन प्रारंभ

# दो हजार में दम नहीं बीस हजार से कम नहीं, नारों से गूंज रहा था मोरहाबादी मैदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सहिया एवं सहिया साथी ने गुरुवार को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू किया। दो हजार में दम नहीं बीस हजार से कम नहीं, भीख नहीं आधिकार चाहिए जीने का आधिकार चाहिए सभी सहिया कर्मियों को स्थायीकरण करना होगा के जोरदार नारों के साथ मोरहाबादी मैदान से बड़ी संख्या में सहिया कर्मि रैली निकाल कर राजभवन पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया साथी संघ के वैनर तले आज धनबाद, बोकारो, देवघर पाकुर, जामताड़ा जिले के सहियाकर्मियों राजभवन के धरना प्रर्दशन में शामिल हुए। सहिया, सहिया साथियों ने प्रतिमाह 20 हजार मानदेय और स्थायीकरण की मांग पर अपनी आवाज बुलंद किया। जिसकी अध्यक्षता संघ की सचिव माया सिंह ने किया ने किया जबकि संचालन रूपा सिन्हा ने किया। राजभवन के समक्ष अयोजित साहिया बहनों को विशाल सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी देश में न्यूनतम मजदूरी के लिए सड़कों पर प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार केंद्रीय योजनाओं के तहत कार्यरत कमीर्यों की कल्याण के बजाय कंपनियों कि सेवा में जुटी है। सहिया बहनों को भीख की तरह प्रोत्साहन नही देश के अन्य राज्यों की तरह बीस हजार रुपए मासिक मानदेय की सरकार गारंटी करें । इसे लागू करने में जो भी अडचने हो केंद्र और झारखंड की सरकार इसे दूर करें और फ्रंट लाइन वर्करों को बेहरत मानदेय और स्थाई की गारंटी करें वरना आन्दोलन तेज होगा। संघ के संरक्षक व मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि सहियाकर्मी ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की रीड है। इनके सवालों को अनदेखा करना दोनो सरकारों के लिए महंगा साबित होगा। झारखंड में सिर्फ कंपनियों की चाकरी करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने आगे कहा की जिस तरह से महंगाई बढ़ी है उससे सहिया दीदी को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया। उन्होंने सीधे तौर पर कहा की सहिया दीदी का घर नही चला तो सरकार भी सरकार भी नहीं चलेगी।

## नौ सनस्टोन छात्रों ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी कर सपनों को साकार किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिहार के छोटे जिलों के नौ छात्रों ने ईकॉम एक्सप्रेस, आईसीआईसीआई और अन्य प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कंपनियों जैसे प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय संगठनों में अपने सपनों की नौकरी हासिल की है। निशांत कुमार प्रभाकर, रंजीत रजक, सिकंदरा कुमार, अमन कुमार, अंजलि सिंह, अनुज कुमार सिंह, केशव कुमार झा, किंग्सन कुमार और राजू आनंद नोएडा में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र हैं। सनस्टोन, भारत के अग्रणी उच्च शिक्षा स्टार्ट-अप में से एक है, जिसकी उपस्थिति 35 शहरों में 45 से अधिक संस्थानों में है, जो एनआईईटी, नोएडा में अपने लाभ प्रदान करता है। बिहार के छोटे जिलों और कस्बों में पले-बढ़े, प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियां हासिल करना इन छात्रों के लिए दूर का सपना था। हालांकि, सनस्टोन के आसान वित्तपोषण विकल्प ने उन्हें अपनी शिक्षा के लिए धन जुटाने में सक्षम बनाया और महामारी के दौरान भी आसानी से नौकरी के लिए तैयार शिक्षा तक पहुंचने में उनकी मदद की। इन छात्रों में एक अनुकरणीय जुनून है जिसने उन्हें इन संगठनों के भीतर क्लस्टर हेड, रिलेशनशिप मैनेजर आदि की सम्मानजनक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है। यह वास्तव में उनकी कहानियों को बताने लायक बनाता है। मुंगेर, सारण, दरभंगा, औरंगाबाद और लखीसराय जैसे छोटे शहरों से अपने सपनों की नौकरी पाने तक इन छात्रों की यात्रा प्रेरणादायक है, क्योंकि उन्होंने बैंकिंग, मार्केटिंग और अन्य क्षेत्रों में नौकरी करने से पहले भाषा की बाधाओं को पार किया।

### 45 लाख रुपये की इनामी राशि के लिए खेलो इंडिया वीमेन वुशु लीग हुआ प्रारंभ

# विभिन्न राज्यों के 700 खिलाड़ी व पदाधिकारी पहुंचे, 45 पदकों के लिए जोर आजमाइश करेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को यहां ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया वीमेन वुशु लीग प्रारंभ हो गयी। लीग के उदघाटन समारोह की मुख्य अतिथि सरोजिनी लकड़ा खेल निदेशक झारखंड सरकारं सहित विशिष्ट अतिथि रामकुमार एडिशनल डायरेक्टर स्पोर्टस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया , सुरेंद्र प्रसाद साई बास्केटबॉल कोच, पीदास आर्चरी कोच, सुहेल अहमद सीईओ वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया, मनीष कककर वाईस प्रेसिडेंट वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया, उदय साहू, सोपान काटके, डी कौंडिया, डॉ कविता सिंह, चंचल भट्टाचार्य, प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए उन्होंने खिलाड़ियों के पदक जीतने की कामना की । उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार खिलाड़ियों को हर सम्भव सहयोग कर रही है। उन्होंने महिलाओं को अपनी शक्ति पहचानने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रामकुमार एडिशनल डायरेक्टर साई ने खिलाडियों के बेहतर प्रदर्शन की कामना की। उद्घाटन समारोह के अवसर पर वुशु के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से सबको मोहित कर लिया।इस अवसर पर रिदमिक योग का भी प्रदर्शन किया गया। इस लीग में राजस्थान, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट, गुजरात, छत्तीसगढ़ और मेजबान झारखंड के 700 खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे है।इस लीग का ऑनलाइन लाइव प्रशारण खेलो इंडिया के चैनल पर भी किया जा रहा है। लीग के उद्घाटन समारोह के अवसर पर स्वागत भाषण शिवेंद्र दुबे और डॉ कविता सिंह ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन चंचल भट्टाचार्य ने किया।मंच संचालन अमरेन्द्र दत्त ने किया।

## एचईसी में बिना वेतन के काम कर रहे अधिकारी अब अपना बकाया वेतन मांग रहे हैं

**रांची।** गंभीर आर्थिक संकट की मार झेल रहा एचईसी बंद होने के कगार पर है। एक साल से अधिक से बिना वेतन के काम कर रहे अधिकारी अब अपना बकाया वेतन मांग रहे हैं। अधिकारी अब प्लांटों में न जाकर सड़क पर हैं और 14 दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कामगार प्लांट तो जा रहे हैं, लेकिन उनके पास कोई काम नहीं है। प्लांट में बिना काम के समय गुजार कर वह घर लौट जा रहे हैं। एचईसी की स्थिति बदलेगी या नहीं, कर्मचारियों को वेतन या अन्य बकाया मिलेगा या नहीं इसकी जानकारी देने वाला कोई नहीं है। दिसंबर और जनवरी में एचईसी के दोनों निदेशकों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। इसके बाद भारत सरकार का यह लोक उपक्रम निदेशक विहीन हो जाएगा। इसके बाद कंपनी चलेगी या बंद हो जाएगी, यह बताने वाला कोई नहीं है। भेल के सीएमडी नलिन सिंघल फिलहाल एचईसी के सीएमडी के प्रभार में तो हैं, लेकिन वह एचईसी कभी आते ही नहीं हैं। एचईसी के इतिहास में अधिकारियों का 14 दिनों से चलने वाला यह सबसे बड़ा आंदोलन है। धरना दे रहे अधिकारियों का कहना है कि कंपनी चलेगी या नहीं, इसका जवाब उन्हें सीएमडी से चाहिए।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 27/2022–23

दिनांक 16/11/2022

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दारू | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, दारू का चाहरदिवारी निर्माण। | 9313100.00 | 10000.00 | 187000.00 | नौ माह |
| 2 | चौपारण | मध्य विद्यालय, रामपुर के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 9091700.00 | 10000.00 | 182000.00 | नौ माह |
| 3 | कटकमदाग | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुसुम्भा के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 5213000.00 | 10000.00 | 105000.00 | नौ माह |
| 4 | डाडी | उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हुवाग के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 6364200.00 | 10000.00 | 128000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 21.11.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 21.11.22 से 28.11.2022 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 29.11.2022 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 30.11.2022 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 282495 (District)22-23*D


### अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर हुआ नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर द्वारिका हॉस्पिटल, द्वारिका नगर महिलौंग एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संयुक्त तत्वावधान मे हॉस्पिटल परिसर मे हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.एस.के.निराला जी के अध्यक्षता में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में नामकुम, टाटीसिल्वे एवं महिलौंग के 59 मरीजों ने अपने सिरदर्द, बुखार, नाक, कान, चर्म रोग आदि आदि बीमारियों की जांच निःशुल्क कराई।डॉ.गणेश कुमार सिंह. डॉ. एसके सोनू, डॉ. एके सिन्हा, डॉ. पीआर बाखला, डॉ. मेजर सीमा. डॉ. एंटोनी किस्कू आदि ने सभी मरीजों के बीमारियों की जांच की,साथ ही खान पान, रहन-सहन की जानकारियां के साथ साथ मौसमी बीमारी से बचने की सलाह भी दी। मौके पर डॉ.निराला ने कहा है पैसों के अभाव में कोई भी मरीज अपनी गंभीर बीमारी ना छुपाए,मरीजों को सामाजिक दायित्व एवं आयुष्मान भारत के तहत निःशुल्क इलाज किया जाएगा। वही शिव किशोर शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर प्रकाश डाला। शिविर समाप्ति के पूर्व द्वारिका हॉस्पिटल के वरीय चिकित्सक डॉ. एन.पी.सिन्हा (78 वर्षीय)के 01.11.2022 को रात्रि में निधन होने पर 2 मिनट मौन धारण कर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।डॉ.गणेश कुमार सिंह ने स्वर्गीय डॉ.एन.पी.सिन्हा जी के जीवन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा वे चिकित्सक के साथ-साथ समाजसेवी भी थे।मरीजों के साथ उनका व्यवहार हमेशा मधुरमय रहा।वे अपने पीछे एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से दिवा पासवान, सिस्टर शांति खलखो, विकाश टूटी आदि हॉस्पिटल के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जनता के बीच पहुंचने लगी सरकार तो विपक्षी को होने लगा पेट में दर्द : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन ने लंबे संघर्ष को एक मुकाम तक पहुंचाने का काम किया। सीएम ने विधानसभा से खतियान से आधारित जो हमारी पहचान है उसे एक स्वरुप देने का काम किया है। यह राज्य जब अलग हुआ था तब यहां के पिछड़ों के पास 27 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार था। बाबूलाल मरांडी ने सरकार गठन करने के साथ-साथ 2001 में सुदेश महतो के सहयोग से 27 आरक्षण को विलुप्त करते हुये 14 प्रतिशत करने का काम किया था उस गद्दारी को भी आज एक सबक मिले और पुनः पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार मिले। श्री भट्टाचार्या आज पत्रकारों से बात कर रहे थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची**
ई मेल – eedwsd.ranchiwest@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, R.C.C. Gang Way ,**72.5 MLD** capacity Water Treatment Plant, Intermediate UG Sump Capacity 45.0 Lakh Litter, **ESR-1 7.50** Lakh Litre capacity with 13 M staging, **ESR-2 6.**50 Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-3 10.50** Lakh Litre capacity with 18 M staging , **ESR-4 16.75** Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-5 3.75** Lakh Litre capacity with 11 M staging , **ESR-6** 6.50Lakh Litre capacity with 08 M staging , **ESR-7 2.25** Lakh Litre capacity with 13 M staging **ESR-8 9.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-9 2.50** Lakh Litre capacity with 08 M staging , **ESR-10 3.50** Lakh Litre capacity with 08 M staging, **ESR-11 6.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **ESR-12 11.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **ESR-13 3.70** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **GSR Zone-14 3.50** Lakh Litre capacity, **ESR-15 3.10** Lakh Litre capacity with 21 M staging, Staff Quarter, Compound wall , Supplying and laying Raw/Clear Water rising main and Distribution Network, RCC Riser, House Connection, Railway Crossing, Road Crossing, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Mega Rural Water Supply Scheme along Ring Road ,Under DW&S Division Ranchi West Ranchi on turnkey basis**", का निविदा सं0– **DWSD/RW-06/2022-23** दिनांक **13.10.2022** में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है, जिसका PR No. **279820** ( Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित | वर्त्तमान में संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28-10-2022 at 05:00 P.M | 19-11-2022 at 05:00 P.M |
| 3 | प्री–बीड बैठक का स्थान एवं तिथि | 03-11-2022 /12:30 P.M O/o Engineer-in-chief, DWSD, Nepal House, Ranchi. | 21-11-2021 /12:30 P.M O/o Engineer-in-chief, DWSD, Nepal House, Ranchi. |
| 4 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10-11-2022 up to 04:00 P.M | 28-11-2022 up to 04:00 P.M |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 11-11-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची। | 29-11-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची। |
| 6 | बीड खोलने की तिथि/समय | 12-11-2022 up to 02:00 P.M | 30-11-2022 up to 02:00 P.M |

अन्य शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

PR 282573 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D


### जनजातीय गौरव दिवस पर खूंटी टाउन हॉल में केंद्रीय संचार ब्यूरो की चित्र प्रर्दशनी का तीसरा दिन

# राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर खुंटी के सिलि सर्जन डॉ. जाल्कजो ने मिर्गी पर ज्ञानवर्धक जानकारियां दीं




**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, रांची द्वारा आयोजित मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व लोकसभा सांसद और केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा के डिप्टी स्पीकर रहे पद्मभूषण करिया मुंडा के कर कमलों द्वारा 15-11-2022 को बिरसा कॉलेज ग्राउंड में हुआ। आज खूंटी के विभिन्न स्कूल के छात्रों ने प्रदर्शनी देखने के साथ-साथ निबंध प्रतियोगिता एवं क्वीज प्रतियोगिता में भाग लिया। आज राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर खुंटी सिविल सर्जन डॉ. अजित खलखो को आमंत्रित किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से उन्हें शाल एवं जीवित पौधा देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अजीत जोल्को ने मिर्गी पर सभा में उपस्थित सभी अतिथियों को मिर्गी के बारे में बहुत ज्ञानवर्धक जानकारियां दी। डॉ खलखो ने कहा कि मिर्गी से बचाव के लिए अच्छी दवाइयां मौजूद है। अगर किसी को यह तकलीफ होती है तो उसे चाहिए कि डॉक्टर से संपर्क करें और सही दवाइयों का ग्रहण करें। टाउन हॉल खूंटी में चल रहे प्रदर्शनी के लिए पत्र सूचना कार्यालय, रांची एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने एक विशेष संदेश में कहा कि खूंटी-वासी इस प्रदर्शनी से अधिकाधिक लाभान्वित हों। यह प्रदर्शनी उनके ज्ञानवर्धन के साथ-साथ आजादी के संघर्ष से आज के युवाओं को रूबरू करा रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि प्रदर्शनी द्वारा यह भी जानकारी दी जा रही है कि भारत सरकार जनजातीय समुदाय के लिए और उनकी प्रगति के लिए क्या-क्या ठोस पहल कर रही है। एकलव्य विद्यालय का अच्छा संचालन, एकलव्य विद्यालयों के संख्या को बढ़ाना, जनजातीय विभाग के बजट को बढ़ाना और जनजातीय समाज और उनकी गौरवशाली इतिहास पर देश के प्रमुख नगरों में संग्रहालय स्थापित करना आदि। आज तीसरे दिन प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव एवं जनजातीय गौरव दिवस पर निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रर्दशनी देखने आए स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में आज गीत एवं नाटक प्रभाग द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रभाग के कलाकारों ने झारखंड के लोकगीतों पर मधुर प्रस्तुति दी। गीत एवं नाटक प्रभाग के आज के कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल के समीप किया गया जिससे खूंटी वासीयों का मनोरंजन एवं ज्ञान वर्धन हुआ। डॉ अजीत खलखो ने केंद्रीय संचार ब्यूरो के जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## न्यूज गैलरी

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में चेस कोचिंग शिविर आयोजित



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के परिसर में 14 से 16 नवंबर तक तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इंटरनेशनल मास्टर, फिडे ट्रेनर और इंटरनेशनल आर्बिटर, प्रशिक्षक श्री नीरज कुमार मिश्रा से उनके कुशल मार्गदर्शन में छात्रों ने टूनामेंट के पूर्व का रणनीतिक कौशल, महत्वपूर्ण रक्षात्मक तरीकों और शैक्षणिक सत्र में शतरंज की भूमिका के लिए विभिन्न कौशलों को सीखा। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने विद्यालय द्वारा शिविर का आयोजन कराने के प्रयासों की प्रशंसा की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले छात्रों को निश्चय ही इससे लाभ होगा। उनमें शतरंज खेलते समय आत्मविश्वास के साथ समस्याओं को सुलझाने के कौशल भी विकसित होंगे।

### गुजरात विधानसभा चुनाव : तीन दिन गुजरात दौरे पर रहेंगे रघुवर दास

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शुक्रवार से 3 दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। यहां वे गुजरात विधानसभा के चुनाव प्रचार में शामिल होंगे। श्री दास कतारगाम विधानसभा में तीन दिन रहेंगे। उनके साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुखभाई मांडवीया भी रहेंगे। श्री दास क्षेत्र में राजनीतिक सभाओं के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा डोर टू डोर कैंपेन में भी हिस्सा लेंगे। श्री दास 18 नवंबर को दिन के 3 बजे सूरत पहुंचेंगे। वहां 18, 19 और 20 को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### एनएसयूआई का एक प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज की प्राचार्या को सौंपा ज्ञापन



रांची। गुरुवार को रांची जिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्राचार्या डॉ बंदना रॉय से मिलकर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष हुसैन अंसारी ने कहा कि यू.जी सत्र 20-23, सेमेस्टर 3 का रिजल्ट अभी आया नहीं है और सेमेस्टर 4 का फॉर्म भरने के लिए विश्वविद्यालय नोटिफिकेशन निकाल दिया है और 1 दिसंबर से एग्जाम होने वाला हैं। रिजल्ट प्रकाशित नहीं होने के कारण छात्रों को ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म भरने में दिक्कत होते आया है और दिक्कत होगा छात्रों को पता ही नहीं है कि हम सेमेस्टर 3 में पास हैं कि फेल हैं जब तक रिजल्ट नहीं आ जाता है तब तक लिए विश्वविद्यालय प्रशासन डेट एक्सटेंड करें। मुख्य रूप से उपस्थित जिला सचिव आशिक अंसारी, साहबान अंसारी, मेहरबान अंसारी, प्रिंस राज, शोएब अख्तर, मंसूर आलम, अबू तालिब अंसारी आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक नगड़ी स्थित जिला परिषद भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सहावीर लोहरा ने की। इस दौरान राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा अभियान को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद कांग्रेस के हटिया विधानसभा प्रभारी अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में भारत जोड़ो पैदल यात्रा की जा रही है। 21 नवंबर को नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में भी भारत जोड़ो यात्रा अभियान शुरू किया जाएगा। मौके पर रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष शाहिद अहमद, प्रखंड प्रभारी रतिलाल महली, मकसूद आलम, अख्तर अंसारी, विश्वा तिर्की, लक्ष्मी देवी, तरुण तिर्की, माहिर अंसारी, शराफत अंसारी, इकबाल हसन अंसारी, सुजीत मुंडा और सोमरा उरांव आदि मौजूद थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित

# लंबित आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, बैंकों के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा क्रेडिट-डेबिट अनुपात, कृषि क्षेत्र में उपलब्धि, एमएसएमई, केसीसी, पीएमजीईपी, स्वयं सहायता समूह, विभिन्न पेंशन योजना आदि की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निदेश दिये गये। केसीसी के आवेदनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा लंबित आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन का निदेश दिया गया। बैंकों के प्रतिनिधियों से उपायुक्त ने कहा कि केसीसी आवेदनों के तेजी से निष्पादन के लिए प्रत्येक प्रखंड कार्यालय बैंक की शाखा हो इसके लिए एसएलबीसी की बैठक में बातें रखें। स्कूली छात्रों के बैंक खाता खोलने की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कार्य प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला में करीब ढाई लाख स्कूली बच्चों के बैंक खाते खोले जाने हैं जिनके माध्यम से उन्हें स्कॉलरशिप, यूनिफॉर्म, किट आदि की राशि दी जानी है। खाता खुलवाने के लिए फॉर्म की छायाप्रति के उपयोग के संबंध में लिखित आदेश के माध्यम से जिला के सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को अवगत कराने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया। आधार इनेबल बैंक खाता के नियमित केवाईसी नहीं होने पर आधार सीडिंग की समस्या पर चर्चा करते हुए भी उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में योजनाओं के आवेदन के बिंदु पर भी जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निदेश दिया गया कि बैंकों में भेजे गये लंबित आवेदन का जल्द से जल्द निष्पादन करायें।

> स्कूली छात्रों के बैंक खाता खोलने की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कार्य प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला में करीब ढाई लाख स्कूली बच्चों के बैंक खाते खोले जाने हैं।

छात्राओं ने नृत्य व संगीत का मनमोहक कार्यक्रम किया पेश

## छात्रों में सर्टिफिकेट वितरण व मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** लैक्मे अकादमी लालपुर ने गुरुवार को अपना द्वितीया वार्षिक उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में यहां के पूर्व छात्र भी सम्मलित हुऐ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे एपटेक कंपनी के पूर्वी क्षेत्रीय प्रमुख, सुभाशीष महापात्र, वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में यहां के छात्रों ने नृत्य एवं संगीत का एक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि ने छात्रों को उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। पूर्व छात्रों को कोर्स कम्पलीशन सर्टिफिकेट भी प्रदान किया। मैनेजिंग डायरेक्टर संजय मेहता ने कहा छात्र-छात्राएं देश के भविष्य और समाज के लिए रोशनी के प्रतीक हैं। हमारे देश के भविष्य स्टूडेंट्स हैं। देश को समाज को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## 26 नवंबर को केंद्र सरकार की वादाखिलाफी दिवस मनाएंगे अखिल भारतीया किसान संगठन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एआईकेस राज्य कार्यालय रांची में किसान संगठनों के महत्वपूर्ण बैठक अखिल भारतीय किसान संघर्ष समिति के बैनर तले, अखिल भारतीय किसान महासभा के सचिव पूरन महतो की अध्यक्षता में हुई, अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, महासचिव महेंद्र पाठक, झारखंड राज्य किसान सभा के प्रफुल्ल लिंडा, विजेंद्र कुमार, किसान संग्राम समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गोप, राजद के राजेश यादव उपस्थित थे। संयुक्त किसान मोर्चा एवं अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति के आवाहन पर पूरे देश में 26 नवंबर को केंद्र सरकार के वादाखिलाफी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। किसान विरोधी तीनों काला कानून के विरोध में एक साल तक किसान दिल्ली के पांचों बॉर्डर पर पड़े रहे। आखिरकार प्रधानमंत्री को तीनों कानून वापस लेना पड़ा। उत्तर प्रदेश के चुनाव को देखते हुए किसानों से उन्होंने वादा किया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून बनाया जाएगा। किसानों पर किया गया मुकदमा वापस लिया जाएगा । लेकिन प्रधानमंत्री ने देश के किसानों के साथ धोखा किया है। 2 साल बीतने को है, लेकिन सरकार किसानों के किए गए वादे को पूरा करने में विफल रहे हैं। उसके विरोध में झारखंड में 26 नवंबर 2022 को किसान संगठनों की ओर से राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है। जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून बनाया जाए, बिजली बिल 2020 वापस लिया जाए, सुखाड़ घोषित क्षेत्र में अबीलंब राहत कार्य चालू कराया जाए। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू कराया जाए। बंदोबस्त गैरमजरूआ जमीन की रसीद चालू कराया जाए। धान के क्रय केंद्र अविलंब खोलते हुए केरल के तौर पर 2850 रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीद की जाए।

### मोरहाबादी में 24 से 28 नवंबर तक एक्सपो का होगा आयोजन

रांची। जेसीआई रांची द्वारा एक्सपो 24 से 28 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को जेसीआई रांची ने भूमि पूजन के साथ एक्सपो की नींव रखी। भूमि पूजन चीफ कोऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने किया। यह एक्स्पो उत्सव का रजत जयंती वर्ष है। एक्सपो में लगभग 300 से अधिक स्टॉल धारक देश और विदेश से आएंगे। एक्स्पो चीफ को-ऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने बताया कि एक्सपो के पांचों दिन कुछ नया होगा, जैसे फैशन शो, तंबोला, हेल्थी बेबी एंड मोम शो, वॉइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन, एक्सपो ढिंचक ढा जैसे इवेंट होंगे। इस वर्ष एक्सपो में बहुत कुछ नया रहेगा, जैसे कि क्यूआर कोड सिस्टम रहेगा, जिससे कि एक्सपो के अंदर आते ही लोग क्यूआर स्कैन कर सभी स्टॉल की जानकारी ले सकते हैं।

## आरक्षण से वंचित कर सरकार ने अपने पैरों में कुल्हाड़ी मार ली है : राजेन्द्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने पिछड़ी जातियों को नगर निकाय चुनाव में आरक्षण नहीं दिए जाने पर कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि झारखंड सरकार पिछड़ों और सदानों के अधिकारों के खिलाफ खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा एक तरफ सरकार पिछड़ों की आरक्षण को बढ़ाने की बात करती है और जब पिछड़ी जातियों को अधिकार देने की बात आती है तो सरकार पीछे हट जाती है यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है। प्रसाद ने कहा की पंचायतों में पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना चुनाव कराया गया और अब नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना चुनाव कराने से साबित हो गया कि झारखण्ड सरकार पिछड़ी जातियों को उनके अधिकारों से वंचित कर यह साबित कर दी की पिछड़ी जातियों को 27% आरक्षण देने की बात करना सिर्फ धोखा है। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार झारखंडियों के हित में कुछ अच्छा काम करती है तो सामाजिक संगठन के नाते मोर्चा ने उसका स्वागत भी किया है। लेकिन झारखंड की 55%आबादी वाली पिछड़ी जातियों की उपेक्षा करेगी तो मोर्चा इसका घोर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में पिछड़ी जातियों की और सदानों की उपेक्षा बन्द नहीं हुई तो फिर आने वाले समय में इसकी खामियाजा सरकार में शामिल दलों को भी भुगतना पड़ेगा। प्रसाद ने कहा कि निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों को हर हाल में आरक्षण दिया जाना चाहिए था। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों, की विभिन्न मुद्दों व पिछड़ी जातियों की जनगणना, और राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति की सर्वेक्षण कराने की मांग को लेकर मोर्चा अपना आंदोलन तेज करेगा। उन्होंने कहा कि सात जिलों में पिछड़ी जाति का आरक्षण शुन्य है उसमें तुरंत सुधार करने की आवश्यकता है।

## 20 को नागरमल मोदी सेवा सदन में फ्री मेगा ऑर्थो कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची। नागरमल गोदी सेवा सदन में 20 नवम्बर दिन रविवार को फ्री मेगा ऑर्थो कैम्प का आयोजन किया गया है। कैंप सुबह 10:30 बजे से अपराह्न तीन बजे तक आयोजित किया जायेगा। इस कैम्प में सेवा सदन के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद वर्मा, डॉ. जय पलक, डॉ. रोहित कुमार रूंगटा तथा डॉ. निशांत कुमार (स्पाइन सर्जन) अपनी सेवा देंगे। इस शिविर में घुटना, रीढ़, हड्डी इत्यादि से संबंधित समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। कैम्प में आनेवाले मरीजों को निःशुल्क बीएमडी टेस्ट, यूरिक एसिड टेस्ट एवं फिजियोथेरेपी सेवा निःशुल्क दी जायेगी। साथ ही पैथोलोजिकल जांच एवं एक्स-रे जांच में 20 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। सेवा विस्तार समिति के चेयरमेन आलोक तुलस्यान ने अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक लोग आकर इस शिविर का लाभ लें। शिविर से संबंधित अन्य जानकारी के लिए चेयरमेन वरुण जालान मो. न. 9835328456 से सम्पर्क कर सकते हैं।**

### हेहल अंचल की सात एकड़ से अधिक जमीन के म्यूटेशन का आदेश हाईकोर्ट ने किया रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके तहत हेहल अंचल की सात एकड़ से अधिक जमीन का म्यूटेशन करने को कहा गया था। डीसी के इस आदेश को चंदन कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। सभी पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने डीसी के आदेश को रद्द कर दिया।याचिका में कहा गया था कि रांची डीसी छवि रंजन ने नियम विरुद्ध जाकर जमीन की लगान रसीद काटने का आदेश दिया है। डीसी ने अपने पद एवं अधिकारों का दुरुपयोग किया है। बिना किसी पुख्ता दस्तावेज के वैसे व्यक्ति के नाम पर जमाबंदी कायम करने का आदेश दिया, जो उस भूमि का दावेदार नहीं है। याचिका में कहा गया था कि कि हेहल अंचल की खाता संख्या 140 की इस जमीन की गलत तरीके से जमाबंदी की गई है।

झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी ने 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित किया

## लोक कल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टीआरटीसी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है। दिन बृहस्पतिवार को दूसरे चरण के आठवें दिन अर्थात प्रशिक्षण के पंद्रहवे दिन व अंतिम दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का कार्य सोनुआ तथा गोइलकेरा ब्लॉक का दो अलग अलग ट्रेनिंग हाल में कराया गया। प्रथम ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार सहायक प्रशिक्षण चन्द्रेशवर ओझा तथा दूसरे ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी ने किया, जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के पंद्रहवे व अंतिम दिन इस परियोजना के अंतर्गत सोनुआ ब्लॉक के सरंडिया ग्राम (23) एवं बांदोडिह ग्राम (15) और गोइलकेरा ब्लॉक के आराहासा (18) ओर घोड़ाडूबा ग्राम(18) के कुल 74 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल को प्रशिक्षित किया। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों तथा विगत दिनों में पढ़ाये गये विशेषो का पुनः अध्ययन किया गया तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया तथा साथ ही साथ आज प्रशिक्षण समाप्ति के अंतिम दिन सभी लाभुकों को प्रमाण पत्र का वितरण हुआ। विभिन्न सवालों के माध्यम से अब तक अर्जित ज्ञान का परिक्षण भी लिया गया तथा लाभुकों द्वारा पूरे पन्द्रह दिनों के अपने ट्रेनिंग में बिताए अनुभवों को भी साझा किया गया।

### संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को जांच में सहयोग करना चाहिए : प्रतुल

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय के रांची स्थित कार्यालय जाने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से किए गए प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस तरह से पूछताछ से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की है और अपने पत्र को सार्वजनिक किया है उससे कहीं ना कहीं जांच को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को जांच में सहयोग करना चाहिए। लेकिन उन्होंने घोटाले की राशि से लेकर जांच के बिंदुओं पर जो प्रश्न प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये उठाया, यह गलत परंपरा की शुरूआत है। प्रतुल ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री ने आज सार्वजनिक बयानबाजी की है उससे कहीं ना कहीं वह चाहते हैं कि एक पब्लिक ओपिनियन बनाया जाए।

प्रकाशकों को दी गई आरएनआई के नये एसओपी की जानकारी

## आरएनआई नई दिल्ली व पीआईबी रांची के अधिकारियों ने प्रकाशकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन वर्कशॉप का किया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पत्र सूचना कार्यालय, रांची सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा गुरुवार को झारखंड से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों/ पत्रिकाओं के प्रकाशकों के लिए ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप के माध्यम से ऑफिस ऑफ रिजस्ट्रार ऑफ न्यूजपेपर फॉर इंडिया द्वारा सकुर्लेशन वेरिफिकेशन के संबंध में विगत 14 अक्टूबर 2022 को जारी किए गये नये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के बारे में सभी प्रकाशकों एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) को विस्तृत जानकारी दी गई। आरएनआई नई दिल्ली के अपर पेस पंजीयक डॉ. धीरज काकड़िया ने वर्कशॉप के दौरान सभी प्रकाशकों को बताया कि नए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के माध्यम से सभी प्रकाशकों को सर्कुलेशन सर्टिफिकेट लेने में काफी आसानी होगी। एसओपी को काफी सरल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकाशकों को नये सर्कुलेशन सर्टिफिकेट के लिए 60 दिन पहले स्थानीय पीआईबी कार्यालय में आवेदन देना होगा। आवेदन देने के 45 दिनों के भीतर सभी कागजी प्रक्रियाओं को पूरा करने के उपरांत उन्हें प्रमाण पत्र देने का प्रावधान किया गया है। डा. काकड़िया ने नये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत दिए जाने वाले सभी डॉक्यूमेंट्स, सर्टिफिकेट एवं शपथ पत्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ऑनलाइन वर्कशॉप के दौरान कई प्रकाशकों ने इससे जुड़े कई सवाल भी पूछे। ऑनलाइन वर्कशॉप की शुरूआत में पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने सभी प्रकाशकों का स्वागत किया, जबकि इसका संचालन एफपीओ गौरव कुमार पुष्कर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पत्र सूचना कार्यालय के कार्यालय प्रमुख, एफपीओ श्री ओंकार नाथ पांडेय ने किया।

### पांच शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र का नवीकरण जल्द

**रांची।** नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग रांची की ओर से पांच स्थान पर अरबन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का नवीकरण कराया जाएगा। इसके लिए जल्द ही निविदा निकाली जाएगी। वहीं शेष 19 अन्य केंद्र के लिए जल्द ही स्थल निरीक्षण का काम पूरा हो जाएगा। यह व्यवस्था वार्ड स्तर पर स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को लेकर की जाएगी। निगम के नगर आयुक्त शशिरंजन ने इस मसले को लेकर गुरुवार को निगम सभागार में बैठक की। स्वास्थ्य विभाग रांची की टीम के साथ हुई बैठक में निगम क्षेत्र में 24 स्थल पर केंद्र के संचालन के लिए सरकारी भवन को नवीकृत करने के मसले पर चर्चा हुई। नवीकरण का काम 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर राज्य सरकार के निर्देश पर होगा। बैठक में सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी ने बताया कि नवीकरण के लिए पांच स्थल का चयन हो चुका है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नये भवन का उद्घाटन विवि प्रशासन का सराहनीय कदम : अभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक झा के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कुलसचिव से मिलकर विश्वविद्यालय के नये भवन को खोलने एवं वहां कक्षाएं संचालित करने के लिए पुष्पगुच्छ देकर धन्यवाद दिया। मौके पर अभिषेक झा ने कहा कि विश्वविद्यालय में नये सेशन के एडमिशन होने के बाद यहां छात्र-छात्राओं की संख्या अत्याधिक बढ़ गई है जिसके कारण यहां के छात्र छात्राओं को कक्षा में पढ़ाई करने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था साथ ही पुराने बिल्डिंग के कुछ क्लास में बैठने की सही व्यवस्था भी नहीं हो पा रही थी, एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नया भवन खाली पड़ा हुआ था और दूसरी तरफ पुराने भवन में छात्र छात्राओं को बैठने की जगह नहीं मिल पा रहा था जिसको लेकर आजसू छात्रहित नये भवन खोले एवं वहा भी कक्षाएं संचालित करने की मांग को लेकर कई महीनों से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे थे। साथ ही अभिषेक झा ने आगे कहां की विश्वविद्यालय प्रशासन कल झारखंड के स्थापना दिवस के मौके पर विश्वविद्यालय के नए भवन का उद्घाटन कुलाधिपति रमेश बेस से करवाया गया, जिसके लिए आजसू डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन शांडिल्य कुलसचिव नमिता सिंह एवं पूरे विश्वविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती है, साथ ही मांग करती है नये भवन में अब जल्द कक्षाएं संचालित की जाए। विश्वविद्यालय के कुलपति तपन शांडिल्य ने आजसू के सदस्यों से कहा की जिस तरह आपके नए भवन की खोलने की मांग को पूरा किया गया है। उसी प्रकार से जल्द वहां कक्षाएं संचालित की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से रित्विक, बबलू, सागर, रहमान, रोहित, ज्योतिष, दीप राजकुमार, अशफाक के अलावा कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### छाताटाड़ मे कुशवाहा मैरिज हॉल का हुआ उद्घाटन



**सिल्ली।** गुरुवार को लगभग 11:00 बजे छाताटाड़ ऊपर चट्टानी के पास मैरिज हॉल के संचालक सुखराम कुशवाहा के द्वारा कुशवाहा मैरिज हॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद उन्होंने बताया कि यह हॉल सारी सुख सुविधाओं से लैस है। लोग यहां पर बर्थडे पार्टी, शादी या अन्य किसी भी तरह का आयोजन कर सकते हैं। यहां पर किसी भी चीज की कमी नहीं है लोगों को जिस चीज की भी आवश्यकता होगी उसे तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। इस क्षेत्र के लिए यह हॉल पत्थर का मिल साबित होगा। इस अवसर पर हॉल में दो दलों के द्वारा रामायण पाठ का भी आयोजन दिनेश महतो एंड टीम अनगडा और धीरज महतो एंड टीम कोचो के द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर कानतो कुशवाहा, मानिक महतो, रिझू महतो, मधुसूदन कोइरी, गौतम कोइरी ,नेत्रा कोइरी, राजाराम कुशवाहा ,रोबिन कोइरी, सहित दर्जन लोग शामिल थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में पुस्तक मेला का आयोजन

**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य बी पी गुप्ता ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को मोबाईल की दुनिया से निकल कर पुस्तकों की दुनिया में लौटने की जरूरत है। इंटरनेट को पुस्तक का विकल्प बनाना उचित नहीं है। इस अवसर पर बच्चों तथा शिक्षकों के बीच काफी उत्साह देखा गया। पुस्तकालयाध्यक्ष बिकास चंद्रा ने इस मौके पर पुस्तकों के महत्त्व एवं इसके उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की तथा पूरे सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर दीपांकर हल्दर, संजय टोप्पो, वीरभान सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### संसद भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए सिमडेगा की नेहरू युवा केंद्र की छात्रा की हुई चयन

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद के विजेताओं में से नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा की रजनी लुगुन को देश की संसद भवन में शनिवार को आयोजित भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर पे टू होमेज टू नेशनल लीडर्स (राष्ट्रीय नेताओं को नमन) कार्यक्रम में भाग लेने हेतु चयन किया गया है। रजनी झारखंड की पारंपरिक परिधान में कार्यक्रम में भाग लेंगी। कार्यक्रम में रजनी का चयन होना पूरे सिमडेगा जिले के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र, सिमडेगा के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि रजनी सिमडेगा के सुदूरवर्ती क्षेत्र जलडेगा के लोम्बोई की निवासी है। वह पिछले वर्ष आयोजित जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम की विजेताओं में रहीं हैं। इनकी इसी प्रतिभा को देखते हुए संसद भवन में स्व इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### मुखिया ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो पंचायत अंतर्गत सेमरा गांव के वार्ड संख्या 8 में मुखिया नीरज कुजूर के द्वारा वृद्धजनों के बीच में बढ़ती हुई ठंड से निजात दिलाने हेतु कंबल का वितरित किया गया। मौके पर मुखिया ने वृद्धजनों से अन्य जानकारी भी ली। एवं उनके समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर वार्ड सदस्य सह उप मुखिया विजय उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुभाष उरांव, चारो उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुखिया ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस व जुता का किया वितरण

बेड़ो। प्रखंड के तुतलो पंचायत में गुरुवार को राजकृत प्राथमिक विद्यालय चापाडीह में मुखिया गंगी कुमारी और मुखिया प्रतिनिधि कुलदीप उरांव ने स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच स्कुल ड्रेस और जूता का वितरण किया। विधायल के कक्षा पहला और दूसरा कक्षा के 20 छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक बांटा। वही 11 छात्र-छात्राओं के खाता में पोशाक के लिए पैसा डाला गया। वहीं बाकी बचे छात्रों के दूसरे और तीसरे फेज में खाता में पैसा डाला जायगा। इस मौके पर शिक्षक पारसनाथ सिंह मुंडा ने बताया कि विद्यालय में 52 छात्र-छात्राएं है और एक ही शिक्षक है। जिसपर मुखिया प्रतिनिधि कुलदीप उरांव ने बीआरसी से बात करने की बात कही। मौके पर स्कुल प्रबंधक समिति के सिद्दीक खान, रसोईया संजिदा खातुन, अनिता तिग्गा, सतीश सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्कूली छात्र-छात्राओं को फ्यूचर वोटर्स के रूप में किया गया प्रशिक्षित

# छात्र-छात्राएं फ्यूचर वोटर्स के रूप में देश की तकदीर बदल सकते हैं : अमित कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु के दिशा निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक सह कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार ने मोबाइल ऐप के माध्यम से वोटर हेल्पलाइन, युवा मतदाताओं की भूमिका तथा प्रपत्र छह, प्रपत्र सात व प्रपत्र आठ के संदर्भ में जानकारी दी। अमित कुमार ने कहा कि युवा वोटर के रूप में जुड़कर छात्र-छात्राएं देश का



तकदीर बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा सबसे आगे हैं इसके बावजूद मतदाता सूची में पंजीकरण करने में झिझक कैसी ? उन्होंने कहा कि सोचना छोड़िए और मोबाइल उठाइए और एप के माध्यम से जुड़ जाइए। उन्होंने बताया कि युवा वोटर प्रपत्र छह भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने गांव में जाकर छात्र-छात्राएं मतदाता सूची में सम्मिलित, मृत, स्थानांतरित, दोबारा प्रविष्टि, योग्यता नहीं रखने वाले मतदाताओं का नाम हटाने के लिए अलग अलग प्रपत्र सात भरने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं है। इस दौरान 17 वर्ष के छात्र छात्राओं को फ्यूचर वोटर की संज्ञा देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। अमित कुमार ने कहा कि मतदाताओं की मदद के लिए प्रत्येक बूथ में बीएलओ तैनात होते हैं। उनकी मतदाता पुनरीक्षण कार्य में खासकर विशेष अभियान के तहत मतदान केंद्रों में लोगों को जागरूक करने की जिम्मेवारी भी उनके कर्तव्यों में शामिल है। इस मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर कुलदीप साहु तथा वरीय शिक्षक दीपक कुमार ने भी छात्र छात्राओं को लोकतंत्र की प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं को बताया गया कि मतदाता सूची में गलत नाम, उम्र, संबधी का नाम, फोटो पता आदि सुधार की दिशा में प्रपत्र 8 भरकर अशुद्धियों को दूर किया जा सकता है। उधर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने बताया कि युवा मतदाताओं खासकर 17 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवाओं के बीच मतदाता सूची में जुड़ने को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### आजसू ने निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** आजसू पार्टी के सिमडेगा जिला अध्यक्ष धुपेंद्र पांडे की अगुवाई में राज्यपाल के नाम उपायुक्त सिमडेगा को ज्ञापन सौंपा उक्त ज्ञापन में कहा राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किए जा रहे हैं। यानी निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है। पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। इसी अभियान के तहत आज जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी वर्ष मई महीने में बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। ऐसा झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ। आजसू पार्टी का मानना है कि यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार कभी गंभीर और संवेदनशील नहीं रही। लगातार आवाज उठाए जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिलों में निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। । उन्होंने मांग की ओबीसी को भी निकाय चुनाव में उन्हें मौका मिले। मौके पर कोषाध्यक्ष विक्रांत कुमार ,सचिव विकास बड़ाइक उपाध्यक्ष अनिल मेहर जिला विशाल डेनिस बड़ा,मीडिया प्रभारी रंजन महतो, अन्य लोग उपस्थित थे ।

### छात्रों के बीच किट तथा स्कूल ड्रेस व स्वेटर का वितरण

# सरकारी स्कूल के बच्चों के प्रति जब सरकार गंभीर है तो हमें भी आगे आना होगा : चरकु

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लालगंज स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगंज में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच विद्यालय किट का वितरण किया गया। वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच पोशाक के रूप में दो सेट स्कूल ड्रेस और स्वेटर का वितरण किया गया। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगंज में किट का वितरण विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चरकू साहु ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार छात्र-छात्राओं के विकास उनके पठन-पाठन की व्यवस्था तथा गुणवत्ता युक्त शिक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने



कहा कि सरकारी विद्यालयों में सरकार के द्वारा कई प्रकार के निशुल्क सेवाएं और सुविधाएं दी जाती है। जब सरकार इतनी गंभीर है तो हमें भी पूरे गांव वालों को खासकर अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य के बारे में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधान शिक्षक अनूप रंजन कुजूर, जलेश्वर खेरवार, सहायक अध्यापक बाबू राम भगत, लक्ष्मीनाथ बड़ाईक, रेनू देवी सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच पोशाक तथा स्वेटर का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान शिक्षक जोसेफ बृजिया ने किया। पोशाक का वितरण वार्ड सदस्य सुखदेव उरांव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंचमणी उरांव, गांव की समाजसेवी रजनी केरकेट्टा सहित कई लोगों ने पोशाक का वितरण किया। प्रधान शिक्षक के द्वारा बताया गया कि कुल 28 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस और स्वेटर का वितरण किया गया।

### लोहरदगा-रांची मेमू ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के कुटमू रेलवे फाटक के पास लोहरदगा रांची मेमू ट्रेन चंदवा जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति कुटमू रेलवे फाटक के पास चलती ट्रेन से गिरने गंभीर रूप से घायल हो गए। वही बता दे कुटमू रेलवे फाटक के पास कुछ स्थानीय लोग धान काट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर घायल हो गए हैं। इसके पश्चात लोगों ने 108 एंबुलेंस से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां युवक कि गंभीर हालत को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायल की पहचान चंदवा निवासी साबिर अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र इमरान अंसारी के रूप में किया गया है। बताया गया कि वो लोहरदगा रांची मेमू ट्रेन में बेदाम बेचने का कार्य करता था।


Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा e-Tender Reference No -RCD/FSD /AP/RAN/21/22-23 Dated 16.11.2022 जिसका पी०आर०न० 282398 Road (22–23) D है, जिसमें Category II के स्थान पर Category I पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, क्षेत्र
प० नि० वि०, राँची

PR 282554 Road (22-23)_D


### निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर निकाली मशाल जुलूस, बोले वक्ता

# ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है राज्य सरकार

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश साहू का नेतृत्व में नगर पंचायत के चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने को लेकर सिमडेगा जिला मुख्यालय में झूलन सिंह चौक से लेकर महावीर चौक तक पूरे कार्यकताओं के साथ मशाल जुलूस निकाला गया। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश साहू ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव कराने से पहले राज्य सरकार को ओबीसी को आरक्षण देना होगा। राज्य सरकार हमेशा ओबीसी मोर्चा के साथ सौतेला व्यवहार करते आ रही है। हमेशा ठगने का काम कर रही है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने कहा की राज्य सरकार पहले पूरे राज्य में ओबीसी को पहले आरक्षण दे पहले आरक्षण देने की घोषणा करें फिर जाकर नगर पंचायत



के चुनाव कराए हम इसका घोर निंदा करते हैं ।ओबीसी को केवल चुनाव के समय तरह-तरह के वादे करके दिग्भ्रमित करके केवल वोट लिया जाता है ।आज जब उनका हक देने की बात होती है तो उनको दरकिनार किया जाता है अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक ओबीसी को आरक्षण नहीं मिलेगा तब तक हम लोग का मांग जारी रहेगा और हम पुरजोर विरोध करते रहेंगे ।भारतीय जनता पार्टी सड़क से लेकर सदन तक ओबीसी को आरक्षण देने को लेकर गंभीर है। मशाल जुलूस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला कोषाध्यक्ष ,नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद, महिला जिला सावित्री देवी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ,नंदनी दास ,पिंकी रानी, फुल सुंदरी देवी ,दीपिका कुमारी, शिखा अग्रवाल, श्री लाल साहू ,नवीन सिंह अशोक रजक, श्रद्धानंद बेसरा, रामविलास बड़ाईक, दीप नारायण दास घनश्याम सिंह ,राजेंद्र बड़ाईक सतीश पांडे, दिलीप साहू एवं भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


CIVIL SURGEON CUM CMO KHUNTI

Letter No.................. Khunti,Date.................

Appointment Of Concurrent Auditor for FY-2022-23

Very Short Notice Towards Request For Proposal

District Health Society (DHS) seeks to invite proposal from CA firms meeting the minimum eligibility criteria for the concurrent audit of District Health Socity and all Blocks thereunder implementing various programme under the National Health Mission. Jharkhand for the Financial Year 2022-23

Intereted eligible bidders can submit the proposal with the officers of Civil Surgeon-CumChief Medical Officer of the District Khunti . The technical & financial evaluation and slection process shall be done by officer of Civil Surgeon-Cum-CMO, Khunti

Important Dates for Selection process

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Contact Person for Clarification | Civil Surgeon & District Account Manager (NHM) |
| 2 | Last Date of submission of Proposal to DHS | 24/11/2022 |
| 3 | Date of Opening of Technical bid at DHS | 25/11/2022 |
| 4 | Date of Opening of Financial Bid at DHS | 25/11/2022 |

Note-RFP document can be downloaded from www. Khunti.nic.in

Civil Surgeon-Cum-CMO
Khunti

PR 282478 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23*D


### नारायण सेवा समिति ने जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का किया वितरण

**बरवाडीह।** प्रखंड केड़ पंचायत के ग्राम बांग्ला टोला में नारायण सेवा समिति सतबरवा के द्वारा जरुरतमंदों को साड़ी, धोती, गर्म वस्त्र वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति द्वारा ग्रामीणों व जरूरतमंद लोगों के बीच में नियमित रूप से संग्रह कर वस्त्र वितरण करने का कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड के केड़ पंचायत के बांग्ला टोला में संस्था के संरक्षक निर्दोष कुमार द्वारा गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच बारी बारी से संग्रह किया हुआ पुराना कपड़ा वितरण किया गया। कार्यक्रम में निर्दोष कुमार ने कहा कि उनका यह कार्यक्रम नियमितरूप से जारी रहेगा। इस तरह के आयोजन से गरीब और जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना संस्था का मुख्य उद्देश है। उन्होंने कहां की गरीबों की सेवा करना एवं वस्त्र वितरण करना एकपुण्य का काम है।

# टाटा हिताची भारत की सर्वप्रमुख निर्माण मशीनरी कंपनियों में सबसे बड़ी उत्खनन उपकरण कंपनी है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** टाटा हिताची का परिचयः टाटा हिताची भारत की सर्वप्रमुख निर्माण मशीनरी कंपनियों में एक और सबसे बड़ी उत्खनन उपकरण कंपनी है। यह टाटा मोटर्स और जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी (एचसीएम) का संयुक्त उद्यम है। एचसीएम से यह साझेदारी 1984 से है और आज यह भारत का सबसे लंबी अवधि का संयुक्त उद्यम है। कंपनी के उत्पादन केंद्र धारवाड़ और खड़गपुर में हैं और पूरे देश में 250 से अधिक ग्राहक सेवा संपर्क केंद्र हैं। 1961 में टाटा इंजीनियरिंग एण्ड लोकोमोटिव कंपनी (टेल्को) के निर्माण उपकरण प्रभाग के रूप में कंपनी का गठन किया गया। आज कंपनी के पोर्टफोलियो में मिनी एक्सकेवेटर, कंस्ट्रक्शन एक्सकेवेटर, माइनिंग एक्सकेवेटर, बैकहो लोडर, व्हील लोडर और डंप ट्रक के अलावा अटैचमेंट, पार्ट्स की बड़ी रेंज और एक्सपर्ट सर्विस सॉल्यूशन हैं। टाटा हिताची भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर और माइनिंग कार्यों




के लिए विश्व-स्तरीय कंस्ट्रक्शन उपकरणों की सर्वप्रमुख कंपनी है। टाटा हिताची ने जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी के सहयोग से अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पेश करते हुए भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर और माइनिंग सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभाई है। कंपनी आईएमएमई 2022 में भाग ले रही है और हिताची के दमदार माइनिंग एक्सकेवेटर मॉडल और नई पेशकश स्वदेशी व्हील लोडर 25-6 प्रदर्शित करेगी। इसके अलावा ड्रम कटर मॉडल केडीसी 45, क्विक कपलर मॉडल रेंज 11 जैसे अटैचमेंट और फिर माइनिंग मशीनरी के पार्ट्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। पैरेंट कंपनी - हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी कंपनी लिमिटेड, जापान - माइनिंग एक्सकेवेटर और रिजिड डंप ट्रकों की टेक्नोलॉजी को लगातार बेहतर बना रही है। आईएमएमई 2022 प्लैटफॉर्म पर अपनी इन क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए टाटा हिताची ईंधन खपत अनुकूलन (एफसीपी) तकनीक युक्त उच्च क्षमता वाले इलेक्ट्रिक ड्राइव डंपर और ईएक्स-7 सीरीज के बड़े माइनिंग एक्सकेवेटर के बारे में जानकारी देगी।

### ग्राहकों के खनन कार्यों के लिए सबसे भरोसेमंद है टाटा हिताची

टाटा हिताची हमारे ग्राहकों के खनन कार्यों के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय भागीदार रहा है। इसकी वजह हमारी बहुत टिकाऊ और लाभदायक मशीनें, विश्व स्तरीय सेवा समाधान देने की हमारी क्षमता के साथ-साथ फुल मेंटेनेंस कंट्रैक्ट जैसी हमारी सुविधाएं हैं। आईएमएमई 2022 हमारे लिए उद्योग जगत के सभी भागीदारों से जुड़ने और खनन क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करने का प्लैटफॉर्म है। टाटा हिताची अपने फुल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट्स (एफएमसी) जैसे सेवा करार के साथ ग्राहकों को चौबीसों घंटे साइट पर सेवाएं देती है। मशीन का अपटाइम सुनिश्चित करने और कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए अत्यधिक कुशल और प्रशिक्षित सेवा टीम के साथ पार्ट्स वेयरहाउस की सुविधाएं उपलब्ध हैं। टाटा हिताची ऑपरेटरों को प्रशिक्षण देने में सदैव आगे रही है ताकि उनका खनन मशीन संचालन कौशल बढ़े। टेक्नोलॉजी अपग्रेड होने से मशीनें तो अधिक सक्षत हो जाती हैं पर अक्सर मशीनें उपयोग करने के लिए ऑपरेटर का कौशल अपग्रेड नहीं होता है इसलिए उन्हें प्रशिक्षित करना आवश्यक है। इसके लिए टाटा हिताची ने खड़गपुर और धारवाड़ में कौशल विकास केंद्र और संचालक प्रशिक्षण स्कूल स्थापित किए हैं जहां व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।


कार्यालय
झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर
गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com
फोन नं0/फैक्स नं० - 06553-231133,

शुद्धि पत्र

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2022-23)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना रामगढ़ का कार्यालय पत्रांक-SSA-R/22-23/674, दिनांक-07.11.2022 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन जिसका PR No. 281646 है, में आंशिक संशोधन करते हुए रामगढ जिला अंतर्गत संचालित 4 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों, 02 झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू के लिए सत्र 2022-23 (31 मार्च 2023 तक) में खादय-सामग्री पठन-पाठन, लेखन सामग्री स्टेशनरी एवं दैनिक उपयोग की सामग्री के आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की गई है। अपरिहार्य कारणों से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि को 17.11.2022 से बढ़ाकर दिनांक-21.11.2022 तक तथा निविदा समर्पित करने की तिथि 21.11.2022 से बढ़ाकर दिनांक-25.11.2022 तक किया जाता है। दिनांक-25.11.2022 को 01:00 बजे अपराह्न तक निविदा जमा लिया जाएगा तथा दिनांक-25.11.2022 को अपराह्न 02:00 बजे समग्र शिक्षा अभियान, राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ कैंट में निविदा खोला जाएगा। निविदा से संबंधित शेश शर्तें यथावत रहेगी।

ह०/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR 282583 District(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### श्रमदान कर ग्रामीणों ने बनायी सड़क वोट मांगने वालों को देंगे मुंहतोड़ जवाब



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल पंचायत चेचकपी के ग्राम धोबारी में ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क बनाई। विदित हो कि आजादी के सात दशक बाद भी यहां के लोग सड़क मार्ग से वंचित हैं। रोजमर्रा की सामग्री की खरीददारी के लिए इन्हें बरकट्ठा बाजार आना पड़ता है लेकिन रास्ते में लगभग 2 किलोमीटर जंगल से होकर इन्हें गुजरना पड़ता है। वही आपसी सहमति से ग्रामीणों ने सड़क बनाने का कार्य प्रारंभ किया और मिट्टी मोरम देकर लगभग दो किलोमीटर तक सड़क बनाई। सड़क निर्माण कार्य धोबारी से लेकर पिपराही मोड़ तक किया गया। वहीं धोबारी के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के रवैया से बेहद नाराज दिखे। ग्रामीण ललन कुमार सिंह का कहना है कि जनप्रतिनिधि वोट मांगने आएंगे तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे ।उनकी गाड़ियों को गांव तक घुसने नहीं देंगे। सड़क के लिए हम लोगों ने कई जनप्रतिनिधियों को कहा लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। श्रमदान कर सड़क बनाने वालों में भुनेश्वर सिंह, दिनेश सिंह, राजू सिंह, बसंत सिंह, पुनीत सिंह, सुदामा देवी, सुनीला देवी, झालो देवी, आरती देवी समेत दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

### अर्द्धनिर्मित सड़क से उड़ते धूल व अन्य समस्याओं को लेकर सीओ को ज्ञापन



**बरही।** सामंतों पंप के नजदीक जीटी रोड और ओल्ड जीटी रोड फॉरेस्ट ऑफिस के समीप इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग के पास बने पुल पर सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य आधा अधूरा करके छोड़ दिया गया है। जिससे आम लोगो को आवागमन एवं धूल से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर स्कूल जानेवाले नन्हे मुन्ने बच्चे इससे ज्यादा परेशान हैं। धूल के कारण आसपास के लोगो का घर पूरी तरह से धुलमय बना रहता है। जिससे कई लोग बीमार हो रहे है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है। कुछ ही दिन पूर्व अर्ध निर्मित शर्ट के कारण एक ट्रक का घर में घुसने से घर का सामने का हिस्सा ढह गया। इस बाबत विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप एवं प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार साहू के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो से मिलकर ज्ञापन दिया। साथ ही अर्धनिर्मित सड़क को अति सिंह पूरा करने का मांग किया। शिष्टमंडल में रघुनंदन यादव, यमुना यादव, अनिल ठाकुर, बिट्टू यादव, पंकज कुमार, उमेश कुमार सिंह, सुभाष यादव आदि शामिल थे।

### क्षेत्रीय उप निदेशक ने अनुमंडल अस्पताल का लिया जायजा, दिए कई निर्देश

**बरही।** क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ सिद्धार्थ सन्याल के द्वारा अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण किया गया। जानकारी देते हुए अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि यह उनका पहला निरीक्षण था। इस दौरान उनके साथ सीएस डॉ सरजू प्रसाद सिंह सहित विभिन्न विभाग के कई पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद थे। आरडीडी एवं उनकी टीम के द्वारा अस्पताल के सभी विभागों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने कई आवश्यक निर्देश भी दिया। डीएस ने बताया कि उनके समक्ष अल्ट्रासोनोग्राफी, आर्थो सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से संबंधित विभिन्न समस्यायो को बताया गया। जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल करते हुए सीएस को डॉ इंद्रजीत को इस कार्य के लिए जिम्मेवारी देने की बात कही। जिससे अस्पताल में शीघ्र अल्ट्रासोनोग्राफी प्रारंभ होने की उम्मीद जगी है। उनके द्वारा वार्डो का भी निरीक्षण कर मरीजों से भी बात की गई। निरीक्षण के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के व्यवस्था से आरडीडी संतुष्ट दिखे।

### विद्यालय परिसर में लगे 178 हरे वृक्षों की कटाई की प्रक्रिया प्रारंभ, वृक्षों की हुई नंबरिंग

**बरही।** जीटी रोड करियातापुर स्थित अनुसूचित जाति विद्यालय के परिसर में लगे 1701800 सेमी के कुल 178 हरे युक्लिपटस वृक्षों की कटाई की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह ने बताया कि उक्त सभी वृक्ष विद्यालय या छात्रावास भवन के बगल में स्थित है। जिससे बरसात एवं आंधी तूफान में गिरने की संभावनाएं बनी रहती है। कुछ वृक्ष विद्यालय भवन पर गिरने से भवन को क्षति भी पहुंचा चुके है। इन वृक्षों से सदैव जानमाल का भय बना रहता है। इसी के मद्देनजर वन विभाग को वृक्षों की कटाई हेतु पत्र भेजा गया था। जिसके निर्देशानुसार वृक्षों में नंबर डाले जा चुके है। अनुमति मिलते ही काटने का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। रेंजर कमलेश सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापक के पत्र के आलोक में सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम उठाया जा रहा है। जिसका अंतिम आदेश हेतु डीएफओ को भेजा जा चुका है, आदेश मिलते ही वृक्षों की कटाई प्रारंभ किया जाएगा। वृक्षों की अनुमानित लागत के के पूछे जाने पर इन्होंने बताया कि इसका निर्धारण निगम द्वारा किया जायेगा।

### आठ दिवसीय योग शिविर संपन्न

**बरकट्ठा।** शिलाडीह पंचायत स्थित काली मंडा परिसर में आयोजित आठ दिवसीय योग शिविर का समापन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया ।इस दौरान योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद ने कहा कि आठ दिवसीय योग प्रशिक्षण जो प्रस्तुत किया गया उसे हर हाल में अपने अपने घरों में नित्य दिन करें तथा आस-पड़ोस के लोगों को भी योगाभ्यास बताएं। इस प्रकार का कार्यक्रम अब हम लोग किसी दूसरे पंचायत या गांव में कराएंगे। वही सहयोगी योग शिक्षक रविंद्र पांडेय ने कहा कि योग से ही हम स्वस्थ रह सकते हैं ।यह प्राकृतिक उपचार है जो हमें ऊर्जावान बनाए रखता है तथा कई बीमारियों से दूर रखता है ।बताते चलें कि यह आठ दिवसीय योग शिविर का आयोजन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों के द्वारा कराया गया। योग शिविर के समापन के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सभी सदस्य के अलावे ग्रामीण अर्जुन पांडेय,पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी,पूर्व पंसस प्रतिनिधि लोकनाथ राणा,श्याम सिंह,किशोर सिंह,संजय लामा,सुरज देव प्रजापति, नारायण मोदी, दीपक पांडेय समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

---

डीसी ने किया गोला प्रखंड का दौरा, डीएमएफटी मद से निमार्णाधीन पुल व आंगनवाड़ी केंद्र में हुए कार्यों का लिया जायजा

# रचनात्मक तरीके से बच्चों को शिक्षा देने व सरकार की सभी सुविधाएं ससमय बच्चों को उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

▸▸ उत्क्रमित मध्य विद्यालय चोकरबेड़ा का औचक निरीक्षण कर हुई बच्चों से रूबरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को जिले के गोला प्रखंड का दौरा किया। मौके पर उन्होंने सबसे पूर्व सोसोकला पंचायत में डीएमएफटी मद से निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण कर अब तक हुए कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने पुल के अप्रोच रोड का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए आम जनों के लिए पुल को शुरू करने का निर्देश दिया। सोसोकला पंचायत के उपरांत उपायुक्त ने नावाडीह पंचायत में डीएमएफटी मद से निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए संवेदक को ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वही इसके लिए उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल का निरीक्षण कर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नावाडीह पंचायत में मध्य विद्यालय चोकरबेड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों से रूबरू हुई एवं लंबा समय उनके साथ व्यतीत किया। उपायुक्त ने बच्चों से उनकी शिक्षा एवं विद्यालय के माध्यम से उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जो भी सुविधाएं बच्चों को दी जानी है उन्हें बच्चों को ससमय उपलब्ध कराने एवं रचनात्मक तरीके से बच्चों को शिक्षा देने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, डीएमएफटी टीम लीड एवं सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

### अपहरण का मामला, युवती रांची से हुई बरामद

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना क्षेत्र धरगांव निवासी विनोद पाण्डेय की पुत्री को पुलिस ने 16 नवंबर को सकुशल रांची से बरामद कर लिया। जानकारी हो कि विगत 12 नवंबर को युवती के अपहरण को लेकर उसके पिता ने नवलशाही थाना मे मामला दर्ज कराते हुए कहा था कि दिनांक 12 नवंबर को समय करीब 3 बजे उनकी 17 वर्षीय बेटी अपने घर से शौच करने के लिए खेत की ओर निकली थी जो शाम तक घर वापस नहीं आई। तब उन लोग सभी परिवार अगल-बगल खोजबीन किये थे। आवेदन मे युवती के पिता विनोद पाण्डेय ने आरोप लगाया था कि मेरे ही गांव के परमानंद गिरी उम्र करीब 22 वर्ष पिता संतोष गिरी अपने परिजन के सहयोग से अपहरण किया। वहीं उक्त मामले को लेकर तत्वरित कार्रवाई करते हुए युवक युवती को नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने रांची से बरामद कर मेडिकल जाँच हेतु कोडरमा भेज दिया है। वहीं जाँच पड़ताल के बाद 164 बयान हेतु न्यायालय भेजा जाएगा।

## प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में आगाज हुआ दो दिवसीय 'खेलो झारखंड 22- 23'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बुधवार से दो दिवसीय 'खेलो झारखंड 22-23' कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में खेलकूद एवं एथलेटिक्स का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में दौड़ ऊंची कूद, लंबी कूद आदि सहित जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, बाधा दौड़ इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। विदित हो कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा सभी विद्यालय प्रधान को पूर्व में ही निर्देश दिया जा चुका है। जानकारी देते हुए भी बीपीएम अरुण कुमार ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को आयोजित किए गए कार्यक्रम में सफल विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर से मेडल व प्रमाण पत्र दिए जायेंगे। जिन्हे 23 और 24 नवंबर को प्रखंड स्तर पर आयोजित खेल कूद कार्यक्रम में भाग लेना होगा। प्रखंड स्तर पर सफल प्रतिभागियों को 28 से 30 नवंबर को जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेना होगा, जिन्हे 13 से 15 दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। जहां खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के द्वारा प्रतिभाओं का चयन करना है।

## ट्रक व ट्रेलर मालिकों ने झारखंड सरकार के खिलाफ किया नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** राज्य में नागालैंड एवं अन्य राज्यों से निबंधित वाहनों से अतिरिक्त टैक्स वसूली को लेकर बरही के ट्रक व ट्रेलर मालिकों ने कड़ा विरोध किया है। गुरुवार को गया रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास वाहन मालिकों के द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन की गई। वाहनमालिकों का कहना था कि झारखंड राज्य की तुलना में नागालैंड र में 28000 रुपए कम लगते है और पंजीकरण भी सुगमता से होता है जबकि झारखंड में पंजीकरण में ट्रक मालिकों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। पंजीकरण में महीनो लग जाते है। इनलोगो ने यह भी बताया कि सभी वाहन मालिको ने टीआर लेने के बाद ही नागालैंड राज्य से वाहनों को पंजीकृत करवाया है ।बाबजूद राज्य सरकार के निर्देश पर डीटीओ के द्वारा वाहन पकड़कर मालिकों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। जिससे कई वाहन मालिक अपनी गाड़ी खड़ा कर चुके हैं। नतीजा उन्हें किस्त चुकता करने, स्टाफ का भुगतान एवं अन्य कार्यों में परेशानी हो रही है। उनका व्यवसाय बंद होता नजर आ रहा है। मामले को लेकर कुछ दिन पूर्व वाहन मालिकों के द्वारा स्थानीय विधायक से भी शिकायत की गई थी। विधायक ने भी ट्रक मालिको की मांग को जायज बताया था। परंतु इस संबंध में अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। वाहन मालिको ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में झारखंड की अपेक्षा छः रुपये प्रति लीटर डीजल कीमत मत कम है। जिससे ज्यादातर ट्रक यूपी क्षेत्र में ही डीजल लेते है। सरकार से मांग किया कि पंजीकरण एवं तेल शुल्क कम किया जाए जिससे झारखंड का राजस्व दूसरे राज्य में नही जाए। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि राज्य सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है तो बरही के सभी ट्रक मालिक अपनी गाड़ियां बरही चौक पर खड़े कर अनिश्चितकालीन धरना के लिए बैठ जाएंगे। प्रदर्शन करने वालों में फहीम खान, अलाउद्दीन अंसारी, गोपाल प्रजापति, इरफान खान, ब्रह्मदेव यादव, अनिल साव, प्रदीप यादव आदि शामिल थे । मौके पर प्रदर्शन को समर्थन देने वाले में भाजपा नेता अर्जुन सा भी शामिल थे।

### खेलो झारखंड के तहत सरकारी विद्यालयों में खेल कूद का आयोजन

**बरकट्ठा।** खेलो झारखंड को लेकर गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में खेल कूद का आयोजन किया गया।



बताया गया कि बच्चों में खेलकूद के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय स्तर पर यह आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया। आयोजन को लेकर बीईईओ किशोर कुमार ने बताया कि विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम 18 नवंबर, प्रखंड स्तर पर 23 और 24 नवंबर तथा जिला स्तर पर 28 से 30 नवंबर तक इस कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित किया गया है। विदित हो की खेलकूद का आयोजन दो समूह, सीनियर और जूनियर में किया जा रहा है ।जूनियर समूह में 50 मीटर दौड़ ,बोरा दौड़, जलेबी रेस, म्यूजिकल चेयर आदि खेल कराए जा रहे हैं। वहीं सीनियर समूह में सौ मीटर, दो मीटर,चार मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद के अलावा अन्य खेल कराए जा रहे हैं। वहीं समाजसेवी समीम अंसारी ने विद्यालयों का भ्रमण कर खेल आयोजन का जायजा लिया तथा नव प्राथमिक विद्यालय झंडवा टांड़ में फुटबॉल का वितरण किया।

## राज्य महिला आयोग के कार्य नहीं करने से महिलाओं को हुई परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** राज्य में महिला आयोग करीब पिछले दो वर्षो से शिथिल है। आयोग बिना अध्यक्ष का है, कुछेक कर्मियों के भरोसे आयोग चला रहा है। महिलाओ की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अरूणा रानी ने बताया कि आज के इस विपरीत परिस्थिति में महिलाओ को न्याय दिलाने व सहायता प्रदान करने वाली राज्य की एक मात्र संस्थान महिला आयोग का पिछले दो वर्षो से निष्क्रिय रहना महिलाओं के सुरक्षा के अधिकार में हनन है। पूर्व अध्यक्ष कल्याणी के कार्यकाल में ही लगभग चार हजार मामले लंबित थे। लॉक डाउन में भी हजारों मामले पोस्ट के माध्यम से पहुंचे, परंतु किसी पर कोई करवाई नही हुई । जो चिंता का विषय है। इसका मुख्य कारण अध्यक्ष और सचिव जा नही होना, कुछेक कर्मचारियों के सहारे आयोग का संचालन होना। आयोग में वरीय पदाधिकारियों की कमी ने राज्य की महिलाओ को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि



यह ही एक मात्र संस्थान है जहां महिला अपना दर्द स्वतंत्रता पूर्वक रख सकती है। परंतु सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया के करना महिलाओ के आवाज दबे है। दुष्कर्म, हत्या, आत्महत्या, दहेज आदि जैसे कई घटनाएं बढ़ी है। कुछ महिलाएं भयवश तो कुछ लज्जावश अपनी व्यथा दूसरे तक नही व्यक्त कर पाती है। आयोग के गठन वर्ष 1992 के बाद कई परिवारिक समस्याओं का भी समाधान किया गया था। महिला किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में है, राज्य सरकार को महिलाओ की सुरक्षा और न्याय को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए इसे अतिशीघ्र सुव्यवस्थित करनी चाहिए।

## बाल दिवस पर पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

### सूरज कुमार राना को मिला बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड 2022




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में बाल दिवस एवं झारखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक सत्येंद्र प्रसाद एवं प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने पंडित नेहरू एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। संस्था के निदेशक ने कहा चाचा नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे इसलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। चाचा नेहरू का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान था। प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने कहा कि बच्चों के अंदर सृजनात्मक क्षमता का भंडार होता है अतः हम शिक्षकों का यह कर्तव्य बनता है की उन बच्चों को एक सही माहौल प्रदान करें कि वह बच्चे सही मार्ग पर आगे बढ़कर देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवसर पर संस्था के छात्र सूरज कुमार राणा को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड 2022 घोषित किया गया।

पुरस्कार के रुप में उसे साइकिल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि सूरज विद्यालय का एक अनुशासित होनहार विद्यार्थी है पढ़ाई में हमेशा अव्वल आता है, साथ ही साथ कला एवं नृत्य, पेंटिंग में भी उसका प्रदर्शन पूरे वर्ष शानदार रहा इसलिए उसे बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड के लिए चुना गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन शिक्षक बबलू कुमार कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद,प्रबंधक राजेश कुमार यादव एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हकमारी के विरोध में रामगढ़ में आजसू ने धरना प्रदर्शन का किया आयोजन

# निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है, जिससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है : विजय साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हकमारी के विरोध में 17 नवंबर को आजसू पार्टी केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहू, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, जिप सदस्य तापेश्वर महतो, भोला तुरी, हाजी रफीक अनवर, इंतेखाब आलम, जिला सचिव लालचंद महतो, अनुज तिवारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी एवं संचालन नगर परिषद कमेटी अध्यक्ष राजेश महतो ने किया। मौके पर विजय साहू ने बताया कि निकाय चुनाव में ओबीसी के हितों को लेकर आजसू पार्टी सरकार से अविलंब हक और अधिकार सुनिश्चित करने की मांग कर रही है। राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किया जा रहा है। कहा निकाय चुनाव में ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है। पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष मई महीने में बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। ऐसा झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ। जबकि मनोज कुमार महतो ने बताया कि आजसू पार्टी का मानना है कि यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार कभी गंभीर और संवेदनशील नहीं रही। लगातार आवाज उठाए जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिलों में निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पंचायत चुनाव से पहले ट्रिपल टेस्ट कराने तथा पिछड़ों को उनका वाजिब हक दिलाने हेतु आजसू पार्टी ने विभिन्न स्तरों पर आवाज मुखर की। लेकिन सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। कहा कि हाल ही में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्पाल रमेश बैस से राजभवन में मिलकर इस मुद्दे पर ज्ञापन सौंपते हुए पिछड़ों के साथ लगातार होती अनदेखी के बारे में विस्तार से चर्चा की है और तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। इससे पहले गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि अगले चुनाव के पूर्व ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया शुरू की जाए तथा ओबीसी के आरक्षण की व्यवस्था की जाए। लेकिन राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर भी ध्यान नही दिया और बगैर पिछड़ा आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने की तैयारियां में जुटी है।

आभार यात्रा में शामिल होने जेएमएम कार्यकर्ता रांची रवाना

## अपने वादों को पूरा कर रही है हेमंत सरकार : कुदुस अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बरकट्ठा इकाई के कार्यकताओं ने आभार यात्रा में शामिल होने गुरुवार को रांची रवाना हुए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी ने कहा कि अपने किए हुए हर वादों को हेमंत सरकार पूर्ण कर रही है। हेमंत की लोकप्रियता को देखते हुए विपक्षी दलों के होश उड़ रही है। जिसके कारण हेमंत सरकार के ऊपर कई जांच एजेंसियों को लगाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। आभार यात्रा में केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, शिबू मांझी, रानीलाल मांझी, तोहिर अंसारी, सन्नू मांझी, जगदीश मांझी, राजेश मरांडी, शिवराम मांझी, सुरेश बास्के, अर्जुन बास्के समेत दर्जनों लोग रवाना हुए।

## न्यूज गैलरी

### बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की हुई बैठक



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की हुई बैठक। बैठक में परिचय सत्र चलाया गया। जिसमें प्रखंड स्तर के सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि यों ने एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया। बताया गया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की पहली बार बैठक आयोजित किया गया है इस मौके पर बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष संजय कुजूर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रामायण सिंह, समिति के उपाध्यक्ष ललन सिंह, सदस्य जॉन तिर्की, बिनोद दास, बिमला देवी, ममता केरकेट्टा, बीरेंद्र बड़ाईक, कांति केरकेट्टा, सहित सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, एवं सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### मृतक महिला के दशकर्म में शामिल हुई जिप सदस्य जोसिमा खाखा



सिमडेगा। जिप सदस्य जोसिमा खाखा गुरुवार को सरलोंगा गांव पहुंच सड़क दुर्घटना में मृतक चिंतामणी देवी के दशकर्म कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही दिवंगत चिंतामणी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं दिवंगत महिला के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव मदद करने का भी भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उनके साथ है। गौरतलब है मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत तामड़ा मिशन स्कूल के समीप दो मोटरसाइकिल के आमने सामने टक्कर में चिंतामणि देवी की मौत हो गई थी जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर कांग्रेस के जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष पानवेल लकड़ा, सुरेश केरकेट्टा, कृष्णा सिंह, उपमुखिया महादेव सिंह, प्रतिमा कुजूर आदि उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में हुई खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**बोलबा।** खेलो झारखंड के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोलबा में खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। इस मौके पर एक सौ मीटर दो सौं मीटर चार सौ एवं छह सौ मीटर की दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, गोला फेंक कब्बड्डी, के साथ हॉकी एवं फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। विजेता खिलाडियों मैडल देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि 16 एवं 17 नवम्बर को स्कूल विद्यालय स्तर पर खेल होगी। जबकि चयनित सभी खिलाड़ियों को प्रखंड स्तर पर खेल 22 नवम्बर को किया जायेगा। इस मौके पर बिल्चन लकड़ा, पार्वती कुमारी नीलम कुमारी रजनी कुमारी, हेरमन केरकेट्टा, रामेश्वर सिंह, हरिश्चन्द्र सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### मंगसीर नवमी पर राणी सती दादी जी का सजाया गया भव्य दरबार



**लोहरदगा।** निमार्णाधीन श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में मंगसीर नवमी पर राणी सती दादी जी का महोत्सव पर दादी जी का भव्य दरबार सजाया गया एवं दादी जी को अलौकिक श्रृंगार की गई, दोपहर 2:00 बजे से 4 घंटे तक समाज की 51 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी वेशभूषा लिबास पर मंगला पाठ करते हुए दादी जी का भजन गायन की। महिलाएं एक दूसरे को गुलाल लगाकर मंदसिर नवमी की बधाइयां दी। इसके उपरांत रात्रि में बाहर से आ रहे भगवती जागरण मंडली के द्वारा भजन जागरण का भी की जाएगी। मंगला पाठ में ममता बंका, अनीता पोद्दार, रितु शर्मा, अंजली सराफ, दीपा पोद्दार, शिल्पी पोद्दार, रश्मि अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, रखिया पोद्दार, अंकिता बंका,रिशु पोद्दार, रेखा मोदी, स्मृता पोद्दार, उषा पोद्दार, रानू पोद्दार, आशा पोद्दार, मोनिका पोद्दार, मंजू पोद्दार, वर्षा पोद्दार,रीना सर्राफ, उसा टिबरेवाल, आकांक्षा सर्राफ, सत्यभामा राजगढ़िया, नीतू पोद्दार, मीना बंका,सविता राजगढ़िया आदि थी कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक सर्राफ, अनुराग पोद्दार, आशीष पोद्दार, प्रतीक पोद्दार आदि लगे हुए हैं।

### खेलो झारखंड़ के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगता का आयोजन

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल मैदान में 17 नवंबर को खेलो झारखंड़ के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया। कक्षा छह से आठ के विभिन्न स्पधाओं में बालक वर्ग से वसीम अंसारी बड़ागाई, करमस उरांव भंडरा , आर्यन उरांव मसमानो, सचिन मुंडा भंडरा। बालिका वर्ग में प्रियंका कुमारी केजीबीभी, नेहा कुमारी अकाशी, मोनिका कुमारी बड़ा अम्बेरा, सलोनी कुमारी केजीबीभी भंडरा। रिले रेस से बालक वर्ग में मसमानो और बालिका वर्ग से केजीबीभी। जबकि कक्षा 9 से 12 से बालक वर्ग में रितेश कुमार महली बिटपी, शिवचरण उरांव ब्राह्मणडीहा। बालिका वर्ग में कंचन कुमारी एलबीएस भंडरा, पूजा कुमारी मसमानो, अर्चना कुमारी केजीबीभी, रंजना टोप्पो प्रोजेक्ट बालिका भंडरा प्रथम स्थान पर रही। इसके अलावे दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे सभी को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बीईईओ जयनाथ महतो, रामविजय खलखो, निशांत कुमार, महावीर साहू, अंगद गुप्ता, विनोद कुमार, अभिमन्यु कुमार, अनीसुल अंसारी, बेबी कुमारी आदि उपस्थित थे।

---

### होमी जहांगीर भाभा कोचिंग संस्थान का सांसद ने किया उद्घाटन, कहा

# लोहरदगा जिला के छात्र-छात्राओं को करायी जायेगी आईआईटी जेईई व नीट की तैयारी

- आईएचएम, रांची राज्य के सबसे बेहतर होटल मैनेजमेंट संस्थानों में
- जिला प्रशासन लोहरदगा और होटल प्रबंधन संस्थान, रांची के बीच हुआ एमओयू




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** एससीए मद अंतर्गत गुरुवार को जिला प्रशासन लोहरदगा और इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड अप्लाईड न्यूट्रीशन, ब्रांबे, रांची के बीच एमओयू किया गया। वहीं, सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा लोहरदगा जिला में नीट व जेईई की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए डीएमएफटी मद से होमी जहांगीर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि अब लोहरदगा के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं, जो मेडिकल व इंजीरियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें लोहरदगा जिला में ही तैयारी करायी जायेगी। नीट व जेईई प्रवेश परीक्षा के लिए लोहरदगा जिला में अब होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर में तैयारी करायी जायेगी। यह यहां के छात्र-छात्राओं के सुअवसर प्रदान किया जा रहा है कि इसी जिला में रहकर तैयारी की जा सकेगी। अब तक यहां के छात्र-छात्राओं को जेईई व नीट की तैयारी के लिए रांची जिला जाना पड़ता था। सांसद ने कहा कि लोहरदगा जिला के छात्र-छात्राओं इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड अप्लाईड न्यूट्रीशन, ब्रांबे, रांची में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा जो राज्य के सबसे बेहतर संस्थानों में से है। आज सरकारी नौकरियां कम हैं लेकिन निजी क्षेत्रों में भी संभावनाएं बढ़ी हैं। यहां पढ़ाई कर आप देश में कहीं भी इस कोर्स के जरिये रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

**वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा :** होटल मैनेजमेंट का कोर्स सिर्फ होटल में नौकरी तक सीमित नहीं है बल्कि पर्यटन, आतिथ्य, रिटेलिंग आदि क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं हैं। अपना रेस्तरां भी शुरू किया जा सकता है। गुरुवार को सरकारी नौकरिंया सीमित हैं। जिला प्रशासन द्वारा यह अवसर दिया जा रहा है जिसका लाभ यहां के युवक-युवतियों को उठाना चाहिए।

**उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह ने कहा :** आज की शिक्षा काफी महंगी हो गई है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा होटल मैनेजमेंट का कोर्स निःशुल्क कराया जा रहा है। जेईई व नीट की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर प्रारंभ किया जा रहा है। यहां के युवा लोहरदगा जिला के विकास में अपना योगदान बढ़चढ कर दें।

**जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा :** जिला उपायुक्त और सरकार द्वारा यह काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इससे अच्छी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। अच्छी जगह आप नौकरी कर सकते हैं या अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।

**राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव ने कहा :** इस जिला के बच्चों को उचित मौके नहीं मिलते। लेकिन अब कोचिंग सेंटर के प्रारंभ होने और होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए एक अच्छा अवसर यहां के छात्र छात्राओं को मिला है। इस मौके का आप भरपूर लाभ उठाएं।

**विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल ने कहा :** युवा इस व्यवस्था का लाभ लें। यह सरकार यहां के युवाओं को आगे ले जाना चाहती है। होटल मैनेजमेंट के इस कोर्स के करने सौ प्रतिशत लोगों को रोजगार मिलेगा। यह व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क दी जा रही है। इसमें आप अपना व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं साथ ही, दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं।

**कोचिंग सेंटर में अध्यापन कार्य के लिए चार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र :** गुरुवार को प्रारंभ किये गये होमी जहांगीर भाभा कोचिंग संस्थान में डीएमएफटी अंतर्गत संविदा आधारित पर नवनियुक्त शिक्षकों को माननीय सांसद व अतिथियों द्वारा नियुक्ति पर दिया गया। इनमें कम्प्यूटर प्रशिक्षक के रूप में रत्नप्रभा बाहुबलेंद्र, जीवन विज्ञान शिक्षक दीक्षा कुमारी, गणित शिक्षक नित्यानंद कुमार और भौतिकी शिक्षक मोहम्मद मोफिद आलम शामिल हैं। गुरुवार के कार्यक्रम में डीपीओ अरूण सिंह, आईएचएम ब्रांबे, रांची के प्रिंसिपल रूपेश कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

#### 40 छात्र-छात्राओं को भेजा जायेगा आईएचएम रांची : डीसी

**उपायुक्त,** लोहरदगा जिला के युवक-युवतियों के लिए एक ऐसा कोर्स उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने निर्णय लिया था कि उसकी मान्यता पूरे भारत में हो। यहां के 40 छात्र-छात्राओं को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड अप्लाईड न्यूट्रीशन, ब्रांबे, रांची भेजा जायेगा जहां उन्हें होटल प्रबंधन की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। जो छात्र-छात्राएं इसमें नामांकन लेना चाहते हैं वे अपना आवेदन जिला नियोजनालय कार्यालय या अपने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिसंबर 2022 में आवेदनों की स्क्रूटनी की जायेगी और जनवरी 2023 में पढ़ाई शुरू हो जायेगी। यह कोर्स पूरी तरह निःशुल्क है। जो छात्र-छात्राएं मेडिकल की पढ़ाई के लिए नीट और इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला के लिए नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी लोहरदगा जिला में ही करना चाहते हैं वैसे छात्र-छात्राओं के लिए डीएमएफटी मद से आज होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर की शुरूआत की जा रही है। आप पढ़ाई कर अपने लक्ष्य में सफल हों और माता पिता के सहयोगी बनें।

#### कार्यशाला या कोई कार्यक्रम आपके अनुभव को बदल देता है : एसपी

**पुलिस** अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि जीवन में कई कार्यशाला या कोई कार्यक्रम आपके अनुभव को बदल देता है। आप इस कार्यशाला से जब लौटें तो अपना कोई अनुभव लेकर लौटें जो जीवन में बदलाव लेकर आए। जिला प्रशासन द्वारा यहां के छात्र-छात्राओं के लिए ऐसे कार्य किये जा रहें जो सराहनीय है। बीते दिनों मोटर मैकेनिक के लिए झारखंड टूल रूम, कोचिंग सेंटर और इसके बाद गुरुवार को होटल मैनेजमेंट के लिए एमओयू हुआ है जिससे जिला के युवक-युवतियों को कई अवसर मिलेंगे।

---

### एनडीआरएफ की टीम ने नदी में डूबे बच्चे का शव निकाला, पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा



**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के हरमू भक्सो कोयल नदी में डूबे बच्चे का शव को दूसरे दिन गुरुवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम ने काफी मशक्कत के बाद निकालने में सफल रही। शव को निकालने के बाद स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। गौरतलब है कि बुधवार की सुबह स्कूल के समय में दो बच्चे स्कूल के लिए निकले थे जो स्कूल नहीं जाकर सीधे हरमू नदी चले गए। नदी में नहाने के दौरान दोनो बच्चे पानी में डूबने लगे जिसमे एक बच्चे की गहरे पानी मे डूबकर मौत हो गई थी जबकि दूसरे बच्चों को विहंगम योग समिति के सह संयोजक सुरेश साहू ने अपनी जान पर खेलकर जान बचाई थी। मृतक लोहरदगा के न्यू आजाद बस्ती निवासी फैज अंसारी है जो कक्षा 6 में पढ़ता था। दोनों बच्चे राजकीय कृत मध्य विद्यालय पावरगंज साइडिंग स्कूल में पढ़ते थे। इस मौके पर एसआई पंकज शर्मा, टीनू साव, राजकुमार मेहता, एएसआई रामकुमार ठाकुर समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

---

## पीएलएफआई उग्रवादियों ने मचाया तांडव, वाहनों को किया आग के हवाले

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** लंबे समय से शांत सिमडेगा जिला में एक बार फिर से पीएलएफआई नक्सलियों का चहलकदमी शुरू हो गया है जिससे कि लोगों में भय का माहौल बनने लगा है। ताजा मामला कोलेबिरा नवाटोली हरिजन कॉलोनी की है जहां पर निमार्णाधीन पावर ग्रिड कार्य में लगे जेसीबी और ट्रैक्टर को को बीती रात प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के द्वार आग के हवाले करते हुए हवाई फायरिंग की। एवं पीएलएफआई के नाम का पर्चा छोड़ते हुए बिना सूचना का कार्य करने का आरोप लगाया तथा आसपास के सभी संवेदक को को भी चेतावनी दी। घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह लोगों के द्वारा कोलेबिरा पुलिस को दी गई जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस द्वारा पोस्टर को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गए मौके पर निमार्णाधीन कंपनी में कार्यरत सुरक्षा गार्ड ने बताया कि बीती रात 11:30 बजे के करीब नकाबपोश हथियारबंद दो लोग पहुंचे और पूछताछ की इसके बाद निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों का नंबर मांगा नहीं नंबर मिलने पर दोनों उग्रवादियों ने जेसीबी और ट्रैक्टर में पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दी। साथ ही आग लगाने के पश्चात जंगल की ओर चले गए। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार घटनास्थल पहुंचे उन्होंने घटनास्थल पर छोटी-बड़ी बिंदुओं पर बारीकी से निरीक्षण करते हुए वहां पर पूछताछ की इस दौरान एसपी ने कहा कि इस घटना को दो अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया गया है जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी मद्धर घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है वहीं पुलिस द्वारा लगातार लगातार सभी जगहों पर सर्च अभियान चला रही है बताया जा रहा है कि घटना में सम्मिलित अपराधियों को जल्द से जल्द पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। वहीं एसपी सौरभ कुमार ने क्षेत्र में कार्य कर रहे सवेदको से अपील करते हुए कहा है कि जिस प्रखंड में संवेदक कार्य कर रहे हो वहां के स्थानीय पुलिस के संपर्क में रहें और उनके पास कोई अपराधी आकर परेशान करते हैं या फोन कर रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें पुलिस के द्वारा पूरी तरह से सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी ताकि कार्य करने में किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ना हो।वही इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार ऐसे मामले को निपटने के लिए हर संभव तैयार है और आगे भी इसके लिए हर तरह के प्रयास करेंगे। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए ढोढराय, थाना प्रभारी एवं पुलिस जवान मौजूद रहे।

## 501 कुण्डीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ हवन पूर्णाहुति के साथ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा के भक्सो, कोयल नदी तट, रेलवे स्टेशन के नजदीक चल रहे दो दिनी विहंगम योग समारोह 501 कुण्डीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ हवन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। पूजन हवन कार्यक्रम संत प्रचर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की अगुवाई में संपन्न हुई। विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा, प्राणायाम ध्यान कार्यक्रम हुई। इस दौरान उपस्थित हजारों लोगों को संत प्रचर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्य वाणी सुनने को मिली। इससे पूर्व बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। विहंगम योग समिति के अखिलेश शर्मा ने बताया कि सनातनी धर्मावलंबियों के हवन पूजन व खाने ठहरने की उचित व्यवस्था की गई थी। जिसमे यहाँ के लोगों का भरपूर सहयोग मिला। बताया गया कि सद्गुरू सदाफलदेव विहंगत योग संस्थान एक आध्यात्मिक एवं सामाजिक संगठन है। विहंगम योग के प्रणेता अनन्त श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज ने सम्पूर्ण विश्व के मानवमात्र के भौतिक एवं आध्यात्मिक कल्याण के निमित्त विहंगम योग की विमल ज्ञानधारा को प्रकाशित किया है। विहंगम योग के द्वारा मानव-जीवन के पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। धर्म अर्थ, काम एवं मोक्ष की चतुःसूत्री ही भारतीय संस्कृति का आधार है। संस्थान के द्वारा भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है । विहंगम योग की साधना-पद्धति पर विश्व के अनेक देशों में वैज्ञानिक अनुसंधान हुए हैं, जिससे अद्भुत सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुआ है। विहंगम योग की साधन पद्धति से आन्तरिक शान्मि का मार्ग प्रशस्त होता है। विहंगम योग की साधना से जुड़कर आज लाखों व्यक्ति अपने आध्यात्मिक जीवन का निर्माण कर रहे हैं और जीवन में सुख-शान्ति की प्राप्ति कर रहे हैं। विहंगम योग की साधना में मात्र 10 मिनट के नियमित अभ्यास से साधक की चेतना ऊर्ध्वमुखी होने लगती है और उसका आत्मिक विकास होने लगता है। उक्त जानकारी संयोजक बन्दे भगत, कार्यक्रम संयोजक दुबराज बर्मा, मीडिया प्रभारी कौशल मित्तल ने दी। बताया कि समारोह के सायंकालीन सत्र में सपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्यवाणी (जय स्वर्वेद कथा) के रूप में प्राप्त होगी। सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज ने मानवमात्र के कल्याणार्थ 'स्वर्वेद' को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया है। विहंगम योग वास्तव में योग का एक सत्य मार्ग है। योग कहते हैं आत्मा एवं परमात्मा के मिलन को विहंगम योग वही सनातन वैदिक मार्ग है, जिसे ब्रह्मविद्या भी कहते हैं। प्राचीन काल से चले आ रहे इस वैदिक महायज्ञ से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष दोनों रूप से सभी हवन-यज्ञ से जलवायु की शुद्धता, पर्यावरण का संरक्षण एवं शारीरिक स्वस्थता के साथ-साथ भौतिक कामनाओं की पूर्ति भी अवश्य होती है। इस प्रकार विहंगम योग संस्थान के माध्यम से भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों प्रकार के कल्याणी किये जाते हैं।

## बानो कांग्रेस कमेटी ने शुरू किया भारत जोड़ो यात्रा

**बानो।** भारत जोड़ो यात्रा के तहत बानो प्रखंड कमिटी द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान बानो प्रखंड के बिंतुका पंचायत भवन प्रांगण से केबेटांग चौक पद यात्रा निकाली गई पदयात्रा में आसपास के ग्रामीणों द्वारा हिस्सा लिया गया, जिसमें प्रखण्ड कांग्रेस पार्टी के की भी पदाधिकारियों की उपस्थिति हुई। इस कार्यक्रम की नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत कन्डुलना द्वारा की गई। मौके पर अजित कंडुलना ने कहा दिनों दिन महंगाई बढ़ती जा रही हैं। आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने, इन्ही उद्देश्य को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा किया जा रहा है। के भारत जोड़ो के उद्देश्य पूरा करने के लिए राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के साथ देने का आह्वान किया। इसी की जानकारी देने के लिये प्रखण्ड में पद यात्रा का आयोजन किया गया। गुरुवार के पद यात्रा में सुरसेन भुईंया, जोन कन्डुलना, संबंध डांग, सुगड़ तोपनो, सफीक अंसारी, मो.रफीक अंसारी, सुशील कन्डुलना, मसीहदास कन्डुलना, सनिका हेमरोम, असीम सुरीन, निरल कन्डुलना, सदन बागे, असरिता भेंगरा, ग्लोरिया बरला, सोएब अंसारी आदि ने भाग लिया।

---

### उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजना व कार्यों की समीक्षा की, कहा-

## ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित पीएम आवास को जल्द से जल्द निर्माण कार्य करायें पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा, रूर्बन मिशन योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, तालाब, कुंआ, दीदी बाड़ी योजना, आधार सीडिंग, इत्यादि को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के तहत सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योजनाओं को पंचायत एवं गांव स्तर पर संचालित करते हुए सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी पंचायत एवं गांव में निरन्तर योजनाओं को संचालित करते हुए मानव दिवस सृजित कर रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की समीक्षा करने के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित आवास निर्माण को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने विभाग के तहत प्राप्त दिशानिर्देश के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की 5 आवास एवं बाबासाहेब अंबेडकर आवास योजना की 3 घरों का ग्रह प्रवेश किया जाना है। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। रूर्बन मिशन योजना अंतर्गत सिमडेगा जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्यें को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीएम, सहित अन्य उपस्थित थे।

#### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**उपायुक्त** सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के आलोक में समाहरणालय सभा कक्ष में गुरुवार को समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान विभागीय दिशा-निर्देश के अनुसार विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम 2023 के निमित दिनांक 09.11.2022 से प्रति दिन बीएलओ द्वारा लंबित 10 प्रपत्र की प्राप्ति संकलन तथा गरूड़ एप के माध्यम से उसकी प्रविष्टि कराने का निर्देश दिया। विशेष कैम्प की तिथि को सभी बीएलओ अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर प्रपत्र 6, 7, एवं 8 का संकलन तथा विभाग से प्राप्त पोस्टर बैनर पम्पलेट के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। 16 नवम्बर से सभी 10+2 विद्यालयों एवं कॉलेजों में 17+ आयु वर्ग के बच्चों के लिए विशेष कैम्प करते हुए उनका प्रपत्र 6 फॉर्म भरवाना सुनिश्चित कराने की बात कही। स्वीप क्रियाकलाप के तहत विद्यालयों एवं कॉलेजों में चुनाव पाठशाला आयोजित कर मतदाता जागरूकता बढ़ाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, आईटीडीए निदेशक, उपनिर्वाचन पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड वरीय पदाधिकारी, सभी एईआरओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला निर्वाचन के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### डीसी के निर्देश पर एसडीओ, एसडीपीओ व कुडू सीओ ने संयुक्त रूप से जांच की

## कुडू के तीन पत्थर लीज माइंस और चार क्रशर की जांच की



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** डीसी वाघमारे कृष्ण प्रसाद के निर्देश पर अनुमंडल दंडाधिकारी अरविंद कुमार लाल ,सीओ प्रवीण कु सिंह एवं एसडीपीओ बीएन सिंह सहित संयुक्त टीम ने कुडू के मकानदू अवस्थित 3 पत्थर लीज माइंस एवं चार क्रशर की जांच किया। मौके पर उपस्थित अनुमंडल दंडाधिकारी ने सीओ को सभी माइंस का सीमांकन करने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद सीओ ने पत्थर उत्खनन के लिए लीज जमीनों का मापी शुरू कर दी है। मौके पर एसडीओ ने सभी लीज धारकों से 2 दिनों के अंदर कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। क्रशर संचालकों से भी कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एसडीओ ने पर्यावरणीय पहलुओं पर भी टीम के द्वारा जांच की गई है। मौके पर सीआई अनंत विश्वकर्मा, राजस्व उपनिरीक्ष प्रेम उरांव, अमीन नसीम अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### पलामू में नीलाम पत्र वादों के तहत एक सौ सात करोड़ की वसूली लंबित

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में निलाम पत्र वादों के तहत लंबित 10 मामलों में एक सौ करोड़ राजस्व की वसूली लंबित है । हालाकि जिला निलाम पत्र पदाधिकारी कपिल देव ढाकुर लंबित निलाम पत्रों वादों में बकायादारों के विरूद्ध वारंट और नोटिस जारी करने का काम तेज कर दिया है। 12 नवम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 38 निलाम पत्र वादों में समझौता के आधार पर एक लाख पन्द्रह हजार की वसूली की गई है। जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी श्री ढाकुर ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडो के झारखण्ड ग्रामीण बैंक समेत अन्य ग्राम शाखाओं के बकायादारों से वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि लगभग दो हजार मामलों में बकायादारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

### पार्षद प्रत्याशी ने वार्ड नंबर 3 में चलाया जनसंपर्क अभियान



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 बैरिया निवासी मुकेश कुमार दुबे की पत्नी सीमा दुबे इस बार वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ रही है। इस बार जनता ने भी उन्हें साथ देने का वादा किया है। इसी क्रम में गुरुवार को सीमा दुबे अपने जनसमर्थकों के साथ वार्ड नंबर 3 में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने एक-एक घर जाकर लोगों से मुलाकात की और लोगों को हो रही परेशानियों के बारे में जाना। जनसंपर्क अभियान के दौरान वार्ड पार्षद प्रत्याशी सीमा दुबे ने लोगों से रू बरु होते हुवे कहा कि चुनाव जीतने के बाद जनता के साथ मिलकर वे वार्ड का सही ढंग से विकास करेंगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वार्ड नम्बर 3 से मैं वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ रही हूं। यदि आपलोगों ने साथ दिया तो हम वादा करते हैं कि अपने वार्ड में बेहतर काम कर जनता को दिखायेंगे। इस बार चुनाव में हमें जीताकर एक बार वार्ड में काम करने का अवश्य मौका दें। उन्होंने कहा कि लोग वार्ड पार्षद बनने के बाद खुद का स्वार्थ देखते हैं। जनता किसी भी काम के लिए महीनो वार्ड पार्षद के घर का चक्कर काटते रहते हैं । इसके बाद भी उनका काम नहीं होता है। जिसके वजह से वार्ड का सही ढंग से विकास नहीं हो रहा है। यदि इस बार जनता हमें साथ देती है तो जनता के लिए वार्ड नंबर 3 में वार्ड पार्षद का एक ऑफिस खोला जायेगा। जिसमें जनता के हर कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। किसी भी काम के लिए जनता को दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा।

### सरकारी विद्यालय में खेलो झारखंड का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पड़वा सरकारी विद्यालय के बच्चों में खेल के स्तर को बढ़ावा देने के लिए खेलो झारखंड 2023 का आयोजन प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालय राउम वि. मुरमा ,राउम वि. कजरी, मध्य विद्यालय पंडवा, मध्य विद्यालय लामीपतरा, उच्च विद्यालय लामीपतरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दूल्ही, प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय लोहड़ा, मध्य विद्यालय लोहड़ा,राउम वि. बासू में विद्यालय के बच्चों के बीच खेलो झारखंड का आयोजन किया गया। वर्ग 1 से 5 के बच्चों के लिए बोरा दौड़, जलेबी रेस, कुर्सी रेस, 10 मीटर दौड़, चम्मच रेस का आयोजन किया गया । वहीं वर्ग छ से आठ व 9 से 12 के बच्चों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर ,400 मीटर, 100 गुना चार रिले दौड़, फुटबॉल ,कराटे ,भाला फेंक, गोला फेंक, आदि खेलों का आयोजन किया गया।

### वार्ड पार्षद ने कंबल व स्कूली बच्चों के बीच ड्रेस का किया वितरण

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 33 के वार्ड पार्षद चंचला देवी और समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने अपने निजी खर्च से वार्ड नंबर 33 के असहाय व गरीब लोगों के बीच करीब 100 कंबल का वितरण किया। मौके पर उपस्थित पार्षद चंचला देवी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा दिया गया 147 कंबल का वितरण असहाय व गरीब लोगों के बीच किया था। फिर भी उनके क्षेत्र में बहुत से जरूरतमंद लोग बचे हुए थे। जिसे देखते हुए उन्होंने अपने निजी खर्च से सभी लोगों को कंबल दिया। वही कंबल वितरण करने के बाद वार्ड पार्षद चंचला देवी वार्ड नंबर 33 के उत्क्रमित विद्यालय पहुंची। जहां उन्होंने 11 बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने स्व.अनिल चौरसिया फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करने लोकया गांव पहंचे । फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद जनता को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। झारखंड की संपत्तियों को सोरेन परिवार ने सिर्फ लूटा है। इसलिए ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाई है। समारोह को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि जिस जल जंगल जमीन की रक्षा और अबुआ राज के नाम पर हेमंत सोरेन ने झारखंड की आम आवाम को धोखा देकर सत्ता हासिल किया, उसी जल जंगल जमीन को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अंग्रेज हमारे देश की खनिज संपदा को लूटते थे, उसी तर्ज पर हेमंत सोरेन की सरकार भी झारखंड की संपत्तियों को लूट रही है।

### किक फॉर झारखंड के तहत पतराटोली मैदान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# खेल प्रतिभा को तराशा जाना सराहनीय: निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** खेल विभाग झारखंड सरकार की ओर से राज्य के सभी जिलों में स्कूल लेवल से लेकर जिला स्तरीय तक खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेल कूद का आयोजन सदर प्रखंड के संत स्तानिसिलास उच्च विद्यालय कैमो पतराटोली के प्रांगण में बीईओ रामजीवन नायक , फादर फिल्मौंन एक्का बीपीओ मंजू देवी ,वार्ड पार्षद कमला देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मौके पर संत स्तानिसिलास उच्च विद्यालय के निदेशक फादर फिल्मौन एक्का ने कहा कि खेल के माध्यम से स्वस्थ तन और स्वस्थ मन का विकास होता है। आज खेलो झारखंड के तहत प्रतियोगिता में पहुंचे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर सामने आएगी। यह बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वार्ड पार्षद कमला देवी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा खेल के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को तराशा जाना काफी लाभकारी होगा। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामजीवन नायक ने सभी प्रत्यय स्पधाओं में नियमों का पालन अनिवार्य है । प्रभारी शिक्षक गण नियम का पालन करेंगे। निष्पक्ष तमाम कंपटीशन हेतु ज्यूरी के रूप में शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, अरुण राम ,जितेंद्र मित्तल मुस्तैद थे। आज के खेल कार्यक्रम को सफल बनाने में तकनीकी पदाधिकारी अजय प्रसाद ,जाहिद अहमद, नीलू गोयल, पंकज कुमार, वीरेंद्र यादव, संजय भगत, आरती कुजूर, निधि गुप्ता, ट्रीसंधा प्रजापति , दीपक कुमार, श्याम सिंह, संयुक्ता देवी ,अनुपमा कंचन सोनी स्मिथ एक्का, नीलम कुजुर संध्या सिंह, रूही तबस्सुम, जोहरा जमाल ,तौहीद अहमद, विजय कुमार, रश्मि खेस , रामकुमार साहू , पूर्ण काम, गौतम यादव, पवन कुमार साहू ,रविंदर दत्ता, राजेंद्र लकडा , गजाला रूही, आदि ने सराहनीय सहयोग किया। आज के विभिन्न इवेंट कंपटीशन में प्रखंड के तकरीबन 1500 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया। बीपीओ मंजु देवी एवं एसीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम कल भी जारी रहेगा। सभी सफल प्रतिभागियों को कल पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। किसी भी परिस्थिति से निबटने के लिए स्थिति के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम के अलावा मधुर मेडिकेयर द्वारा भी सेवा प्रदान किया गया था। वही नगर परिषद द्वारा पेयजल हेतु पानी मुहैया कराया गया था।

## पलामू पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सह भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास गुरुवार को नीलांबर पीतांबर की पावन धरती पलामू में आगमन हुआ। पलामू पहुंचते ही सतबरवा में सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक की अध्यक्षता में सतबरवा ब्रह्मा स्थान पर उनका भाजपा नेताओ एवं कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। वही रघुवर दास के मेदिनीनगर पहुंचने पर भाजपा अध्यक्ष विजयानंद पाठक , सांसद विष्णु दयाल राम,विधायक आलोक चौरसिया,मेयर अरुणा शंकर,डिप्टी मेयर मंगल सिह,प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, विभाकर नारायण पांडे,नरेंद्र पांडे, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, आनंद सिंह, जय दुबे, शिव कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अनुज पांडे, संतोष पांडे, कृष्ण विजय सिंह, विजय शर्मा ,पंकज, अमित आनंद, अमित आनंद तिवारी, भोला पांडे सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मेदिनीनगर शहर के बेलवाटिकर माता शबरी मंदिर का शिलान्यास किया। उसके बाद चैनपुर के लोकया में स्वर्गीय अनिल चौरसिया फुटबॉल टूर्नामेंट का उन्होंने विधिवत उद्घाटन किया।

## जिला अध्यक्ष ने बीस सूत्री कार्यालय का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखण्ड में 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने फीता काट कर किया। मौके पर पड़वा प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं प्रखण्ड के सभी कर्मी उपस्थित थे । कार्यक्रम में बिट्ठू पाठक ने कहा कि सरकार ग्रामीणों की समस्या के समाधान को लेकर कई कार्यक्रम चला रही है । उन्होंने ने कहा कि पूर्व की तरह अब ग्रामीणों को सरकारी कार्यालय का चक्कर नही काटना पड़ेगा । 20 सूत्री कार्यालय खुलने से ग्रामीणों की समस्या का समाधान शीघ्र होगा। उन्होंने ने कहा कि ग्रामीण 20 सूत्री कार्यालय में आकर अपनी समस्या को बेझिझक रखे। पड़वा बीडीओ ने कहा कि बीस सूत्री कार्यालय में ग्रामीणों को लाभ मिलेगा । ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर आये और बताये । बीस सूत्री अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा । कार्यक्रम में उपस्थित 20 सूत्री अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी उपाध्यक्ष संदीप भुइयां ,सदस्य प्रदीप पासवान, चितरंजन मिश्रा ,जमुना देवी ,प्रेमचंद महतो, कंचन सिंह थे। वरिष्ट कांग्रेसी इस्वरी प्रसाद सिंह ,अशोक पासवान, सत्येन्द्र सिंह ,उदय कुमार यादव ,अभय पाण्डेय ,मुखिया छोटू सिंह ,अजय साहू समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सात माह से नहीं मिला तेजस्विनी कर्मियों को मानदेय

# आक्रोशित कर्मियों ने किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर कार्यरत कर्मियों ने गुरूवार को सात माह से बकाये मानदेय भुगतान एवं अवधि विस्तार को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। परियोजना कर्मियों का पिछले सात माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है । इस वजह तेजस्विनी कर्मी आर्थिक व मानसिक रूप से त्रस्त है। वहीं अवधि विस्तार नहीं होने के कारण परियोजना से जुड़ी किशोरियों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ने की संभावना प्रबल हो गई है। मालूम हो कि पलामू जिले में तेजस्विनी परियोजना का संचालन स्वंय सेवी संस्था इंडियन ग्रामीण सर्वविसेस के द्वारा किया जा रहा है। जिसका 20 जून 2022 को समाप्त हो गया है। अवधि विस्तार नहीं होने से तेजस्विनी कर्मियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि आगे उन्हें मानदेय मिलेगा या नहीं। पलामू जिले विभिन्न प्रखंडों में नौ सौ ग्यारह कर्मी कार्यरत हैं । जिनका गत अप्रैल माह 2022 से अभी तक मादेय लंबित है। तेस्विनी कर्मियों का कहना है राज्य के अन्य जिलों में कार्यरत कर्मियों का मानदेय मिल चुका है। तेजस्विनी कर्मियों ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से लंबित मानदेय भुगतान एवं अवधि विस्तार करने की मांग की है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा मानदेय भुगतान हेतु आवंटन उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे मानदेय लंबित है।

### मकरी मे पत्नी-पत्नी को मिला आवास योजना का लाभ

# कार्य पूर्ण किये बिना ही पैसे की हो गयी निकासी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत के बरवारी गांव के सूरजमानी देवी एवं बलराम सिंह दोनों पति पत्नी को प्रधानमंत्री आवास दे दिया गया है। जबकि सूरजमानी देवी को प्रधानमंत्री आवास 2019-20 पहले मिला हुआ है। उसके बावजूद बलराम सिंह को 2021-22 में भी प्रधानमंत्री आवास दे दिया गया। लेकिन प्रधानमंत्री आवास अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। जबकि सूरजमानी देवी को प्रधानमंत्री आवास अधूरी आवास को पूर्ण दिखा करके पैसा निकाल दिया गया है। लाभुक के द्वारा वही सूरजमानी देवी के पति बलराम सिंह के भी प्रधानमंत्री आवास में 125000 का निकासी कर दिया गया है जो कि अभी भी अधूरा है। इस पर कहीं ना कहीं सरकारी महकमे में बैठे प्रखंड से लेकर के पंचायत लेवल के पदाधिकारियों का मिलीभगत से ऐसे ऐसे खेल खेले जा रहे हैं। इससे लाभुक का मनोबल बढ़ा हुआ है।

इस संबंध में बीडीओ जयपालमहतो से पूछे जाने पर कहा की मामले की जांच करवाते हैं। इस मामले में जो भी दोषी होंगे पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में प्रखंड कोऑर्डिनेटर सिराज अहमद ने कहा कि बलराम सिंह को प्रधानमंत्री आवास में मिले पैसे को रिटर्निंग किया जा रहा है तथा नोटिस भेजा गया है।

### पूर्व में भी आवास को पूर्ण बताकर पैसे की हुई थी निकासी

प्रधानमंत्री आवास आवंटन से लेकर लाभुकों को राशि भुगतान करवाने में रैकेट काम करता है। जो लाभुकों से पैसा कि उगाही कर प्रखंड स्तर के कर्मियों को देता है और अपनी मनमर्जी से आवास आवंटन से लेकर राशि का भुगतान करवाता है। जबकि प्रखंड में कई गरीब और असहाय लोग आवास आवंटन कराने के लिए दौड़ते रहते हैं। इसके पूर्व में भी पंडरिया पंचायत के करमाहि में आदिम जनजाति के बिरसा आवास को प्रधानमंत्री आवास दिखाकर लाखों रुपए का गबन किया जा चुका है। बीडीओ जयपाल महतो करमाही गांव जाकर जांच किया गया था। जहां मामला सत्य पाया। लेकिन करवाई के नाम पर बीडीओ द्वारा स्वयं सेवक को बर्खास्त किया गया।

## भंडरिया में हंगामे की भेंट चढ़ा लैंपस के अध्यक्ष पद का चुनाव



**भंडरिया।** 17 नवंबर को आयोजित लैंपस के अध्यक्ष का चुनाव हंगामा के कारण रद्द कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए भंडरिया लैंपस के निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लैंपस के अध्यक्ष और सक्रिय सदस्य के लिए चुनाव हो रहा था। अभ्यर्थियों एवं मतदाताओं के हंगामा के कारण चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दिया जाएगा । पुनः इस चुनाव के लिए अगली तिथि निर्धारित की जाएगी ।उन्होंने इससे संबंधित आदेश लैंपस कार्यालय के सूचना पट्ट में लगा दिया है। सूचना पट्ट में निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट लिखा गया है कि विशेष आम सभा स्थल निर्वाचन 17 नवंबर 2022 को अपरिहार्य कारणों से निर्वाचन रद्द कर निर्वाचन स्थल विशेष आम सभा को स्थगित किया जाता है। उन्होंने अपना हस्ताक्षर युक्त आदेश सूचना पट पर लगा दिया है। इधर लैंपस के चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं मतदाताओं ने कहा कि चुनाव पदाधिकारी द्वारा चुनाव से संबंधित नियमावली के तौर-तरीके नहीं बताया गया। जिसके कारण कई वोटर अपना वोट देने से वंचित रह गए । वंचित लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों की हंगामा को देखते हुए चुनाव को स्थगित कर दिया गया है।

### दो अलग-अलग घटित घटनाओं में तीन लोग घायल

**भवनाथपुर।** गुरुवार की शाम को दो अलग-अलग घटित घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना सिघितली मोड़ के पास बाइक के टक्कर में चपरी निवासी सोनू कुमार बैठा एवं राजकुमार रजक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। घायलों का इलाज आयुष डॉक्टर अभिनित विश्वास द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार राजकुमार रजक एवं सोनू बैठा एक ही बाइक से सिंघितली से अपने घर चपरी जा रहे थे कि पीछे से आ रहे हैं बाइक वाले ने बाइक में धक्का मारते हुए भाग गया। दूसरी घटना मुस्कनिया पहाड़ के पास बाइक के धक्के से बरडीहा निवासी बिकेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल विकेंद्र सिंह का ईलाज आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास दौरा किया गया। गंभीर स्थिति देखते हुए विकेंद्र सिंह को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# खासमहाल जमीन का लीज नवीकरण चार दशकों से पड़ा है लंबित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू झारखंड के 12 जिलों में 4393 एकड़ खासमहाल जमीन का लीज नवीकरण का मामला करीब चार दशकों से लंबित है। खासमहाल जमीन झारखंड के 12 जिलों के शहरी इलाकों में मौजूद है। झारखंड में निकाय चुनाव की तैयारी चल रही है। इन सबके बीच खासमहाल जमीन के लीज नवीकरण का मामला एक बार फिर से निकल कर सामने आया है। पलामू में सबसे अधिक खासमहाल जमीन के 1895 लोग लीज धारक हैं। जिनके लीज का नवीकरण करीब चार दशकों से लंबित है। हाल ही में खासमहाल जमीन की लीज नवीकरण के दर को बढ़ा दिया गया है। पूरे मामले में पलामू से राज्य स्तर के आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य के तत्कालीन मंत्री केएन त्रिपाठी की पहल पर 2013-14 खासमहाल जमीन को फ्री होल्ड करने को की गई थी। पूरे मामले को लेकर पूर्व मंत्री केएन प्रक्रिया शुरू की गई थी। त्रिपाठी आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व मंत्री त्रिपाठी ने कहा कि मामले में बड़े आंदोलन की जरूरत है। केएन त्रिपाठी ने कहा कि हेमंत सरकार ने बड़े बड़े फैसले लिए हैं। उनका प्रयास है कि खासमहाल जमीन को फ्री होल्ड किया जाए। नहीं होने के कारण व्यवसायी और लीज धारक परेशान हो रहे हैं। पलामू के व्यवसायी श्रवण गुप्ता ने बताया कि खासमहाल का नवीकरण नहीं होना, जमींदारी प्रथा को बताता है। खास महाल जमीन के लीज नवीकरण के मामले को लेकर वे हाई कोर्ट भी गए थे। लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई है. पलामू में 1895 लोग खासमहाल जमीन के लीज धारक हैं।

**क्या है खास महाल की जमीन :** खासमहाल जमीन सरकारी जमीन होती है, जिसे सरकार के द्वारा लोगों को निश्चित समय के लिए लीज पर दिया जाता है। अंग्रेजों के शासनकाल में जमीन की लीज दी गई थी। 80 के दशक में ही जमीन की लीज पूरी हो गई है और तब से ही लीज नवीकरण का मामला लंबित है। मामले में सरकार ने कई स्तर पर फैसले लिए हैं। कई लीज धारकों ने अपनी जमीन को दूसरों को निबंधित कर दिया है। सरकार ने अवैध मानते हुए ट्रेसपासिंग की संज्ञा दी है। लीज नवीकरण के लिए तीन अलग-अलग मापदंड निर्धारित किए गए हैं। व्यवसायी इलाके के लिए लीज नवीकरण की दर प्रति डिसमिल 11 लाख रुपये निर्धारित की गई है। जबकि सुदूरवर्ती और रोड से दूरस्थ इलाकों में लीज नवीकरण की दर तीन लाख रुपए प्रति डिसमिल निर्धारित किया गया हैं।

### ओबीसी को आरक्षण समाप्त करने पर आजसू का धरना

# ओबीसी आरक्षण समाप्त करना घोर अन्याय : अमित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में आजसू पार्टी जिला कमेटी के द्वारा गुरुवार को आगामी नगर निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित किए जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के द्वारा किया गया जबकि संचालन जिला सचिव बीरेंद्र ठाकुर कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह व बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव केके मिश्रा उपस्थित थे।

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किया जा रहा है यानी चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है। पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। जनता परेशान है और सरकार अपनी चोरी का हिसाब देने में व्यस्त है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि लगातार आवाज उठाए जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिले में निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही हैं आजसू पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने अपना मंतव्य दिया कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता नितेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष बिजेंदर दास, सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष विनोद राम, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष राजा दुबे, कृष्णा सिंह, अभिजीत कुमार, मोहम्मद ईशा, जय प्रकाश कुमार, सूरज पासवान, महेंद्र सिंह,मिथिलेश यादव रीमा देवी चिंता देवी, प्रतिभा देवी, मीना देवी, उर्मिला देवी, सुलेखा देवी, आरती देवी, पूजा देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे

### पलामू में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान एक से 15 दिसम्बर तक

**मेदिनीनगर।** सदर ब्लॉक के सभागार में सदर प्रमुख बसंती उरांव व सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत , सदर चिकित्सा पदाधिकारी रिद्धि कुमारी व सदर जेएसपीएल बीपीएम की उपस्थिति में बीएलटीएफ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एमडीए आईडीए का विस्तार रूप से जानकारी दी गई कि पलामू में फाइलेरिया उन्मुलन अभियान 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा। साथ ही यह भी बताया गया कि हर प्रखंड में सहिआ आंगनबाड़ी व सेविका के द्वारा पहला दिन बूथ पर दवा खिलायें जायेंगे। बाकी दिन यह दवा इन लोगों के द्वारा घर घर जाकर दवा खिलानी है। इस बैठक में सदर बीपीएम तदाशा श्रीमाली बीएएम राजीव सिंह, बीडीएम सुबोध सिंह एमटीएस धीरज कुमार पीसीआई सुप्रिया तिवारी विकाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सम्पादक की कलम से...

# सियासत का घालमेल जारी

**झारखंड में सियासत का घालमेल जारी है। गुरुवार को राजधानी के चप्पे-चप्पे पर झामुमो कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। रांची में तनाव का माहौल है। ईडी कार्यालय में सीएम को तलब किया गया है। हो सकता है कि कोई अनहोनी घटना घट जाये तो आश्चर्य की बात भी नहीं है। खतरा सत्तारूढ़ महागठबंधन को सता रहा है। शक्ति प्रदर्शन का खेल जारी है। सीएम हेमंत ने 1000 करोड़ के अवैध खनन की ईडी की थ्योरी को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि कोई भी बयानबाजी ईडी को शोभा नहीं देती है। ईडी के सामने पेश होने से पहले हेमंत सोरेन ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। साथ ही ईडी के लिए तैयार किया गया जवाब मीडिया के लोगों के बीच बांटा। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीएम की बेचैनी बढ़ी हुई है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संपदा से पूर्ण प्रत्येक राज्य अवैध खनन के अभिशाप से ग्रसित हैं। इससे झारखंड भी अछूता नहीं है। ऐसे में ईडी का यह खेल विकास को प्रभावित कर रहा है। अब सवाल उठता है कि अगर कोई निर्दोष है, तो उसे घड़बड़ाने की जरूरत क्यों है? जिस प्रकार राजधानी में जेएमएम कार्यकर्ता शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं,वह क्या सही है?बहरहाल यह खेल जारी है। देश के लोकतंत्र का सम्मान हर हाल में होना चाहिए। चाहे कोई कितना भी बड़ा हो,वह कानून से बड़ा नहीं हो सकता है। साहिबगंज में हजार करोड़ रुपए के अवैध पत्थर खनन का क्लेम ईडी के द्वारा किया गया है। न जानें और कितने मामले और हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री का यह कहना कि पूरे झारखंड राज्य में पत्थर खनन से पिछले 2 सालों में समय के रूप से कुल 750 करोड रुपए रॉयल्टी के रूप में प्राप्त हुए है। उक्त तथ्यों एवं आंकड़ों को साहिबगंज में हजार करोड़ रुपए के अवैध खनन का आरोप लगाने से पहले मेरे संज्ञान में भी नहीं है। ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि ईडी को बगैर तथ्यों एवं आंकड़ों का सत्यापन किए हजार करोड़ रुपए का अवैध खनन संबंधी सनसनीखेज बयान जारी करना शोभा भी नहीं देता है। वह भी तब जब पिछले करीब एक साल से जांच की जा रही है और 50 से अधिक रेड किए जा चुके हैं। ऐसे में अपने क्लेम पर ईडी को पुनर्विचार करना चाहिए। सनसनीखेज बयानों से परहेज करते हुए बात को आगे बढ़ाना चाहिए। किसी भी प्रकार के बयान से अशांति का खतरा बढ़ सकता है। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है। तथ्य एवं आंखों के द्वारा सत्यापन नहीं हो क्योंकि ऐसा गैर जिम्मेदार बयान न केवल राज्य के संबंधित विभाग और उसके कर्मियों की छवि धूमिल करते हैं बल्कि झारखंड राज्य की छवि भी खराब होती है। बहरहल इस प्रसंग में यह सोचना भी जरूरी है कि राज्य की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने रवि केजरीवाल से अवैध खनन में फंसाने के लिए बयान दिलवाया है केजरीवाल जेएमएम का एक सदस्य था और 2020 में निष्कासित किए जाने के पहले कोषाध्यक्ष के पद पर था। इसके बाद उसके विरुद्ध जेएमएम तरफ से थाने में मामाला भी दर्ज कराया गया। तब से रवि केजरीवाल सीएम का जानी दुश्मन बन चुका है। ईडी से निष्पक्ष रूप से बगैर किसी हिडेन एजेंडा और मोटिव के जांच किए जाने की अपेक्षा की जाती है। कारण सीएम ने संविधान को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली है और इस देश के ईमानदार नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन एवं कानून की मान्यता रखने के लिए ईडी कार्यालय में निर्गत सम्मान के अनुपालन में उपस्थित हुए हैं।**

## आज का इतिहास

**1933 :** अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।
**1525 :** भारत को जीतने के मकसद से बाबर ने सिंध के रास्ते पांचवीं बार यहां प्रवेश किया।
**1831 :** इक्वाडोर और वेनेजुएला ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए।
**1869 :** इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने पहली साइकिल रेस जीती।
**1918 :** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ हॉलैंड बनी।
**1973 :** पुडुचेरी के अरबिंदो आश्रम की गुरू मां का निधन।
**1974 :** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की स्थापना की गयी।
**2002 :** इराक निशस्त्रीकरण संकटः हेंस ब्लिक्स के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र के हथियार निरीक्षकों का दल इराक पहुंचा।
**2005 :** पूर्वी इराक में 2 मस्जिदों में कई आत्मघाती बम विस्फोटों में 74 शिया सैनिक मारे गए।
**2007 :** सऊदी अरब में 2007 ओपेक की बैठक वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज द्वारा खोली गयी।
**2009 :** बॉलीवुड अभिनेत्री सिंपल कपाड़िया का निधन।
**2009 :** हांगकांग की सरकार ने एक नई लोकतांत्रिक राजनीतिक संशोधन योजना का खुलासा किया।
**2013 :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा।
**2014 :** यूनेस्को के अनुसार, स्पेन के कैमिनो सैंटियागो, मनीला में रिजल स्मारक, पेरू के माचू पिच्चू और ऑस्ट्रेलिया के डंपियर द्वीपसमूह विश्व धरोहर स्थल खतरे में हैं।
**2017 :** भारत की मानुषी छिल्लर ने ह्मिस वर्ल्ड 2017 का खिताब जीता।
**1278 :** इंग्लैड में जालसाजी के आरोप में 680 यहूदियों को गिरफ्तार किया गया और इनमें से 293 को फांसी पर लटकाये गये।
**1928 :** लाठी चार्ज में घायल होने के बाद लाला लाजपत राय का निधन।
**1932 :** तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरूआत हुई।

# जैविक युद्ध का गहराता खतरा

> कोरोना विषाणु के अस्तित्व में आने के बाद से ही ये आशंकाएं बनी हुई हैं कि जैव प्रौद्योगिकी में सक्षम दुनिया के देश जैविक हथियार बनाने में जुटे हैं। इन हथियारों से कम खर्चे पर बड़ी ताबाही मचाई जा सकती है। रूस खुद अत्यंत खतरनाक इबोला विषाणु को जैविक औजार के रूप में निर्माण की तैयारी में लगा है। इस गोपनीय परियोजना को 'टोलेडो' का नाम दिया है। टोलेडो स्पेन का एक शहर है, जहां प्लेग फैलने से बड़ी संख्या में लोग काल के गाल में समा गए थे। इबोला के साथ-साथ मारबर्ग विषाणु को भी रूस ने टोलेडो परियोजना में शामिल किया हुआ है।

यहां सवाल उठता है कि खतरनाक विषाणु को आखिर और खतरनाक बनाने का औचित्य क्या है? रूस ने हाल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को तीन सौ दस पन्नों का एक मसविदा सौंपा है। इसके जरिए उसने आरोप लगाया है कि अमेरिकी रक्षा विभाग की मदद से यूक्रेन की प्रयोगशाला में मानव समुदाय के लिए घातक जैविक हथियार बनाने की तैयारी चल रही है। रूस ने परिषद से आग्रह किया है कि इस प्रस्ताव को मंजूर कर इस मुद्दे की जांच करवाई जाए। लेकिन भारत सहित सुरक्षा परिषद के दस अस्थायी सदस्यों ने इस प्रस्ताव से दूरी बना ली है। रूस को केवल चीन का समर्थन मिला है, जबकि अमेरिका, फ्रांस व ब्रिटेन ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और रूस का प्रस्ताव धरा रह गया। हालांकि रूस ने कहा है कि 28 नवंबर से 16 दिसंबर तक स्विट्जरलैंड के जिनेवा में होने वाले जैविक हथियार समीक्षा सम्मेलन में वह इस मुद्दे को फिर से उठाएगा। उसने दावा किया कि युद्ध शुरू होने के साथ ही यूक्रेन में अमेरिकी जैविक हथियार प्रयोगशालाएं खतरनाक वायरसों को जैविक हथियार में बदलने के लिए सक्रिय हो गई थीं। कोरोना विषाणु के अस्तित्व में आने के बाद से ही ये आशंकाएं बनी हुई हैं कि जैव प्रौद्योगिकी में सक्षम दुनिया के देश जैविक हथियार बनाने में जुटे हैं। इन हथियारों से कम खर्चे पर बड़ी ताबाही मचाई जा सकती है। रूस खुद अत्यंत खतरनाक इबोला विषाणु को जैविक औजार के रूप में निर्माण की तैयारी में लगा है। इस गोपनीय परियोजना को 'टोलेडो' का नाम दिया है। टोलेडो स्पेन का एक शहर है, जहां प्लेग फैलने से बड़ी संख्या में लोग काल के गाल में समा गए थे। इबोला के साथ-साथ मारबर्ग विषाणु को भी रूस ने टोलेडो परियोजना में शामिल किया हुआ है। इस विषाणु से संक्रमित लोगों में से आसी फीसद की मौत हो जाती है। दरअसल चीन से उपजे कोरोना विषाणु ने जैविक हथियारों का नया रास्ता खोल दिया है। इस तरह के औजारों में जीवाणु, विषाणु, फफूंद और जैविक आविश (पेड़-पौधों व जंतुओं में पैदा होने वाले जहरीले पदार्थ) जैसे संक्रमण फैलाने वाले जीवाणुओं और विषाणुओं का इस्तेमाल किया जाता है। जिस क्षेत्र में भी इनकी मौजूदगी हो जाती है, वहां ये बहुगुणित होकर तेजी से फैलते हैं और लोगों को मौत के घाट उतारते चलते हैं। सैन्य-युद्ध में जैविक औजारों का प्रयोग पूरी तरह निषिद्ध है। इसीलिए इन पर नियंत्रण के लिए जैविक और घातक औजार संधि (बीटीडब्लूसी) अस्तित्व में है, लेकिन सक्षम देश चोरी-छुपे जैविक हथियार बनाने से न तो बाज आ रहे हैं और न ही इस्तेमाल से। जैविक हथियार बनाने में आमतौर पर उन अदृश्य सूक्ष्म जीवों को प्रयोग में लाया जाता है, जो विभिन्न सतहों पर अनेक दिन तक जीवित रहते हैं। इनके अलावा कीटाणुओं, फफूंदों और जहरीले जीव-जंतुओं व पेड़-पौधों से विष निकाल कर भी जनसंहार के हथियार बनाये जाते हैं। चूंकि ये हथियार बिना कोई धमाका किए कुछ दिनों बाद लोगों में बीमारी के रूप में उभरते हैं, इसलिए इसका एकाएक अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। जब तक इसकी पहचान होती है, तब तक यह कई बस्तियों को तबाह कर चुका होता है। जैविक हमला खाद्य पदार्थों, फसलों और जल-स्त्रोतों के माध्यम से भी किया जाता है। जल में विषाणु मिला कर पूरे जल-स्त्रोत को जहरीला बना दिया जाता है। जीवाणु-विषाणु से संक्रमित व्यक्ति को स्वस्थ आबाद इलाकों में भेज कर भी संक्रमण फैलाया जाता है। पत्रों के जरिए भी संक्रमण फैलाने की जानकारियां हैं। हथियार प्रणाली के रूप में जैविक पाउडर के बम, कीटाणु बम और स्प्रे गन का इस्तेमाल बीमारी फैलाने में किया जाता है। जैविक युद्ध का वैसे तो कोई इतिहास नहीं मिलता, लेकिन धर्म व इतिहास की पुस्तकों में ऐसे संकेत जरूर मिलते हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में भी लोग जैविक हथियारों के बारे में ज्ञान रखते थे। भगवान कृष्ण ने प्रभास क्षेत्र में जिस एरका घास को औजार के रूप में प्रयोग कर अपने वंशजों का नाश किया था, वह कुछ और नहीं जैविक हथियार का ही रूप था। बारहवीं शताब्दी के हत्ती साहित्य में जैविक युद्ध का विवरण है, जिसमें तुलारेमिया नामक संक्रामक बुखार के रोगियों को युद्ध में भेजा गया था।

**■ प्रमोद भार्गव**

# जिंदगी का मूल मंत्रः शुरू करने से पहले

बात सिर्फ शादी की नहीं, हर मौके पर उसका कुछ ऐसा ही रुख रहता था। जॉब के लिए पहला इंटरव्यू देने गई थी। सारे सवाल-जवाब सफलतापूर्वक निपटा चुकी थी, चयनकर्ता करीब-करीब इस निष्कर्ष पर पहुंच चुके थे कि इस कैंडिडेट को ना कहना बेवकूफी होगी। तभी एक पैनल मेंबर ने पूछा कि अगर चुन ली गईं तो आप कब तक जॉइन कर सकती हैं? जवाब देने के बदले इसने सवाल दागा, 'पहले यह बताइये कि आपकी कंपनी में रिजाइन करने का क्या प्रॉसेस है? जॉइन करने के बाद अगर मुझे माहौल सही नहीं लगा और मैंने जॉब छोड़ने का मन बनाया तो कितने समय में मैं फ्री हो जाऊंगी?' यह अलग बात है कि ऐसे अटपटे सवाल के बावजूद वह जॉब झोली में लेकर ही वहां से निकली। बाद में जब मैंने कहा, ऐसा भी कोई करता है क्या, तो उसका संक्षिप्त जवाब था, 'मैं ऐसा ही करती हूं।' 'क्यों भला?' 'क्योंकि डैड ने मुझे यही सिखाया है। 17 साल की थी जब ड्राइविंग सीखने की इच्छा जाहिर की। डैड ने शर्त रखी कि ड्राइविंग शुरू करने से पहले तुम्हें गैराज में मैकेनिक के साथ रहकर बेसिक ट्रेनिंग लेनी होगी। उनका कहना था अगर तुम गाड़ी ड्राइव कर रही हो तो गाड़ी के तमाम कल-पुर्जों की बुनियादी जानकारी तुम्हें होनी चाहिए। दूसरी बात उन्होंने यह कही कि ड्राइविंग सीखते समय गाड़ी को गियर में डालकर आगे बढ़ाने से पहले यह सीखो कि ब्रेक कैसे लगाते हैं। जो चीज शुरू कर रही हो, उसे रोकना अगर नहीं जानती तो शुरू ही नहीं करना चाहिए। और यह सिर्फ गाड़ी की बात नहीं, जिंदगी का मूल मंत्र है। इसे हमेशा याद रखना। सो, मैं याद रखती हूं।' उसने सचमुच याद रखी यह बात। पांच साल बाद जब उसने बॉयफ्रेंड के साथ लिव-इन में रहना शुरू किया तो उसके घर नहीं गई। अपने लोन पर खरीदे घर में गई और ईएमआई भी अपनी सैलरी से देती रही ताकि अगर बात नहीं बने और रिश्ता टूटने की नौबत आए तो उसे घर से न निकलना पड़े। तीन साल लिव-इन के बाद उसी बॉयफ्रेंड से बाकायदा शादी की, तब भी डिवोर्स की प्रक्रिया पहले समझ ली थी कानून के जानकारों से। इसीलिए तो शादी के 11 साल बाद जब डिवोर्स लेने का फैसला किया तो एक वकील को सिर्फ इसलिए निकाल बाहर किया क्योंकि उसने आरोपों की सूची में शराब पीकर मार-पीट करने जैसी बातें अपने मन से डाल दी थीं और स्पष्टीकरण यह दिया कि इससे न केवल मुआवजा ज्यादा मिलेगा बल्कि तलाक में भी आसानी होगी। इसका कहना था कि 'मुआवजा दिलवाने की बात तो मैंने कही ही नहीं तुमसे और अगर तुम झूठे आरोप लगाये बगैर तलाक नहीं दिलवा सकते तो काहे के वकील हुए। तुम अपना रास्ता नापो, मैं तलाक का देख लूंगी।' और फिर ले भी लिया उसने तलाक, बिना किसी छीछालेदर के, बगैर कोई भी झूठा आरोप लगाए। **(ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने है।)**

**■ प्रणव प्रियदर्शी**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे देवाधिदेव हे अखिललोकनाथ हे कृपानिधे हे लोकगुरो हे रमेश! आपका जो दर्शन योगिजनों के लिये भी अलभ्य है, वह मुझ अज्ञानीके लिये तो अत्यन्त ही दुर्लभ था ॥ 30 ॥

जो लोग कामनारहित तथा विषयोंसे मुक्त हैं. उन्हें ही आपका दर्शन हो सकता है। हे भगवन्! हे अनन्त! हे देवदेव! केवल आशापरायण मैं वास्तवमें आपके दर्शनके योग्य नहीं था ॥ 31 ॥

इस प्रकार उन राजाके स्तुति करनेपर भगवान विष्णुने अमृतमयी वाणीमें उनसे कहा- हे राजन् मैं तुम्हारी तपस्यासे प्रसन्न हूँ। अतः मैं तुम्हें मनोवांछित वरदान दूंगा; तुम माँग लो ॥ 32 ॥

तत्पश्चात राजाने अपने सामने स्थित विष्णुके चरणोंमें सिर झुकाकर उनसे कहा- हे मुरारे! मैंने पुत्रप्राप्तिके लिये तपस्या की है। अतएव आप मुझे अपने ही सदृश पुत्र दीजिये ॥ 33 ॥

राजाकी प्रार्थना सुनकर आदिदेव विष्णु राजासे सार्थक वचन कहा- हे ययातिनन्दन। तुम इसी समय यमुना तथा तमसा नदीक पावन संगम तीर्थपर चले जाओ। हे राजन! आप जैसा पुत्र चाहते हैं, वैसा ही पुत्र मैंने वहाँ रख दिया है। मेरे तेजसे प्रादुर्भूत वह पुत्र अमित प्रभाववाला है` तथा लक्ष्मीजीने उसे उत्पन्न किया है। तुम्हारे लिये ही उसकी उत्पत्ति की गयी है, अतः तुम उस ग्रहण करो ॥ 34-35 ॥

भगवान विष्णुकी अत्यन्त मधुर वाणी साथ सुनकर राजाके मनमें प्रसन्नता हुई। राजाको यह वरदान देकर भगवान विष्णु लक्ष्मीजीके चले गये॥ 36 ॥

भगवान विष्णुके चले जानेपर उन जानकी बात सुनकर आनन्दविभोर ययातिनन्दन राजा हरिवर्मा एक अप्रतिहत गति वाले रथपर आरूढ़ होकर उस स्थानपर गये, जहाँ बालक स्थित था ॥ 37 ॥

वहाँ पहुँचनेपर परम तेजस्वी राजाने उस मनोहर बालकको एक हाथसे पैरका कोमल मुखमें डालकर भूमिपर खेलता हुआ देखा ॥ 38 ॥

लक्ष्मीजीसे उत्पन्न भगवान विष्णुके अंशस्वरूप तथा उन्हींक समान प्रभावशाली एवं कामदेवक रूपवान उस पुत्रको देखकर राजा हरिवीका मुख हर्षसे खिल उठा। उस बालकको अपने करकमलों बड़ी तेजीसे उठाते हुए राजा हरिवर्मा प्रेमसागर में मग्न हो गये। प्रसन्नतापूर्वक उसका मस्तक सूँघकर उन राजाने पुत्रका आलिंगन किया और अत्यन्त आनन्द प्राप्त किया ॥ 39-40 ॥

**- क्रमशः**

# पुलिसिया वर्दी एक करने की कवायद

प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए एक बहुत ही महत्वपूर्ण सुझाव दिया था, पर उस पर उतनी चर्चा नहीं हुई, जितनी होनी चाहिए थी या हो सकती थी। यह भी दिलचस्प है कि इस बार उनका रुख बहुत निर्णयात्मक नहीं था। उन्होंने कोई आदेश नहीं दिया, वरन एक विमर्श शुरू करने की सलाह दी। उनकी राय थी कि एक देश में एक जैसी वरदी वाली पुलिस होनी चाहिए। अभी देश के अलग-अलग राज्यों ने अपने पुलिस बलों के लिए भिन्न-भिन्न वरर्दियां निर्धारित कर रखी हैं। यह कोई बहुत अस्वाभाविक भी नहीं है, क्योंकि कानून-व्यवस्था और उसे लागू करने वाली एजेंसी पुलिस संविधान के मुताबिक, राज्यों के अधिकार क्षेत्रके अंतर्गत आती है, इसलिए उनकी वरदी भी राज्य सरकारें स्वयं तय करती हैं। प्रधानमंत्री का सुझाव था कि एक देश में एक जैसी दिखती पुलिस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर विचार-विमर्श शुरू हो और भले ही किसी फैसले पर पहुंचने में वर्षों लग जाएं, पर यह तय होना ही चाहिए कि देश भर में पुलिस एक जैसी दिखे। यहां याद रहे कि एक आधुनिक संस्था के रूप में भारत में पुलिस अंग्रेजों ने खड़ी की थी। इसकी नींव पड़ी 1861 के पुलिस ऐक्ट से, जिसके माध्यम से पूरे ब्रिटिश भारत में पुलिस बलों के संगठन, पर्यवेक्षण, कर्तव्य और अधिकार क्षेत्र जैसे मुद्दे तय किये गये। फिर भी एक बड़े भूभाग ने, जो देशी रियासतों के रूप में इसके बाहर था, कुछ अर्थों में अपनी विशिष्टता बचाए रखी। पुलिस ऐक्ट ने भारतीय उप-महाद्वीप को, जिसमें आज भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार जैसे राष्ट्र-राज्य शरीक हैं, कांस्टेबल, इंस्पेक्टर, सुपरिटेंडेंट या इंस्पेक्टर जनरल जैसे पदनामों से परिचित कराया और ये आज तक प्रचलित हैं। पदनामों की ही तरह कंधों पर लगने वाले बैज भी उन्हीं दिनों तय हुए और वरदियों के रंग-रूप में भिन्नता के बावजूद सभी ने इन्हें स्वीकार किया। ये बैज सेना से मिलते-जुलते हैं और इसलिए कई बार कुछ दिलचस्प विसंगतियां भी उत्पन्न होती रहती हैं। हमने सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के लिए प्रचलित शब्द कप्तान सुना होगा, पर हममें से कम ही लोग जानते होंगे कि यह अंग्रेजी फौज के कैप्टन का देशी संस्करण है। प्रारंभ में सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस फौज के कैप्टन के समतुल्य था और उसी की तरह अपने कंधों पर तीन सितारे लगाता था। अब जब उसकी जिम्मेदारियां और सामाजिक हैसियत बढ़ गई, तो वह लेफ्टिनेंट कर्नल या कर्नल के बिल्ले लगाता है। इसी तरह, आजादी हासिल होने के समय इंस्पेक्टर जनरल पुलिस सेना के ब्रिगेडियर के बिल्ले लगाता था। यह तो उत्तर प्रदेश के पहले भारतीय इंस्पेक्टर जनरल पुलिस बी एन लहिरी के प्रयासों से संभव हुआ कि तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इंस्पेक्टर जनरल के रैंक को उच्चीकृत कर मेजर जनरल के बराबर कर दिया। समय-समय पर कंधे के बिल्लों में जो परिवर्तन हुए, उन्हें देश के सभी राज्यों ने स्वीकार कर लिया, फिर एक जैसी वरदी पहनने की संभावना पर बहस से क्यों गुरेज होना चाहिए? संघीय ढांचे के बावजूद भारतीय संविधान ने तीन अखिल भारतीय सेवाओं की परिकल्पना की है और केंद्रीय अथवा राज्य पुलिस बलों को नेतृत्व प्रदान करने वाली आईपीएस या भारतीय पुलिस सेवा भी उनमें से एक है। इस सेवा के अपने वरदी नियम हैं और हर पुलिस बल के आईपीएस अधिकारी एक जैसी वर्दी पहनते हैं। सिर्फ बाजू या सीने पर लगे राज्य या केंद्रीय पुलिस बलों के भिन्न 'इनसिग्निया' या निशान ही इन्हें अलग पहचान देते हैं। यह एक स्वाभाविक प्रश्न हो सकता है कि अगर नेतृत्व की वरदी पूरे देश में एक जैसी हो सकती है, तो फिर अधीनस्थ पुलिसकर्मी भी एक जैसे क्यों नहीं दिख सकते? हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भारत को सही अर्थों में एक राष्ट्र-राज्य बनने में जिन संस्थाओं ने मदद की है, उनमें पुलिस भी एक है। भारतीय सेना और भारतीय रेल की ही तरह इसने भी इस महादेश को अपनी विविधताओं को बचाते हुए एक राजनीतिक इकाई बनने में मदद ही की ह। अब जब एक देश-एक शिनाख्ती कार्ड या एक देश-एक टैक्स जैसी व्यवस्थाएं स्वीकृत हो रही हैं, फिर कोई वैध तर्क इस अपेक्षा के खिलाफ नहीं बचता कि एक देश में एक जैसी वर्दी में पुलिस दिखे। इस मामले में यह नहीं भूलना चाहिए कि कोई भी फैसला संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ जाता नहीं दिखना चाहिए।

**■ विभूति नारायण राय**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### बाइक पार्किंग हो

शहर में कई क्षेत्रों में रोज दिन कहीं न कहीं नया निर्माण हो रहा है। कई जगहों पर मॉल का निर्माण हो रहा है। ऐसे में शहर नये युग में प्रवेश कर रहा है। पहले हम बड़े शहरों में ही मॉल देखा करते थे। अब हमारे शहर में भी मॉल बन रहे हैं। लेकिन शहर में कई क्षेत्र रोज दिन जाम की चपेट में आते रहते हैं। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। बाजार की सड़को के बीच जो लोग अपने बाइक को लगा रहे है उसे प्रशासन के लोग थाना ले जा रहे है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं गाड़ी को लगाये तो कहा लगायें। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर चलाये जा रहे अभियान सही है। लेकिन इसके साथ बाइक के लिए प्रशासन पार्किंग की व्यवस्था करें। ऐसे में शहर में बाइक पार्किंग की बहुत शिद्दत के साथ जरूरत महसूस की जा रही है। शहर में अधिकांश सड़क बाइक व अन्य दो पहिया वाहनों के कारण जाम रहते हैं। अगर इन बाइकों के लिए शहर में एक उचित जगह देखकर उनका पार्किंग स्थल बना दिया जाये तो शहर को जाम से मुक्ति मिल सकती है। ज्ञात हो कि शहर में रोज दिन गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग बाइके से आते हैं। मैं आपके लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से प्रशासन व निगम से बाइक पार्किंग बनाने का अनुरोध करता हूं।

**■ कपिल प्रसाद , मेदिनीनगर।**

# डिजिटल विस्तार की राह में बाधा न बने नया कानून

भारत विसंगतियों की भूमि है। विविधता इस कदर है कि विश्व की 20 फीसदी (1.4 अरब) आबादी वाला यह राष्ट्र 19,500 से अधिक भाषाएं बोलता है। यह दुनिया में सबसे अधिक अरबपतियों का मुल्क है, लेकिन सिर्फ चार प्रतिशत लोग ही कर चुकाते हैं और करीब 4.5 करोड़ आबादी गरीबी में निर्वाह करती है। तकनीक व प्रौद्योगिक के लिहाज से यह पावरहाउस है, लेकिन यहां के ज्यादातर लोगों ने अपने जीवन में कभी कंप्यूटर नहीं देखा है। हालांकि, तकनीक अपनाने के क्षेत्र में यह लगातार दूसरे देशों से कहीं आगे निकल रहा है। मसलन, तीन दशक पहले यहां की करीब पांच फीसदी आबादी के पास ही टेलीफोन था, पर आज 1.3 अरब मोबाइल फोन के साथ इसने फिक्स्ड-लाइन टेलीफोन को इतिहास बना दिया है। 60 करोड़ स्मार्टफोन और इंटरनेट सुविधा वाले फोन से यहां के लोग दुनिया भर में विस्तार पाते हैं। इस इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करके सार्वभौमिक पहचान (आधार), सार्वभौमिक भुगतान (यूपीआई) व हाल ही में सार्वभौमिक बैंकिंग की सुविधाओं के साथ 'अपनी आबादी को डिजिटलीकृत करने की दिशा' में भारत ने दुनिया का नेतृत्व किया है। इससे एक अरब से अधिक आबादी के लिए बाधारहित और किफायती सेवाएं सुनिश्चित हो सकी हैं, जिसने समाज में क्रांति ला दी है। इसी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर आधारित ओवर-द-टॉप (ओटीटी) सेवाओं ने भुगतान, संचार, सरकारी सब्सिडी, बैंकिंग, मनोरंजन, और हर कुछ, जो इंटरनेट मुहैया करा सकता है, की सार्वभौमिक पहुंच प्रदान की है। इसने भारत में अभूतपूर्व नवाचार को बढ़ावा दिया है। लिहाजा, यह आश्चर्यजनक है कि भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2022 का मसौदा, जिस पर लोगों की सलाह मांगी गई है, सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे को लेकर किये गये तमाम अच्छे कामों को खत्म करता दिखता है। निस्संदेह, भारत में दूरसंचार कानून पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है, क्योंकि यह क्षेत्र फिलहाल जिस कानून से संचालित है, उसे 1885 में तैयार किया गया था। मगर दूरसंचार क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव के बावजूद प्रस्ताविक कानून में एक चौंकाने वाला तत्व भी है- इसमें ओटीटी सेवाओं को लाइसेंसप्राप्त टेलीकॉम सेवाओं के अधीन लाने की बात है। फिलहाल ये सेवाएं, उन लाइसेंसप्राप्त दूरसंचार कंपनियों द्वारा मुहैया कराई जाती हैं, जो उपभोक्ताओं को फोन और डाटा सेवायें देती हैं। ओटीटी कंपनियां असल में, एप के माध्यम से काम करती हैं। कई ओटीटी सेवाओं से तो हम बखूबी परिचित हैं, जैसे त्वरित और सस्ते संचार के लिए वाट्सएप व टेलीग्राम, और मनोरंजन के लिए नेटफ्लिक्स व हॉटस्टार। लॉजिस्टिक, बीमा, बैंकिंग आदि क्षेत्रों में भी ओटीटी एप हैं। बहरहाल, ओटीटी कंपनियों को लाइसेंस के अधीन लाने का मतलब है कि वे लाइसेंस शुल्क का भुगतान करें। इसके तीन निहितार्थ हैं। पहला, उपभोक्ताओं के लिए लागत काफी बढ़ जायेगी, क्योंकि लाइसेंस का भार उन्हीं पर डाला जा सकता है। इससे दो हजार डॉलर से भी कम की प्रति व्यक्ति आय वाली एक बड़ी आबादी सस्ते संचार व मनोरंजन से वंचित हो सकती है। यह शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच को भी बाधित कर सकता है। प्रस्तावित कानून से लोगों की चुनौती बढ़ सकती है। दूसरा, यह नवाचार को प्रभावित कर सकता है। इंडिया स्टैक और ओटीटी एप संभावनाशील स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मददगार रहे हैं। नतीजतन, आज भारत में 100 से अधिक यूनिकॉर्न बन चुके हैं, और उनके स्टार्टअप फोन व डाटा कनेक्शन की मदद से बीमा, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं। छोटे व बड़े, दोनों व्यवसायों ने इसको लेकर नवाचार किया है। इसका तीसरा निहितार्थ यह है कि प्रस्तावित कानून यदि पास हो जाता है, तो सार्वजनिक हितों में किये गये कामों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि मुफ्त ओटीटी सेवाओं के कारण ही लाखों भारतीय कोविड प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सके।

**■ जसप्रीत बिंद्रा**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### सीतामढ़ी में ड्रग इंस्पेक्टर घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में विजिलेंस टीम ने ड्रग इंस्पेक्टर को गुरुवार सुबह घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ड्रग इंस्पेक्टर नवीन कुमार हैं जो दो लाख रुपये घूस लेते पकड़े गये हैं। ड्रग इंस्पेक्टर के पटना स्थित आवास पर भी छापेमारी चल रही है। ड्रग इंस्पेक्टर ने शहर के दवा व्यवसायी मुकेश कुमार और विनोद कुमार से 75 हजार और 2 लाख की रिश्वत मांगी थी। उनसे कहा गया था कि दुकान का भौतिक सत्यापन के लिए घूस देने होंगे लेकिन दुकानदारों ने विजिलेंस को सूचना दे दी। दोनों पैसे लेकर घूस देने इंस्पेक्टर के पासवान चौक के पास किराए के मकान पर आज सुबह पहुंचे ही थे कि विजिलेंस की टीम की एंट्री हो गई और घूस की रकम दो लाख रुपये के साथ ड्रग इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम का नेतृत्व डीएसपी अरुणोदय पांडे कर रहे थे। विजिलेंस के इस एक्शन के बाद अन्य अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया है।

### रायपुर-बस की चपेट में आकर तीन युवकों की मौत




**रायपुर/दुर्ग (एजेंसी)।** दुर्ग जिले के धमधा ब्लाक के कोड़िया गांव के पास सड़क दुर्घटना में बुधवार देर शाम तेज रफ्तार बस की चपेट में आकर तीन युवकों की मौत हो गयी। मृतक मोटर साइकिल पर सवार थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बस में तोड़फोड़ की। नंदिनी थाना पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है। यातायात पुलिस के अनुसार 12 अक्टूबर से 15 नवंबर तक सिर्फ राजधानी रायपुर में ही सड़क हादसों में 35 दिनों में 23 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक तीनों मृतक ,पोखराज (40वर्ष ), देव यादव (30वर्ष ) तथा बिसाहू साहू (45वर्ष ) ग्राम मेडेसरा के रहने वाले है। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार धमधा से दुर्ग की तरफ जा रही दुर्ग रोडवेज की बस (सीजी 07 ई 1373) ने मोटर साइकिल को पीछे से ठोकर मार दी। मोटर साइकिल सवार तीनों बस के नीचे आ गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बस में तोड़फोड़ कर चालक व परिचालक की जमकर पिटाई की। ग्रामीणों ने बताया कि बस चालक इस सड़क पर बहुत ही तेज गति से बस चलाते हैं। तेज गति से बस चलाने की वजह से यह दुर्घटना हुई। बस चालक बस को नियंत्रित नहीं कर पाया, और मोटर साइकिल को ठोकर मार दी। नंदिनी पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी कर ली है।

### नक्सलियों ने गला रेतकर की एक युवक की हत्या

**कांकेर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर एक युवक की हत्या कर दी है। माओवादी मंगलवार की रात मृतक के घर पहुंचे और उसे अगवा कर ले गए थे। बाद में जंगल में उसकी हत्या कर दी गई। इस घटना की की पुष्टि कांकेर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने की है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित हुर्रापिंजोडी गांव में माओवादियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। इस गांव के सरपंच के भाई के घर 5 से 6 की संख्या में नक्सली घुसे और युवक का अपहरण कर अपने साथ लेकर चले गए। गांव से कुछ ही दूरी पर ले जाकर जंगलों में युवक की निर्मम हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने शव को गांव में ही फेंक दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू की।

### थाने में वृद्ध की मौत के मामले में थानाध्यक्ष निलंबित

**बक्सर (एजेंसी)।** बिहार में बक्सर जिले के कोरान सराय थाना में एक वृद्ध के कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में थानाध्यक्ष जुनैद आलम को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि 15 अक्टूबर को कोपवां गांव निवासी यमुना सिंह एवं लालधारी सिंह के घर के बच्चों से अनुसूचित बस्ती के निवासी बिट्टू पासवान के घर के बच्चों का झगड़ा हुआ था। उसी दिन देर शाम को दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला किया। इस मामले में यमुना सिंह समेत अन्य लोगों को आरोपित बनाते हुए उनके विरुद्ध अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस विवाद में पुलिस ने यमुना सिंह गिरफ्तार किया, जहां उसकी मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि आक्रोशित परिजनों ने यमुना सिंह की थाने में पीट-पीटकर पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष जुनैद आलम को निलंबित कर दिया। साथ ही मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पोस्टमॉर्टम के बाद यह बात स्पष्ट हो जाएगी कि मृत्यु का कारण क्या रहा है। पुलिस थाने के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

### जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष के पिताजी के निधन पर सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**सहरसा (एजेंसी)।** जिले के महिषी प्रखंड के लहुआर गांव निवासी जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष मनोरंजन कुमार सिंह के पिताजी स्व. महेश्वर प्रसाद सिंह ( 88) के निधन हो जाने पर सांसद दिनेशचंद्र यादव उनके आवास पर पहुंच श्राद्धकर्म में सम्मिलित हुये। सांसद ने कहा कि स्व.महेश्वर बाबू बहुत नेक दिल मिलनसार,अच्छे समाज सेवी थे। गरीब गुरबों की हमेशा निस्वार्थ भाव से सेवा करते नही थकते थे। समाज में हमेशा उनकी कमी खलेगी। उन्होनें ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति के लिये प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी।



# उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ के कई ठिकानों पर आईटी ने छापेमारी





**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ के आवास पर इनकम टैक्स (आईटी) की छापेमारी चल रही है। उनके पटना स्थित शिवशक्ति निवास पर गुरुवार सुबह ही आईटी ने छापेमारी की है। मंत्री समीर महासेठ मधुबनी के रहने वाले हैं। आईटी की टीम ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के 12 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि आईटी की टीम ने पहले सोनभवन स्थित उसके ऑफिस में छापेमारी की। इसके बाद राजधानी पटना के डाकबंगला चौराहे पर स्थित हीरा पन्ना दुकान के पास साकार कंस्ट्रक्शन कंपनी के एक और कार्यालय में छापा मारा। सूत्रों के अनुसार इन कंपनियों में बड़े-बड़े नेताओं ने अपनी पूंजी लगाईं है। फिलहाल कई डाक्यूमेंट्स बरामद कर आगे की जांच की जा रही है। छापेमारी एक निर्माण कंपनी पर हुई है जिसके डायरेक्टरों से महासेठ की नजदीकी बताई जाती है। माना जा रहा है कि वित्तीय अनियमितता से जुड़े मामलों को लेकर जांच एजेंसियों के रडार पर समीर महासेठ आये हैं। उनका पुराना व्यवसायिक इतिहास रहा है जिस वजह से वित्तीय लेनदेन से जुड़े मामलों में उन पर छापेमारी होने का संदेह जताया जा रहा है। समीर महासेठ पटना में व्यवसाय करते हैं और ये वैश्य समाज से आने वाले समीर की पहचान नेता के अलावा बिहार में व्यवसायी के रूप में भी है। वह पटना में व्यवसाय करते है। पिछले चुनाव में मधुबनी विधानसभा सीट से इन्होनें एनडीए के घटक दल रहे वीआइपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे भाजता नेता सुमन महासेठ को पराजित किया था। अगस्त 2022 में जब नीतीश कुमार ने एनडीए से नाता तोड़कर राजद और अन्य दलों के साथ महागठबंधन सरकार बनाई तब उन्हें 16 अगस्त को मंत्री बनाया गया।

### कोचिंग संस्थान पर इनकम टैक्स का छापा



**भागलपुर (एजेंसी)।** भागलपुर के खंजरपुर स्थित संजीवनी कोचिंग संस्थान में गुरुवार को इनकम टैक्स विभाग ने छापेमारी की। इनकम टैक्स विभाग को पता चला था कि कोचिंग संस्थान के द्वारा टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। इसी को लेकर इनकम टैक्स विभाग की कई टीमों के द्वारा कोचिंग संस्थान पर दबिश दी गई। कोचिंग के सारे कागजातों की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि कई सालों से कोचिंग संस्थान के द्वारा इनकम टैक्स जमा नहीं किया गया था। इसी को देखते हुए यह छापेमारी की गई है। अभी कागजातों की छानबीन की जा रही है। छानबीन करने के बाद संस्थापक पर फाइन किया जाएगा।

### पार्टी की सांगठनिक मजबूती के लिए मेघालय सफर पर रवाना हुए अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पार्टी की मजबूती के लिए मेघालय सफर पर जा रहे हैं। दोपहर के समय वह रवाना हुए हैं जहां दो दिनों तक रहेंगे। इसके पहले वह त्रिपुरा सफर पर गए थे जिसके बाद उनका मेघालय का दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि मेघालय के भूरा में पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन होना है। उसके बाद शुक्रवार दोपहर के समय भूरा लॉ कॉलेज मैदान में उनकी जनसभा भी होनी है। यहां पार्टी पदाधिकारियों के साथ उनकी बैठक होगी। वहां चर्च के कार्यक्रम में भी वह शिरकत करेंगे। वहां मीडिया से बात करने का भी उनका कार्यक्रम है जिसके बाद उनकी कोलकाता वापसी होगी।

# प्रदेश के 10 जिलों में बनेंगे अत्याधुनिक सर्व सुविधा युक्त न्यायालय : सीएम योगी

- अधिवक्ता चैम्बर, कैंटीन, पार्किंग, सेमिनार हाल, आवासीय कॉलोनी जैसी होंगी सुविधाएं
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 15 दिन में प्रेजेंटेशन तैयार करने के दिए निर्देश



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 10 जिलों में भव्य एवं अत्याधुनिक सर्व सुविधा युक्त न्यायालय भवनों के निर्माण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने आगरा, औरैया, हापुड़, कौशाम्बी, महोबा, बहराइच, चंदौली, हाथरस सहित 10 जिलों में नये न्यायालय भवनों के निर्माण के लिए लोक निर्माण एवं नियोजन विभाग के अधिकारियों से कहा कि इन भवनों की डिजाइन न सिर्फ खूबसूरत हो, बल्कि इन्हें वर्टिकल आकार में बनाया जाए ताकि भूमि की बचत हो। इनका निर्माण आनेवाले 25 से 30 साल बाद की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नये न्यायालय भवनों में न्यायाधीशों के लिए सुंदर, स्वच्छ और हवादार कमरों के साथ ही अधिवक्ताओं के लिए अच्छे चैम्बर, बड़ी लाइब्रेरी, कैंटीन, पार्किंग और सेमिनार हॉल भी निर्मित किये जाएं। निर्मित किये जाने वाले नये न्यायालय भवनों को सर्व सुविधायुक्त बनाकर इन्हें प्रदेश ही नहीं देश में भी एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने 10 जिलों में नये बनने वाले न्यायालय भवनों के साथ ही न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी के निर्माण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने सभी न्यायालयों और रजिस्ट्रार दफ्तरों को ई-ऑफिस के रूप में अपग्रेड करने के लिए भी कहा है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अधिग्रहीत की गयी भूमि में कहीं भी कोई पैच या अन्य परेशानियां न हों।

**न्यायालय भवनों के लिए बने तीन कैटेगरी :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि देश के किसी भी न्यायालय भवन में कोई भी अच्छी व्यवस्था दिखती हो तो उसे भी आर्किटेक्चर में शामिल करें। खासकर के महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश के न्यायालय भवनों को जरूर देखें। उन्होंने नये न्यायालय भवनों के लिए तीन कैटेगरी बनाने के लिए कहा है। इसमें 40-70 लाख की आबादी, 25-40 लाख की आबादी और 25 लाख से कम आबादी वाले जिलों के लिए अगले 25 साल की जरूरतों के हिसाब से न्यायालय भवनों की रूपरेखा तैयार की जाए। उन्होंने सभी कार्य मिशन मोड में पूरा करने के लिए कहा है। साथ ही 15 दिन के भीतर पूरी कार्ययोजना और डिजाइन प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

**डीएम व कप्तान की जिला जज के साथ हो नियमित बैठक :** मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी न्यायालयों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों को जिला जज के साथ नियमित बैठक करने के भी निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बैठकें जिला जज की अध्यक्षता में होंगी और इसमें जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अथवा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का होना अनिवार्य है।


### चार पन्नों का सवाल लेकर आसनसोल जेल पहुंचे दिल्ली से आये ईडी अधिकारी, अणुव्रत से पूछताछ






**आसनसोल (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तारी के बाद आसनसोल जेल में बंद बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अणुव्रत मंडल से गुरुवार को पूछताछ करने के लिए दिल्ली से ईडी अधिकारियों की टीम पहुंची है। सूत्रों ने बताया है कि केंद्रीय मुख्यालय से आए अधिकारियों ने चार पन्नों का सवाल तैयार किया है जिसके जवाब मंडल से लिए जाने हैं। तीन अधिकारियों की एक टीम बुधवार रात को ही दिल्ली से कोलकाता आई थी जो आज गुरुवार दोपहर के समय आसनसोल जेल पहुंची है। इसमें उनकी संपत्ति की जानकारी, रुपये का लेन-देन और बैंक के अकाउंट में हुए करोड़ों के हेरफेर के बारे में उनसे जवाब तलब किया जा रहा है। दरअसल बीरभूम में मौजूद दो राइस मिल और लॉटरी से आए लाखों करोड़ों रुपये के बारे में अणुव्रत मंडल की बेटी सुकन्या मंडल से दिल्ली में पूछताछ हुई थी। वहां सुकन्या ने अधिकारियों को बताया था कि रुपये के लेनदेन और अकाउंट में आने वाली राशि के बारे में पिताजी जानते हैं। इसके लिए सुकन्या के बयान को आधार बनाकर दिल्ली से ईडी की टीम आसनसोल आई है और जेल में उनसे पूछताछ हो रही है। सूत्रों ने बताया है कि उनका बयान रिकॉर्ड किया जा रहा है। अगर वह जांच में सहयोग नहीं करेंगे तो वह भी रिकॉर्ड कर कोर्ट को जानकारी दी जाएगी। उसके बाद बॉडीगार्ड सहगल हुसैन की तरह अणुव्रत मंडल को भी दिल्ली ले जाया जाएगा ताकि बिना किसी दबाव पूछताछ हो सके। पता चला है कि आसनसोल जेल में अधिकारियों ने उन्हें काफी सहूलियत से रखा है। उनकी सुख सुविधाओं का भी ख्याल रखा जा रहा है जिसे लेकर ईडी अधिकारी नाराज हैं। अणुव्रत मंडल को यह बात भी भली-भांति पता है कि जब तक वह पश्चिम बंगाल सरकार के अधीनस्थ जेलों में रहेंगे तब तक उन्हें किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसलिए सूत्रों ने बताया है कि ईडी अब उन्हें भी दिल्ली ले जाने की तैयारी में है।

### भारत-नेपाल सीमा गुरुवार की मध्य रात्रि से 20 नवम्बर तक बंद रहेगी



**बस्ती (एजेंसी)।** भारत-नेपाल सीमा गुरुवार मध्यरात्रि से 20 नवम्बर तक नेपाल में आगामी आम चुनाव के मद्देनजर बंद रहेगी। आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि जब भारत में चुनाव होता है तो चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मित्र राष्ट्र नेपाल से बातचीत करके सीमाएं बन्द करा दी जाती हैं। इस बार मित्र राष्ट्र नेपाल में रविवार को एक साथ विभिन्न पदों के लिए मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। नेपाल प्रशासन के साथ बैठक कर यह फैसला लिया गया है। नेपाल मे चुनाव शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो इसके लिए भारत-नेपाल सीमा को 72 घंटे पहले पूर्णरूप से बंद कर दिया जाएगा। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध भी रहेंगे। सीमा से सटे थानों की पुलिस फोर्स भी पूरी तरह से अलर्ट हो गयी है। दोनों देश की खुफिया एजेंसी सीमाई क्षेत्र में सक्रिय हैं। आज मध्य रात्रि से सीमा बन्द कर दी जायेगी। आपातकालीन चिकित्सा हेतु केवल आने-जाने की अनुमति होगी इसके लिए पूरा विवरण तथा आने जाने वालों की संख्या भी लिखी जायेगी जिस गाड़ी से लोग आयेंगे जायेगे उनका पूरा विवरण लिखा जायेगा आवश्यकता पड़ने पर उनका वीडियो ग्राफी भी कराया जा सकता है। केंद्रीय सशस्त्र बलों सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा सीलिंग प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है बस्ती परिक्षेत्र में सिद्धार्थनगर जनपद के बढ़नी, कपिलवस्तु, ढेबरूआ मार्ग पर भी चौकसी बढ़ा दी गयी है।

### डिजनीलैंड मेला के आयोजन के विरोध में धरना



**भागलपुर (एजेंसी)।** भागलपुर के लाजपत पार्क में नगर निगम द्वारा डिजनीलैंड लगाये जाने की अनुमति देने के खिलाफ गुरुवार को स्थानीय लोगों के द्वारा नगर निगम के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया। धरना दे रहे लोगों की मांग है कि सुबह और शाम के समय आसपास के लोग यहां पर मॉर्निंग वॉक और इवनिंग वाक करते हैं। लेकिन नगर निगम और जिला प्रशासन के द्वारा यहां पर डिजनीलैंड लगाने की अनुमति दे दी गई है। जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं। बताया गया कि पहले भी लाजपत पार्क में पानी का टंकी बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया। जबकि पार्क के बाहर सरकारी जमीन थी। अगर यहां डिजनीलैंड लगाया जाएगा तो इसके लिए जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत बैंकों को 768 आवेदन भेजे गए जिनमें से 154 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। विभिन्न कारणों से 515 आवेदन बैंकों द्वारा वापस किए गए हैं। वर्तमान में बैंक के पास 109 आवेदन लंबित हैं। इन सभी लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# उत्तर बंगाल में कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सेहत बिगड़ी



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण के लिए गुरुवार को सुबह पहुंचे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की सेहत बिगड़ गई है। बताया गया कि रक्त में शुगर का लेवल बहुत कम होने से समस्या हुई है और उनकी हालत चिंताजनक नहीं है। बताया गया कि केन्द्रीय मंत्री गडकरी का पहला कार्यक्रम उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में था, जहां वे 1206 करोड़ रुपये की तीन एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने वाले थे। केन्द्रीय मंत्री दोपहर 12 बजे के करीब सिलीगुड़ी से दुगार्पुर ग्राउंड में पहुंचे थे। उन्होंने मंच पर चढ़कर उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बताया गया कि उसके बाद ही गडकरी अस्वस्थ महसूस करने लगे। उन्होंने अपने साथ के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद उन्हें तुरंत मंच से नीचे लाया गया। कार्यक्रम स्थल पर उनकी सेहत बिगड़ने की सूचना मिलने के तुरंत बाद डॉक्टर और एंबुलेंस भी भी पहुंच गए।

सूत्रों ने बताया है कि उनके रक्त में शुगर का लेवल बहुत कम हो गया है, जिसकी वजह से उनकी सेहत बिगड़ी है। फिलहाल उन्हें स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। हालांकि मंत्री की सेहत के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

खबर लिखे जाने तक उनका इलाज चल रहा था लेकिन हालत चिंताजनक नहीं है। केन्द्रीय मंत्री यहां दो अन्य कार्यक्रम उत्तर दिनाजपुर के रायगंज और पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर में भी निर्धारित हैं। हालांकि माना जा रहा है कि इन कार्यक्रमों को फिलहाल टाल दिया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री राज्य में 7639 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण के लिए यहां पहुंचे हैं।

# लाजवंती झा लिखित पुस्तक विस्मित चेहरे का हुआ लोकार्पण




**सहरसा (एजेंसी)।** विधान परिषद उपसभापति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनगांव निवासी लाजवंती झा लिखित पुस्तक विस्मित चेहरे का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नेता प्रतिपक्ष बिहार विधानसभा विजय सिन्हा, विधान पार्षद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान, पूर्व न्यायाधीश एवं वर्तमान कुलपति मृदुला मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्षेत्रीय कार्यवाहक मोहन सिंह,पूर्व प्राचार्य जय श्री, पद्म श्री विमल जैन एवं लेखिका लाजवंती झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस पुस्तक में 75 महिला स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का जिक्र है। जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम की शुरूआत पुस्तक एवं संस्था के परिचय के साथ लाजवंती झा ने किया। इस मौके पर स्वर्गीय स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने लेखिका को बधाई दी एवं आजादी की लड़ाई में महिलाओं के बलिदान को संकलित करने की प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि नारी ही प्रकृति है, प्रकृति शक्ति है शक्ति ही भक्ति है एवं भक्ति मुक्ति है।मोहन सिंह ने लाजवंती झा को बधाई देते हुए इंदौर में अमृत महोत्सव के अवसर पर आजादी की लड़ाई में शहीद हुए संता सेनानी के 10,000 परिवार की उपस्थिति का जिक्र किया। पद्मश्री विमल जैन ने कहा कि नारी बंद मुंह से अपनी भूमिका निभाती है। वह अद्भुत रहा है। आज भी संघ परिवार के लोग किसी न किसी रूप में समाज को आंदोलित करने का काम कर रहे हैं। संजय पासवान ने कहा कि कोसी अपने आप में ज्ञान का भंडार है। चाणक्य लॉ कॉलेज की मृदुला मिश्रा ने कहा कि ब्रिटिश शासन काल में भारत की विश्व गुरु होने के बावजूद हमारी शिक्षा पद्धति को नेस्तनाबूद कर दिया गया। प्राचार्य श्री ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपना योगदान दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं पूर्व न्यायाधीश मृदुला मिश्रा ने की। वहीं मंच संचालन दूरदर्शन एंकर रूपम रूपम त्रिविक्रम ने किया। तथा धन्यवाद ज्ञापन शोभा सिंह ने किया। इस मौके पर भाजपा परिवार संघ परिवार शिक्षाविद सहित अन्य मौजूद रहे। जिसमें भाजपा मीडिया प्रभारी राजू झा, राजीव रंजन, महिला मोर्चा की अनिता यादव, रीता देवी,सरला रजक,प्रीति पाठक, नीलांजना भट्टाचार्य, गुड़िया तिवारी, शशि तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### सिलेंडर ब्लास्ट से घर में लगी आग आधा दर्जन घरों को नुकसान

**भागलपुर (एजेंसी)।** जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर मोहल्ले में गुरुवार को खाना बनाने के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने से भयानक आग लग गई। घटना के बाबत बताया जा रहा है कि कैलाश नामक शख्स के घर में जोरदार धमाका हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक कैलाश केरोसिन तेल का बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार करता था और इसकी भनक मोजाहिदपुर पुलिस को नहीं थी। थाना के महज एक किलोमीटर की दूरी पर हो रहे केरोसिन तेल का बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार पर स्थानीय लोग आक्रोश भी दिखा। इधर घटना से आसपास के आधा दर्जन घर क्षतिग्रस्त हो गए। लोगों ने करीब दो घंटे तक आग पर काबू पाने की कड़ा प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। घटना के बाद शहर धुआं धुआं हो गया। लोगों का कहना था कि शहर के रिहायशी इलाके में केरोसिन तेल का बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार पुलिस की मिलीभगत से हो रही है। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद मोजाहिदपुर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन फौरन वहां से लौट आए। उधर घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन दस्ते की छह छोटी बड़ी गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान हैरान करने वाली सबसे बड़ी बात यह रही कि पुलिस मौके पर तो पहुंची लेकिन वहां से आई। इधर अवैध किरासन तेल का कारोबार करने वाले कैलाश घटना के बाद से फरार है।

## न्यूज गैलरी

### झारखंड राज्य सब जूनियर बालक-बालिका चयन प्रतियोगिता कल

**रांची।** झारखंड राज्य आत्या-पात्या एसोसिएशन के तत्वावधान में 19 नवम्बर शनिवार को प्रातः 10 बजे से लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में एकदिवसीय रांची जिला सब जूनियर/जूनियर बालक-बालिका आत्या-पात्या प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में सभी कोटि के विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब, ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी आधार कार्ड की छाया प्रति एवं पंजीयन शुल्क एक सौ रुपया जमा करना होगा। चयनित झारखंड टीम के खिलाड़ी 25 से 27 नवम्बर तक रोहतक, हरियाणा में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगें एवं 16 से 18 दिसम्बर तक पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित सब जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह जानकारी झारखंड राज्य आत्या-पात्या एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

### वॉर्नर और स्टीव स्मिथ चमके, ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से दर्ज की जीत

**एडिलेड (एजेंसी)।** अनुभवी डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ की बड़ी अर्धशतकीय पारियों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने डेविड मलान के शतक पर पानी फेरते हुए इंग्लैंड को पहले एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां छह विकेट से हराया। मलान ने 128 गेंदों पर 134 रन की आकर्षक पारी खेली जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनको हालांकि दूसरे छोर से मदद नहीं मिली जिसके कारण इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने पर नौ विकेट पर 287 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों डेविड वॉर्नर (86), ट्रेविस हेड (69) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 80) के अर्धशतकों की मदद से 46.5 ओवर में चार विकेट पर 291 रन बनाकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरूआती बढ़त हासिल की। आरोन फिंच के संन्यास लेने के बाद पैट कमिंस की अगुवाई में पहला वनडे मैच खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को वॉर्नर और हेड ने अच्छी शुरुआत दिलायी। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करके मजबूत नींव रखी। बाद में स्मिथ ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। वॉर्नर और हेड ने अपनी पारियों में समान 10 चौके और एक छक्का लगाया जबकि स्मिथ की पारी में नौ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले इंग्लैंड की पारी मलान के इर्द-गिर्द घूमती रही।

# पाकिस्तान के पास नहीं हैं सूर्यकुमार या हार्दिक

## पूर्व इंग्लिश कप्तान का ट्रोलर्स को करारा जवाब



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने टी-20 मैच के पहले 10 ओवरों में भारतीय बल्लेबाजी के दृष्टिकोण की खिंचाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हुसैन ने कहा कि उन्हें रोहित शर्मा, केएल राहुल और विराट कोहली सहित भारत के टॉप ऑर्डर की आलोचना करने की वजह से ट्विटर पर काफी विरोध का सामना करना पड़ा। जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की ओपनिंग जोड़ी के लिए ऐसा नहीं है। हुसैन ने उन ट्विटर ट्रोल्स को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि पाकिस्तान और भारत की बल्लेबाजी यूनिट के बीच एक बड़ा अंतर है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि बाबर और रिजवान के पास टॉप पर धीमी बल्लेबाजी करने के अलावा ज्यादा विकल्प नहीं हैं, क्योंकि उनके पास मध्य क्रम में सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी नहीं हैं, जो खेल का रुख बदल सकते हैं। हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा कि ट्विटर पर विरोध हो रहा था कि आप भारत के बारे में कैसे बोलते हैं और पाकिस्तान के बारे में नहीं। यह पूरी तरह से अलग बात है। पाकिस्तान की बल्लेबाजी की गहराई नहीं है जैसा कि हमने फाइनल में आखिरी कुछ ओवरों में देखा। उनके पास खिलाड़ी नहीं हैं, जैसे सूर्यकुमार यादव या हार्दिक पांड्या जो मैदान पर आते ही आक्रामक हो सकते हैं। गौरतलब है कि टी-20 वर्ल्ड कप में सूर्यकुमार भारत के लिए दूसरे सर्वश्रेष्ठ रन जोड़नेवाले थे और टॉप रन-स्कोररों में उनका सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट था। उनकी निडर बल्लेबाजी से एक धीमी शुरुआत के बावजूद भारत को बड़ा टोटल बनाने में मदद की। हार्दिक पांड्या ने भी सेमीफाइनल में 33 गेंदों में 63 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने आगे कहा कि पाकिस्तान एक बड़ा टोटल नहीं खड़ा कर सकता, क्योंकि उनके पास दुनिया का सबसे अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है।

# रांची की रिधिमा मिश्रा को अर्निश नेशनल चैम्पियनशिप में मिला गोल्ड



■ झारखंड को मिले कई पदक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के हटिया पटेल नगर हिमगिरि कुंज की रहनेवाली रिधिमा मिश्रा ने अर्निश नेशनल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल धुर्वा की छात्रा रिधिमा मिश्रा के साथ अर्निश नेशनल चैम्पियनशिप में झारखंड को कुल दो गोल्ड मेडल मिले हैं। रिधिमा मिश्रा के अलावा कुमकुम कुमारी ने भी गोल्ड मेडल जीता है। अर्निश नेशनल चैम्पियनशिप में झारखंड को दो गोल्ड मेडल के अलावा तीन रजत और दो कांस्य पदक भी मिले हैं।

**जम्मू-कश्मीर में हुई थी प्रतियोगिता :** उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पोलो ग्राउंड में अर्निश नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। यहां झारखंड ने कई मेडल अपने नाम किये। इस उपलब्धि पर झारखंड अर्निश स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव सिफु विश्वजीत कर्माकर और अध्यक्ष गुलाम अब्दुल कादिर ने सभी विजेताओं को बधाई और भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं।

**गुरुवार को रांची लौटी टीम :** इस प्रतियोगिता में पदक जीतने के बाद टीम ट्रेन से रांची पहुंची। जहां स्टेशन पर आरपीएफ तथा संस्था के सदस्यों द्वारा सभी खिलाड़ियों का माला पहनाकर और गुलदस्ता देकर सम्मान किया गया। रांची में टीम को जोरदार स्वागत किया गया। यह जानकारी झारखंड अर्निश स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव विश्वजीत कर्मकार ने दी।

**इन्होंने जीता मेडल**

- गोल्ड मेडल
- रिधिमा मिश्रा
- कुमकुम कुमारी
- रजत पदक
- रविराज राय
- अश्फाक अंसारी
- शिवानी कुमारी
- कांस्य पदक
- प्रियंका सोय
- आरती कुमारी

# हार्दिक की अगुवाई में नये रंग में दिखेगी टीम इंडिया, शुभमन कर सकते हैं डेब्यू



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज में युवा और निडर खिलाड़ियों की मदद से अपनी पुरानी खेल शैली को बदलने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। पिछले साल यूएई में विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद भारत ने बल्लेबाजी में आक्रामक शैली अपनायी थी, लेकिन अगले विश्व कप के आने तक शीर्ष क्रम के बल्लेबाज खराब फॉर्म से जूझने लगे और विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ खुलकर नहीं खेल पाये। भारत का इस तरह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का 9 साल का इंतजार जारी रहा। अगला टी-20 वर्ल्ड कप अभी दो साल दूर है और ऐसे में भारत के पास खिलाड़ियों की पहचान करने और इंग्लैंड द्वारा अपनाये गये किसी भी कीमत पर आक्रमण करने के रवैये के साथ उन्हें निखारने के लिए पर्याप्त समय है। अगले टी-20 वर्ल्ड कप में टीम के संभावित कप्तान हार्दिक पंड्या रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई कर रहे हैं। कार्यवाहक मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने संकेत दिया है कि आधुनिक खेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रबंधन सिर्फ टी-20 विशेषज्ञों को शामिल करने का इच्छुक है। अगले साल होनेवाले 50 ओवर के वर्ल्ड कप को देखते हुए अब ध्यान वनडे पर अधिक रहेगा, लेकिन भारत यहां होनेवाले तीन और फिर अपनी मेजबानी में होनेवाले वर्ल्ड कप तक नौ और टी-20 मुकाबलों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा। विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में शानदार फॉर्म में थे, लेकिन पावरप्ले में रोहित और लोकेश राहुल की बल्लेबाजी में जज्बे की कमी के लिए काफी आलोचना हुई। इस तरह की संभावना है कि ये तीनों 2024 टूर्नामेंट तक सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेलेंगे और ऐसे में भारत को भविष्य की योजना बनानी होगी। यहां होनेवाले पहले मैच में इशान किशन और शुभमन गिल पारी का आगाज कर सकते हैं, लेकिन प्रबंधन शीर्ष क्रम में ऋषभ पंत को भी एक और मौका देना चाहेगा।


**कुलदीप-युजवेंद्र की जोड़ी पर रहेगी नजर**

**टी-20** में भारत की समस्याओं का एक बड़ा कारण अंगुली के स्पिनरों के जरिये बीच के ओवरों में विकेट चटकाने में असमर्थता है। न्यूजीलैंड के होनेवाली सीरीज के साथ कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को एक बार फिर एक साथ गेंदबाजी करने का मौका मिल सकता है। भारत को जसप्रीत बुमराह के साथ एक ऐसे गेंदबाजी की तलाश है जो तूफानी गति से गेंदबाजी कर सके और ऐसे में टीम के पास दांव खेलने के लिए उमरान मलिक मौजूद हैं। आयरलैंड और इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर उमरान को काफी सफलता नहीं मिली और उनकी नजरें गति से समझौता किये बगैर सटीक गेंदबाजी करने पर टिकी होंगी।

## इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स में युवराज की बढ़त बरकरार

**डिगबोई (एजेंसी)।** गत चैंपियन युवराज सिंह संधू ने इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स 2022 के दूसरे दिन गुरुवार को दो-अंडर 70 के रिटर्न के बाद एक-शॉट की बढ़त बनाये रखी है। डिगबोई गोल्फ लिंक्स क्लब में 75 लाख की इनामी राशि वाली प्रतियोगिता में ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा दूसरे चरण में दूसरे स्थान पर हैं वहीं श्रीलंका की अनुरा रोहाना (71) नौ-अंडर 135 के साथ तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा मैसूर की आलाप आई एल (68) आठ-अंडर 136 के साथ चौथे स्थान पर रही। पीजीटीआई के 2022 के सत्र में चार खिताब जीत चुके संधू (63-70) ने गुरुवार को 10वें टी स्टार्टर में शुरूआती बर्डी के साथ एक और आशाजनक शुरूआत की, लेकिन 13वें होल पर वह लड़खड़ा गए जबकि 14वें पर उनकी गेंद एक पेड़ के पीछे बंकर में अटकी गयी।

# एश्टन एगर ने बाउंड्री पर पकड़ा शानदार कैच



**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज शुरुआत हो चुकी है। पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत से ही कसी गेंदबाजी से इंग्लैंड को रन बनाने के लिए तरसा दिया था, लेकिन डेविड मलान ने शतकीय पारी खेलकर से स्कोर बोर्ड पर 287 लगा दिया। इस मैच में ना सिर्फ गेंदबाजों शानदार खेल का प्रदर्शन किया बल्कि मैदान पर फील्डरों ने भी धमाल मचाया। खास तौर से एश्टन एगर तो पूरे मैच में छाये रहे। उन्होंने बाउंड्री पर शानदार एफर्ट के साथ बेहतरीन रन आउट भी किया। उसी का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है जिसमें वह हवा में छलांग लगाते हुए छह रन को रोककर सबको हैरान कर दिया। दरअसल, मैच के 45वें ओवर में डेविड मलान ने पैट कमिंस की शॉट गेंद पर गजब का पुल शॉट खेला था। गेंद लगभग बाउंड्री को पार ही चुकी थी, लेकिन एश्टन एगर ने लंबी दौड़ लगाकर छलांग मारते हुए गेंद को बाउंड्री के भीतर धकेल दिया। एगर के शानदार प्रयास के कारण ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पांच महत्वपूर्ण रन बचा लिए।

**डेविड मलान ने जड़ा शतक :** इंग्लैंड की तरफ से डेविड मलान ने शानदार शतकीय पारी खेली। वनडे करियर का उनका यह दूसरा शतक था। अपनी बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने 128 गेंद का सामना करते हुए 134 रनों की पारी खेली जिसमें उन्होंने 12 चौके और चार बेहतरीन छक्के भी जड़े। मलान की इस शतकीय पारी से ही इंग्लैंड की टीम ने 287 रन का स्कोर खड़ा कर पाई। मुकाबले में इंग्लैंड की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने महज 118 रन के स्कोर पर इंग्लैंड के पांच विकेट झटक लिये थे। डेविड मलान के अलावा डेविड विली ने 40 गेंद में 34 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा कप्तान जोस बटलर ने 29 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# टी-20 क्रिकेट को समझने के लिए अभी तय करना है लंबा रास्ता : अश्विन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि भारत को अभी टी-20 में काफी कुछ सीखने और लागू करने की जरूरत है। उनकी टिप्पणी सेमीफाइनल में अंतिम चैंपियन इंग्लैंड से 10 विकेट की हार के बाद आई है। अब भारतीय टीम 18 नवम्बर से न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेगी जिसकी कप्तानी हार्दिक पांड्या कर रहे हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे लगता है कि टी-20 क्रिकेट को समझने के लिए हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि अंतिम उपयोगकर्ता खेल का उपभोग कैसे कर रहा है। उसके आधार पर ही बाकी चीजें होने लगेंगी। आइए आईपीएल से ही शुरू करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास ऑरेंज और पर्पल कैप हैं। जब आईपीएल की बात आती है तो दोनों में महत्वपूर्ण वॉल्यूम होता है। यह रनों की मात्रा और विकेटों की मात्रा के बारे में बात करता है। क्या हमें इस पर पुनर्विचार की जरूरत है, यह मेरा विचार है। हाल ही में समाप्त हुए टी-20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहने के अलावा भारतीय टीम पहले एशिया कप फाइनल (2022) के लिए भी क्वालीफाई करने में विफल रही थी, क्योंकि वे चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ हार के बाद सुपर 4 से बाहर हो गए थे। हालांकि, भारतीय टीम द्विपक्षीय टी-20 इंटरनेशनल श्रृंखला में वास्तव में सफल रहा है और पिछले 12 महीनों में कोई भी घर या बाहर श्रृंखला नहीं हारी है। दूसरी ओर, रविचंद्रन अश्विन को आईपीएल 2023 के उद्घाटन संस्करण के विजेता राजस्थान रॉयल्स ने बरकरार रखा है। आरआर के लिए उनका 2022 सीजन अच्छा रहा क्योंकि उन्होंने 17 मैचों में 27.29 की औसत और 141.48 की स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक सहित 191 रन बनाए हैं।

## ट्रेंट बोल्ट की जगह नये गेंदबाजों को मिलेगा मौका

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट की गैरमौजूदगी में अन्य तेज गेंदबाजों को आजमाने की उम्मीद है। सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल भी सीरीज में नहीं खेलेंगे और ऐसे में पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी डेवॉन कॉनवे और फिन एलेन के कंधों पर होगी। टी-20 विश्व कप के दौरान विलियमसन के स्ट्राइक रेट को लेकर भी सवाल उठे थे और उनकी नजरें भी लय हासिल करने पर टिकी होंगी।

# फीफा 2022 : मैच के दौरान स्टेडियम में नहीं पी सकते शराब

**कतर (एजेंसी)।** फुटबॉल का महाकुंभ कहा जानेवाला फीफा वर्ल्ड कप इस बार कतर में खेला जा रहा है। 29 दिनों तक चलनेवाले इस टूर्नामेंट की शुरुआत 20 नवम्बर से होने जा रही है। दुनियाभर के फुटबॉल फैंस इस टूर्नामेंट को देखने के लिए कतर पहुंच रहे हैं। लेकिन यह फीफा वर्ल्ड कप अन्य वर्ल्ड कप की तरह नहीं होगा, क्योंकि यह कतर में आयोजित किया जा रहा है और इस्लामिक देश होने के कारण यहां कई तरह के प्रतिबंध हैं। कतर में अगर प्रवेश करना है तो इसके लिए यह कार्ड बेहद जरूरी है। हय्या कार्ड एक तरह का आईडी कार्ड होता है। इसके जरिये आप कतर में कहीं भी आ जा सकते हैं। ये कार्ड जिसके पास भी होगा वो लोग कतर और यहां के स्टेडियमों में जाने के साथ-साथ मैच वाले दिन मेट्रों और बसों में मुफ्त में यात्रा कर सकते हैं। इस कार्ड के होते हुए कतर में प्रवेश के लिए वीजा की जरूरत भी नहीं पड़ती। कतर एक इस्लामिक देश है और बाकी अन्य इस्लामिक देशों की तरह यहां भी शराब पीना माना है। दुनियाभर से यहां आनेवाले फुटबॉल प्रेमियों के लिए शराब को लेकर कुछ नियम बनाए गए हैं। यूरोप में फुटबॉल मैच के दौरान फैंस के हाथ में बीयर का ग्लास होना आम है, लेकिन कतर में वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। कतर में महिला और पुरुष दोनों के लिए कपड़ों को लेकर कुछ पाबंदियां लागू की गई है। यहां महिलाएं ऐसे कपड़े नहीं पहन सकती हैं, जो बॉडी को एक्सपोज करते हो। ऐसे कपड़े पहनने पर यहां जेल भेजने तक का नियम है। महिलाओं को यहां अपने कंधे से लेकर घुटने तक के शरीर को पूरी तरह से ढके रखना होगा। इसके अलावा महिला टाइट फिटिंग कपड़े नहीं पहन सकेंगी। महिला और पुरुष दोनों घुटने से ऊपर के कपड़े भी वहां नहीं पहन सकती है। उन्हें ऐसे कपड़े पहनने होंगे जो पैरों को पूरी तरह से ढकता हो। कतर में अगर विजिटर्स पहनावे को लेकर नियमों का उल्लंघन करते पाए गए तो उन्हें जेल भेजा जा सकता है।

■ नियम तोड़ने पर मिलेगी कड़ी सजा



**शादीशुदा कपल को ही मिलेगा होटल :** कतर में सिर्फ शादीशुदा कपल ही एक साथ होटल में रुक सकते हैं। बिना शादीशुदा कपल को होटल रूम नहीं दिया जाएगा। कतर में इस्लामी सरिया कानून लागू है। जिसके तहत सिगंल्स का आपस में सेक्स करना बड़ा अपराध है। कतर में शादी से पहले संबंध बनाना भी अपराध की श्रेणी में है। ऐसे में फुटबॉल वर्ल्ड कप देखने आने वाले फैंस को इन बातों का ध्यान रखना होगा।

**अपराध है समलैंगिकता**

**कतर** में समलैंगिकता अपराध है। भारत में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा समलैंगिकता को मान्यता दे दी गयी है। लेकिन कतर में यह गैरकानूनी है। ऐसे अपराधों के लिए विदेशी नागरिकों को भी सात साल की जेल हो सकती है। जब फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी दी गई थी तो उसी समय कुछ खिलाड़ियों ने समलैंगिक फैंस को लेकर चिंता जाहिर की थी। हालांकि आयोजकों ने कहा था समलैंगिकता से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन हाल ही में फीफा वर्ल्ड के एंबेसडर खालिद सलमान ने अपने एक बयान में कहा कि समलैंगिकता एक मानसिक बीमारी और यहां आने वाले सभी व्यक्ति पर कतर का कानून लागू होगा। ऐसे में समलैंगिक फुटबॉल फैंस को इन बातों का ध्यान रखना होगा।




# भारत खाड़ी सहयोग परिषद के साथ अगले हफ्ते करेगा मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच आर्थिक सबंधों को बढ़ावा देने की खातिर मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले हफ्ते बातचीत होगी। फिलहाल ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, कनाडा और इजराइल समेत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। दरअसल, जीसीसी खाड़ी क्षेत्र के छह प्रमुख देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का संघ है। भारत और जीसीसी दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत करना चाहते हैं। एक दिन पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि भारत अगले सप्ताह एक और क्षेत्र के साथ एफटीए के लिए बातचीत शुरू करेगा। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि अगले हफ्ते हम एक और बहुत महत्वपूर्ण एफटीए पेश करेंगे। फिलहाल ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, कनाडा और इजराइल समेत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। मुक्त व्यापार समझौता यानी एफटीए दो अथवा दो से ज्यादा देशों के बीच में आयात-निर्यात शुल्क को कम करने या समाप्त करने के लिए एक तरह का समझौता है। एफटीए के तहत संबंधित देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार बहुत कम या बिना किसी टैरिफ बाधाओं के किया जा सकता है।

## बरौनी खाद कारखाना से नीम कोटेड "अपना यूरिया" का रेल से डिस्पैच शुरू

**बेगूसराय।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से बनकर तैयार हुए बिहार के एकलौते खाद कारखाना हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) बरौनी से नीम कोटेड "अपना यूरिया" का रेल रैक के माध्यम से डिस्पैच शुरू हो गया है। हर्ल कारखाना से बिहार सहित अन्य प्रदेशों में रेल मार्ग से भेजने के लिए पूर्व-मध्य रेलवे के गति शक्ति कार्गो टर्मिनल से 21 वैगन वाले पहले मिनी रैक में 1228 मैट्रिक टन नीम कोटेड अपना यूरिया को बरौनी हर्ल खाद कारखाना के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अशोक बंसल ने हरी झंडी दिखाकर जमुई के लिए रवाना किया। रेलवे द्वारा कारखाना परिसर में गति शक्ति के लिए बिछाए गए 4.2 किलोमीटर रेलवे ट्रैक से जब पहला रैक रवाना किया गया।

## किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड ने आठ दिसंबर को बुलाई शेयरधारकों की बैठक



नयी दिल्ली (एजेंसी)। किर्लोस्कर बंधुओं में छिड़े विवाद के बीच किर्लोस्कर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के शेयरधारकों की आठ दिसंबर 2022 को असाधारण आमसभा बुलाई है। इसमें किसी बाहरी एजेंसी से कंपनी के मामलों के फॉरेंसिक ऑडिट पर विचार करने और मंजूरी देने संबंधी बात होगी। यह अनुरोध किर्लोस्कर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (केआईएल) के साथ-साथ अतुल किर्लोस्कर तथा राहुल किर्लोस्कर दोनों की तरफ से किया गया है। इनकी किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड (केबीएल) में कुल 24.92 फीसदी हिस्सेदारी है। केबीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय किर्लोस्कर हैं। राहुल और अतुल एक तरफ हैं जबकि संजय दूसरी तरफ हैं। इन दोनों गुटों के बीच 2016 से ही 130 साल पुराने समूह की परिसंपत्तियों के पारिवारिक निपटारे को लेकर विवाद चल रहा है। केबीएल ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि केआईएल, अतुल किर्लोस्कर और राहुल किर्लोस्कर की ओर से ईजीएम बुलाने की मांग की गई थी। यह ईजीएम आठ दिसंबर 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम से होगी। ईजीएम में केबीएल के व्यय का फॉरेंसिक ऑडिट किसी स्वतंत्र लेखाकार से करवाने के बारे में विचार किया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### आकाश हेल्थकेयर का ताशकंद में खुला अस्पताल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश में स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र की निजी कंपनी 'आकाश हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड' ने 40 लाख डॉलर के निवेश से उज्बेकिस्तान के ताशकंद में अपना एक सहयोगी बहु सुविधा अस्पताल खोला है। जो किसी भारतीय कंपनी का यह पहला विदेशी अस्पताल है। आकाश हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष चौधरी ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संस्थान ने ताशकंद में स्थित अस्पताल-एशिया मेड सेंटर का अधिग्रहण किया है और इसका नाम बदलकर ह्यआकाश हेल्थकेयर मल्टी-स्पेशलिटी अस्पतालह्ण रखा है। इससे उज्बेकिस्तान और आस पास देशों के लोगों और प्रवासियों को भारत आकर इलाज कराने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में फिलहाल 50 बिस्तर होंगे। इससे भारत में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती से होने से पहले और बाद में मदद उपलब्ध करायी जाएगी। कंपनी की योजना उज्बेकिस्तान में अगले तीन वर्षों में एक करोड़ डॉलर का निवेश करने की है। श्री चौधरी ने कहा कि इस अस्पताल से उज्बेकिस्तान के लोगों के साथ-साथ आस-पास के देशों के लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के चिकित्सकों और कर्मचारियों के परस्पर सहयोग से यह संस्थान काम करेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल का औपचारिक उद्घाटन 23 नवंबर को ताशकंद में होगा।

### अगले सप्ताह नये एफटीए पर बातचीत शुरू करेगा भारत: गोयल



नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत अगले सप्ताह एक और क्षेत्र के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, कनाडा और इजराइल समेत कई देशों के साथ एफटीए को लेकर बातचीत चल रही है। गोयल ने यहां उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के एक समारोह में कहा, अगले सप्ताह हम एक और बहुत महत्वपूर्ण एफटीए पेश करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने हालांकि किसी क्षेत्र का खुलासा नहीं किया। लेकिन ऐसी संभावना है कि इस दिशा में वार्ता खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के साथ शुरू हो सकती है क्योंकि यह क्षेत्र भारत के साथ आर्थिक जुड़ाव बढ़ाने का इच्छुक है। जीसीसी दरअसल खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का एक संघ है।

### टाटा मोटर्स को हरियाणा सरकार से 1,000 बसों का ठेका मिला



नयी दिल्ली (एजेंसी) वाहन कंपनी टाटा मोटर्स को हरियाणा रोडवेज से 1,000 बसों का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि अनुबंध के तहत वह 52-सीटों वाली पूरी तरह से निर्मित भारत चरण-छह (बीएस-6) डीजल बसों की चरणबद्ध तरीके से आपूर्ति करेगी। टाटा मोटर्स के उपाध्यक्ष (उत्पाद श्रृंखला- बसें) रोहित श्रीवास्तव ने बयान में कहा, "इन बसों की आपूर्ति हरियाणा सरकार के साथ हमारी साझेदारी को और मजबूत करेगी। इसके अलावा राज्य के नागरिकों को आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। हम देश में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हरियाणा परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने कहा कि बसें सभी हितधारकों को समान रूप से लाभ देगी और यात्रियों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करेंगी।

# दिन भर चले उतार-चढ़ाव के बाद तेजी के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 107.73 अंक मजबूत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत आज गिरावट के साथ हुई थी। दिनभर की ट्रेडिंग में आज भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हालांकि, बाद में एक बार फिर सेंसेक्स और निफ्टी मजबूत हुए। अंत में सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 107.73 अंकों की तेजी के साथ 61,980.72 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी इंडेक्स की बात करें तो इसमें 6.25 अंकों की मामूली तेजी है। आज निफ्टी में बैंक शेयरों में 0.38 फीसदी की तेजी रही, जबकि ऑटो शेयर 0.38 फीसदी कमजोर हुए हैं। इसके अलावा, आईटी शेयरों में भी हल्की खरीदारी देखने को मिली है। मीडिया, मेटर और फार्मा शेयर लाल निशान पर बंद हुए हैं। वहीं, रियल्टी में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। घरेलू शेयर बाजार के लिए आज ग्लोबल संकेत मिले-जुले नजर थे। आज के कारोबार में प्रमुख एशियाई बाजारों में बिकवाली देखने को मिल रही है। वहीं, अमेरिकी बाजार की बात करें तो वे हरे निशान पर बंद हुए हैं। मंगलवार को डाओ जोंस में 56.22 अंकों की तेजी रही और यह 33,592.92 के लेवल पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स में 0.87 फीसदी तेजी रही और यह 3,991.73 के लेवल पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। 2.73 फीसदी की बढ़त के कोटक बैंक के शेयर टॉप गेनर्स में रहा। वहीं बजाज फाइनेंस के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। तेजी के साथ बंद होने वाले शेयरों में हिन्द यूनिलीवर, डॉ. रेड्डी, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी, टीसीएस, पावरग्रिड, सनफार्मा आदि हैं।

## आर सिस्टम्स इंटरनेशनल में 35.9 करोड़ डॉलर में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदेगी ब्लैकस्टोन

**मुंबई।** अमेरिका की निजी इक्विटी कंपनी ब्लैकस्टोन डिजिटल सेवा कंपनी आर सिस्टम्स इंटरनेशनल में 35.9 करोड़ डॉलर (2,904 करोड़ रुपये) में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ब्लैकस्टोन ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने इस आशय के लिए सतिंदर सिंह रेखी समेत आर सिस्टम्स के अन्य प्रवर्तकों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। रेखी ने वर्ष 1993 में आर सिस्टम्स की स्थापना की थी। यह डिजिटल सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा उपलब्ध कराने के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है। इसके अलावा नोएडा स्थित कंपनी उत्पाद इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता प्राप्त है और प्रौद्योगिकी, मीडिया, दूरसंचार एवं वित्तीय सेवा क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर 250 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है।

# ट्विटर के लिए नये लीडर की तलाश में एलन मस्क कर्मचारियों को फिर सुनाया यह नया फरमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। एलन मस्क ने ट्विटर के कर्मचारियों को कंपनी का हिस्सा बने रहने के लिए आज शाम तक का समय दिया है। ट्विटर के नए मालिक ने कर्मचारियों को भेजे एक ईमेल में लिखा कि कर्मचारियों को एक सफल ट्विटर 2.0 बनाने के लिए बहुत परिश्रमी होने की आवश्यकता होगी। साथ ही सफलता के लिए लंबे समय तक उच्च क्षमता दिखानी होगी। वहीं मस्क ने अब ट्विटर के लिए नया लीडर तलाशने का फैसला किया है। मस्क ने कहा कि ट्विटर अधिकतर इंजीनियरिंग आधारित चलेगा और टीम के ज्यादातर कर्मचारी 'कोडिंग' करने वाले होंगे। अरबपति उद्योगपति ने ट्विटर को अक्तूबर के अंत में 44 अरब डॉलर में खरीदने के बाद बड़ी संख्या में कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। वह अब अनुबंध वाले कुछ कर्मचारियों को भी निकालने की योजना बना रहे हैं। मस्क ने ईमेल में कर्मचारियों से पूछा है कि वे 'नए ट्विटर' का हिस्सा बनना चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारी कंपनी का हिस्सा बने रहना चाहते हैं तो ईमेल में दिए गए लिंक पर ह्यहां' के रूप में क्लिक करें। ईमेल के अनुसार, उन्होंने कर्मचारियों को लिंक का जवाब देने के लिए गुरुवार शाम 5 बजे तक का समय है। जो कर्मचारी उस समय तक जवाब नहीं देंगे, उन्हें नौकरी समाप्ति का तीन महीने का नोटिस दिया जाएगा। मस्क ने लिखा, आप जो भी निर्णय लेते हैं, ट्विटर को सफल बनाने के आपके प्रयासों का धन्यवाद।

## सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को बढ़ाया, नई दरें लागू

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स (अप्रत्याशित लाभ कर) बढ़ा दिया है, जबकि डीजल के निर्यात पर कर घटा दिया है। नई दरें 17 नवंबर, गुरुवार से लागू हो गई है। भारत सरकार के स्वामित्व वाली ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन जैसी कंपनियों के उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 9,500 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 10,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया है।


## अमित मित्रा ने सीतारमण को लिखा पत्र जीएसटी परिषद की बैठक बुलाने का आग्रह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के पूर्व वित्त मंत्री अमित मित्रा ने बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से जीएसटी परिषद की बैठक तत्काल बुलाने का आग्रह किया। परिषद की बैठक जून के बाद से नहीं हुई है। वर्तमान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रधान मुख्य सलाहकार मित्रा ने सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि नियमों के तहत जीएसटी (माल एवं सेवा कर) परिषद की बैठक वित्त वर्ष के दौरान हर तिमाही होनी है। सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक 28-29 जून को चंडीगढ़ में हुई थी। उसके बाद अगस्त में बैठक मदुरै में प्रस्तावित थी लेकिन वह नहीं हुई। मित्रा ने पत्र में लिखा है,...बैठक के प्रावधान का घोर उल्लंघन करते हुए, आपने पिछले साढ़े चार महीनों में परिषद की एक भी बैठक नहीं बुलाई है। पश्चिम बंगाल के वित्त राज्यमंत्री या जीएसटी परिषद के किसी अन्य सदस्य को इसके किसी कारण को लेकर सूचना भी नहीं दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने और कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर माल एवं सेवा कर लगाने के बारे में मंत्रियों के दो समूह अबतक अपनी रिपोर्ट नहीं दे पाए। दर को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्री समूह की अंतरिम रिपोर्ट में जरूर जून में सौंपी गयी। मित्रा ने लिखा है, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप तत्काल जीएसटी परिषद की बैठक बुलाएं।

## शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 37 पैसे टूटा

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के बीच रुपया बृहस्पतिवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 37 पैसे टूटकर 81.63 पर आ गया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 81.62 पर खुला, और फिर गिरावट के साथ 81.63 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 37 पैसे की कमजोरी दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 35 पैसे लुढ़ककर 81.26 पर बंद हुआ था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत बढ़कर 106.55 पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.03 प्रतिशत नुकसान के साथ 91.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# भारतीयों के लिए ऑस्ट्रेलिया जाना हुआ मुश्किल 50 फीसदी छात्रों का स्टूडेंट वीजा रिजेक्ट हुआ




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कई भारतीय छात्रों को इस साल अपना स्टूडेंट वीजा हासिल करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा है। रिपोर्ट्स में कहा गया है ऑस्ट्रेलिया ने भारत, पाकिस्तान और नेपाल से स्टूडेंट वीजा के लिए अप्लाई करने वाले लगभग 50 प्रतिशत छात्रों का वीजा रिजेक्ट कर दिया है। हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत, पाकिस्तान और नेपाल से अप्लाई करने वाले लगभग 50 फीसदी छात्रों का स्टूडेंट वीजा रिजेक्ट हुआ है। 2022 को लेकर ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने सुझाव दिया कि इंटरनेशनल वीजा के लिए अप्लाई करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या में भारी कमी देखी गई है। अगर चार स्टूडेंट एडमिशन की अप्लाई कर रहे हैं, तो उसमें सिर्फ एक ही इंटरनेशनल स्टूडेंट है। वहीं, वोकेशनल एजुकेशन के लिए भारत, पाकिस्तान और नेपाल से अप्लाई करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या 50 फीसदी से कम है। इन कोर्सेज के लिए सिर्फ 3.8 स्टूडेंट्स का एप्लिकेशन ही मंजूर किया गया है। कुल मिलाकर 900 स्टूडेंट्स में से सिर्फ 34 को ही स्टूडेंट वीजा मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी भी दी गई है कि जुलाई 2022 तक भारत के 96,000 के करीब स्टूडेंट्स ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे हैं या उनहोंने पढ़ाई के लिए अप्लाई किया है। चीन के बाद ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई करने वाले इंटरनेशनल स्टूडेंट्स की सबसे अधिक संख्या भारत से ही है। अगर बात करें, हायर एजुकेशन की, तो भारतीय स्टूडेंट्स के लिए वीजा हासिल करने का सक्सेस रेट या कहें वीजा अप्रूव होने की दर घटकर 56 फीसदी पर आ गई है।

## दुबई या न्यूयॉर्क, गौतम अडानी खोलेंगे फैमिली ऑफिस, ये है पूरा प्लान

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे रईस अरबपति गौतम अडानी एसेट्स मैनेजमेंट के लिए विदेश में एक फैमिली ऑफिस खोलने पर विचार कर रहे हैं। यह ऑफिस दुबई या न्यूयॉर्क में खोलने पर विचार किया जा रहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस ऑफिस में अडानी परिवार के वेल्थ के मैनेजमेंट पर काम किया जाएगा।

सूत्रों ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर अडानी परिवार सलाहकारों और टैक्स विशेषज्ञों से बात कर रहा है। ऑफिस के स्थान में बदलाव संभव है। हालांकि, अडानी समूह की ओर से अब तक इस पर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। बहरहाल, गौतम अडानी इस योजना को अमल में लाते हैं तो वह दुनिया के चंद अरबपतियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।

# संध्या देवनाथन को मेटा इंडिया का प्रमुख नियुक्त किया गया, एक जनवरी से संभालेंगी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा इंक ने संध्या देवनाथन को मेटा इंडिया का प्रमुख नियुक्त किया है। देवनाथन मेटा इंडिया का एक जनवरी, 2023 से कार्यभार संभालेंगी।

कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि संध्या देवनाथन को मेटा इंडिया का प्रमुख बनाया गया है। वह अजीत मोहन की जगह लेंगी। मोहन ने इस महीने की शुरूआत में मेटा से इस्तीफा दे दिया था। देवनाथन एक जनवरी, 2023 से अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगी और मेटा एशिया-प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) के उपाध्यक्ष डैन नेरी को रिपोर्ट करेंगी। वह एपीएसी नेतृत्व समूह का हिस्सा होंगी। मेटा के मुख्य कारोबार अधिकारी मार्ने लेविन ने जारी बयान में कहा कि संध्या देवनाथन के पास व्यवसायों को बढ़ाने, असाधारण और समावेशी समूह बनाने, उत्पाद नवाचार चलाने तथा मजबूत साझेदारी बनाने का अनुभव है। संध्या देवनाथन साल 2016 में मेटा से जुड़ी थीं। उन्होंने सिंगापुर और वियतनाम के कारोबार तथा समूहों के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशिया में मेटा की ई-कॉमर्स पहल को आगे बढ़ाने में मदद की। उल्लेखनीय है कि फेसबुक, वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने पिछले हफ्ते ही अपने 11 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। कंपनी ने अपने 18 साल के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की है। कर्मचारियों को निकालने का ऐलान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने किया।

> मेटा के मुख्य कारोबार अधिकारी मार्ने लेविन ने जारी बयान में कहा कि संध्या देवनाथन के पास व्यवसायों को बढ़ाने, असाधारण और समावेशी समूह बनाने, उत्पाद नवाचार चलाने तथा मजबूत साझेदारी बनाने का अनुभव है।

## अमेजन में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी शुरू

**नई दिल्ली/सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** अमेरिका की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने बढ़ती आर्थिक मंदी के बीच अपना खर्च कम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत कंपनी ने नौकरियों में कटौती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे एक दिन पहले अमेजन के हार्डवेयर प्रमुख डेव लिम्प ने कर्मचारियों को पत्र लिखा है। रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन में नौकरी की यह कटौती डिवाइस यूनिट पर केंद्रित है, जिसमें वॉयस-असिस्टेंट एलेक्सा और इसके रिटेल व मानव संसाधन डिवीजन भी शामिल हैं। अमेजन कर्मचारियों को लिखे पत्र में हार्डवेयर प्रमुख ने कहा है कि कई दौर की समीक्षा के बाद हमने कुछ टीमों व कार्यक्रमों को पुनर्गठित करने का फैसला किया है, जिससे अब कुछ भूमिकाओं की जरूरत नहीं होगी।

## पेज एक के शेष

### काशी ज्ञानवापी परिसर...

की छह रूलिंग और संविधान का हवाला भी दिया गया। **मुस्लिम पक्ष का तर्क :** इस मामले में मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मस्जिद की तरफ से मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने न्यायालय में प्रतिउत्तर में सवाल उठाते हुए कहा था कि एक तरफ कहा जा रहा है कि वाद देवता की तरफ से दाखिल है। वहीं, दूसरी तरफ पब्लिक से जुड़े लोग भी इस वाद में शामिल हैं। यह वाद किस बात पर आधारित है, इसका कोई पेपर दाखिल नहीं किया गया है और कोई सबूत नहीं है। कहानी से कोर्ट नहीं चलती, कहानी और इतिहास में फर्क है। जो इतिहास है, वही लिखा जायेगा। साथ ही कानूनी नजीरें दाखिल कर कहा था कि वाद सुनवाई योग्य नहीं है और इसे खारिज कर दिया जाये।

### सीएम सोरेन बोले- ...

जिसमें आंकड़ों के हवाले से बताया है कि दो साल में साहिबगंज में अवैध खनन से एक हजार करोड़ रुपये के रॉयल्टी के नुकसान के लिए आठ करोड़ मेट्रिक टन पतथन का अवैध खनन करने की जरूरत होगी। मगर उपलब्ध सभी रेलवे रेक, ट्रक, पानी के जहाज मिलकर भी आठ करोड़ मेट्रिक टन अवैध पत्थर का परिवहन नहीं कर सकते। न केवल इतना परिवहन असंभव है बल्कि इतने क्रशर, टिप्पर जैसे संसाधन साहिबगंज में कहां हैं। जिससे चार करोड़ मेट्रिक टन सालाना अवैध पत्थर खनन को अंजाम दिया जा सके। ईडी पर सवाल उठाते हुए लिखा है कि ईडी को तथ्यों एवं आंकड़ों का सत्यापन किये बिना एक हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन संबंधी सनसनीखेज वक्तव्य जारी करना शोभा नहीं देता जबकि पिछले एक साल से जांच के दौरान 50 से अधिक रेड किये जा चुके हैं। ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयान से न केवल राज्य की छवि खराब होती है बल्कि संबंधित विभाग एवं उसके कर्मियों की छवि धूमिल करते हैं।

### सीएम के दावे...

**पंकज मिश्रा से लेकर ईडी ने लगायी सवालों की झड़ी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी कार्यालय पहुंचने के बाद ईडी ने उनके विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा से उनके व्यवसायिक संबंधों को लेकर पूछताछ की। मुख्यमंत्री से पूछा गया कि पंकज मिश्रा के अवैध खनन में संलिप्तता के विषय में उन्हें जानकारी थी या नहीं, अगर उन्हें जानकारी थी तो उन्हें इस संबंध में क्या कार्रवाई की। मुख्यमंत्री के पास खान विभाग का भी प्रभार हैं, उनसे अवैध खनन को लेकर हुई कार्रवाईयों के संबंध में भी ईडी ने जाना। वहीं, सीएम के संपत्ति के पहलुओं पर भी उनसे पूछताछ की गयी।

### पांच जजों की...

ने सिफारिश को जामा पहनाने के लिए एक ड्राफ्ट स्कीम भी प्रस्तावित की। सिफारिश और ड्राफ्ट पर केंद्र सरकार द्वारा विधिवत विचार किया गया था। केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा है कि इन बदलावों में अर्थव्यवस्था में मुद्रा की आपूर्ति के लिए पेश किये गये नये बैंक नोटों के डिजाइन और स्पेसिफिकेशन में बदलाव किये गये थे। इसलिए तैयारियों में नये डिजाइनों को अंतिम रूप देना, नये डिजाइनों के लिए इंक और प्रिंटिंग प्लेट्स बनाने, प्रिंटिंग मशीनों में बदलाव शामिल हैं। केंद्र ने कहा कि यह देखते हुए कि नोटबंदी की कार्रवाई को एक अकेले उपाय के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह परिवर्तनकारी आर्थिक नीतियों की श्रृंखला में महत्वपूर्ण कदमों में से एक था और नकली नोटों और जरूरत से ज्यादा धन के भंडारण से लड़ने के लिए एक बड़ा कदम था। इस तरह से कई तर्क देकर केंद्र सरकार ने नोटबंदी को देशहित में क्रांतिकारी कदम बताया। केंद्र सरकार ने कत्तई नहीं माना, न स्वीकार किया कि इससे लघु व कुटीर उद्योग का भट्ठा बैठ गया। या इसके चलते करोड़ों लोगों की जिंदगी बर्बाद हो गयी या इससे देश को बहुत ही आर्थिक नुकसान हुआ।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### मंच पर अचानक बिगड़ी नितिन गडकरी की तबीयत

**सिलीगुड़ी (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद तबीयत खराब हो गयी और डॉक्टरों ने उनकी स्वास्थ्य जांच की। भाजपा के विधायक नीरज जिम्पा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गडकरी की तबीयत बाद में ठीक हो गयी और वह अपनी कार में सवार होकर रवाना हो गये। जिम्पा ने कहा कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद गडकरी जी ने बेचैनी की शिकायत की। डॉक्टरों ने मंच के पीछे ले जाकर उनकी स्वास्थ्य जांच की। बाद में वह अपनी कार में सवार होकर रवाना हो गये। गडकरी के स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। पश्चिम बंगाल के दौरे पर आये गडकरी ने सिलीगुड़ी में 1,206 करोड़ रुपये की तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

### आप सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत अर्जी खारिज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खरिज कर दी है। मनी लांड्रिंग केस में सत्येंद्र जैन को जमानत नहीं मिलेगी। राउस एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की सभी अर्जियां खारिज कर दी हैं। राउस एवेन्यू कोर्ट के इस फैसले के बाद सत्येंद्र जैन को अभी जेल में ही रहना होगा। इसके साथ ही बाकी दो आरोपियों की भी जमानत याचिका को कोर्ट ने रद्द कर दिया है। मनी लांड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन, वैभव और अंकुश जैन आरोपी हैं। सत्येंद्र जैन इस वर्ष 30 मई से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सत्येंद्र जैन को करीब 5 माह 17 दिन जेल में बंद हुए हो गया है।

### इजरायली तकनीक से फलेंगे संतरे के पौधे

**कोटा।** नीबू वर्गीय फल उत्कृष्टता सेंटर नांता पर विभिन्न नीबूवर्गीय फलों जैसे संतरा, मौसमी, किन्नू, की विभिन्न किस्मों की उत्कृष्ट व गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार की जा रही है। इंडो इजरायल कृषि परियोजना के अंतर्गत स्थापित इस सेंटर पर वर्तमान में संतरा, मौसमी व नींबू की 29 स्थानीय व विदेशी किस्में तैयार की जा रही हैं। साथ ही कुछ अन्य किस्मों पर शोध कार्य भी जारी है। सेंटर के माध्यम से किसानों को इजराइली पद्धति जैसे बेड बनाकर पौधे लगाना, ड्रिप संयंत्र स्थापना, फर्टिगेशन, केनोपी मैनेजमेंट, ट्रेनिंग, प्रूनिंग आदि की जानकारी दी जाती है व किसानों को उच्च गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए इस पद्धति से पौधे लगाने को लेकर प्रेरित किया जाता हैं। संतरे की प्रचलित किस्मों में नागपुर संतरा, नागपुर सीडलेस, डेजी, फ्रीमोंट, फेयर चाइल्ड तथा मौसमी की प्रचलित किस्मों में कटोल गोल्ड, जाफा, वेलेंसिया ओलिंडा, ब्लड रेड व नींबू की लोकप्रिय किस्मों में एनआर सी-7, एनआरसी-8, बालाजी, प्रमालिनी, साई शरबती, विक्रम, थाई लेमन आदि शुमार है।

---

एनसीबी को मिली बड़ी कामयाबी

# ड्रग्स तस्करी के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश



### 20 किलो हेरोइन, 5.86 लाख रुपये नगद बरामद

#### ड्रोन के जरिये सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान करता है ड्रग्स की तस्करी



**सीमा** पार से पाकिस्तान ड्रोन के जरिये पंजाब और जम्मू के सीमावर्ती इलाकों में हथियारों और ड्रग्स की तस्करी करता है। हाल ही में ऐसे मामलों में तेजी आयी है, जिससे निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल लगातार सतर्क हैं। इसी के कारण सेना के जवानों ने ऐसे कई ड्रोन को मार गिराया है, जिससे हथियारों व ड्रग्स की तस्करी करने की कोशिश की जा रही थी।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है, जिसके बारे में नॉर्थ रीजन एनसीबी के डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने जानकारी दी है। उन्होंने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए बताया कि एनसीबी की चंडीगढ़ शाखा को एक बड़े मामले में 20 किलो से ज्यादा हेरोइन, 5 लाख 86 हजार रुपए नकद और बहुत सारे सिम कार्ड के साथ कई सामान बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के तार अंतर्राष्ट्रीय गिरोह से जुड़े हुए हैं जो सीमा-पार से जम्मू-कश्मीर और पंजाब में नेटवर्क फैला कर तस्करी कर रहे थे।

इसके साथ ही डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि अभी तक जांच में इस गिरोह के संबंध पाकिस्तान और अफगानिस्तान से पाए गए हैं। वहीं, जिसे गिरफ़्तार किया है वो इस गिरोह का मुख्य सदस्य है। इसके अलावा दो और लोगों को चिंहित किया गया है, जिनके खिलाफ ऑपरेशन जारी है। इसी साल जुलाई में एनसीबी ने 30 हजार किलो ड्रग्स को नष्ट किया है। यह ड्रग्स देश के चार शहरों चंडीगढ़, दिल्ली, चेन्नई और गुवाहटी में नष्ट किये गये थे। ड्रग्स के नष्टीकरण कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी वर्चुअल रुप से शामिल हुए थे।

### सोशल मीडिया के जरिये आतंकी फंडिंग बढ़ी : एनआईए डीजी

**नयी दिल्ली। राष्ट्रीय** जांच एजेंसी के डीजी दिनकर गुप्ता आतंकवाद और इसके वित्तपोषण को लेकर भारत सरकार पूरी तरह गंभीर है। इस मुद्दे पर शुक्रवार से दो दिनों के लिए 78 देशों का एक वैश्विक सम्मेलन नो मनी फॉर टेरर दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के डीजी दिनकर गुप्ता का कहना है कि उनके पास पुख्ता सबूत हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये क्राउड फंडिंग कर पैसा आतंकी गतिविधियों में लगाया जा रहा है और इसमें बढ़ोत्तरी भी हो रही है। एनआईए के डायरेक्टर जनरल दिनकर गुप्ता ने बताया कि कई मामलों में ऐसे सबूत मिले हैं, जहां सोशल मीडिया के जरिये क्राउड फंडिंग की जा रही है। इन पैसों का इस्तेमाल फिर आतंकवाद फैलाने के लिए किया जा रहा है। यही वजह है वैश्विक सम्मेलन में इसे एक मुख्य एजेंडा बनाया गया है।

# पोलैंड में गिरा मिसाइल रूसी हमले में नहीं आया

**ब्रसेल्स (एजेंसी)।** पोलैंड और नाटो के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन से लगते पोलैंड के इलाके में हुआ मिसाइल धमाका एक हादसा था। रूस की ओर से जानबूझ कर हमला करने के अब तक कोई सबूत नहीं मिले हैं। ब्रसेल्स में नाटो के महासचिव येंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि यह जानबूझ कर किया गया हमला था। हमारे पास इस बात के भी कोई संकेत नहीं हैं कि रूस नाटो के खिलाफ किसी सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

स्टोल्टेनबर्ग का यह बयान सदस्य देशों की आपातकालीन चर्चा के बाद आया है। एक दिन पहले यानी मंगलवार को पोलैंड के एक गांव में मिसाइल गिरा था जिसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गयी थी। स्टोल्टेनबर्ग ने यह भी कहा कि हमारे प्राथमिक विश्लेषण से पता चला है कि यूक्रेन की वायु सेना की तरफ से रूसी क्रूज मिसाइलों के हमले से रक्षा के लिए दागी मिसाइलों से यह हादसा हुआ। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेइ दूदा ने भी हादसे की यही वजह बतायी है। मंगलवार को रूस ने यूक्रेन पर मिसाइलों से बड़ा हमला किया था। खेरसॉन से पिछले हफ्ते रूसी सेना के हटने के बाद यह पहला बड़ा हमला था। इसके नतीजे में यूक्रेन के कई इलाकों में बिजली की सप्लाई बंद हो गयी।

पोलैंड के विदेश मंत्रालय के मुताबिक इसी दिन दोपहर में पोलैंड के प्रेजवोडो गांव में सीमा से करीब छह किलोमीटर दूर एक मिसाइल गिरा। पोलैंड ने पहले कहा था कि यह रॉकेट रूस में बना है। रूस और यूक्रेन दोनों के पास सोवियत जमाने में डिजाइन की गयी मिसाइलें हैं। जिनका इस्तेमाल इस जंग में हो रहा है। बुधवार को पोलैंड के राष्ट्रपति दूदा ने कहा कि यूक्रेन के प्रतिरक्षा बल ने कई दिशाओं में मिसाइलें दागी और इस बात की बहुत आशंका है कि इनमें से एक मिसाइल दुर्भाग्य से पोलैंड के इलाके में जा गिरा।

# म्यांमार ने चार विदेशी कैदियों को किया रिहा

**बर्मा (एजेंसी)।** सैन्य जुंटा ने पूर्व ब्रिटिश दूत विकी बोमेन, ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री शॉन टर्नेल और जापानी पत्रकार टोरू कुबोताको रिहा कर दिया है।



म्यांमार नाउ ने बताया कि रिहा होनेवाले चौथे विदेशी अमेरिकी वनस्पतिशास्त्री क्याव हटे ओ हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि पूर्व ब्रिटिश राजदूत विकी बोमेन, ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्र सलाहकार शॉन टर्नेल और जापानी पत्रकार टोरू कुबोता को राष्ट्रीय दिवस के मौके पर रिहा किया जा रहा। अक्टूबर महीने में कुबोता को जुलाई में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शन को फिल्माने के लिए 10 साल के कारावास की सजा सुनायी गयी थी। इसके बाद सितम्बर में म्यांमार की एक अदालत ने देश की पूर्व नेता आंग सान सू की को दोषी ठहराया और उनके सलाहकार शॉन टर्नेल को तीन साल जेल की सजा सुनायी। म्यांमार की सैन्य सरकार के साथ भारत का यह रिश्ता क्या कहलाता है म्यांमार में ब्रिटेन की पूर्व राजदूत बोमेन और उनके पति बर्मी कलाकार तेन लिन को सितम्बर में आव्रजन नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक साल की जेल की सजा सुनायी गयी थी। सैन्य जुंटा के प्रवक्ता जॉ मिन तुन ने गुरुवार को वॉयस ऑफ म्यांमार और यंगून मीडिया ग्रुप को बताया कि चार विदेशियों को रिहा किया जा रहा है और उन्हें उनके देश वापस भेजा जा रहा है। इसी साल म्यांमार की एक अदालत ने सैन्य तख्तापलट का विरोध करनेवाले चार कार्यकर्ताओं को फांसी सजा दी थी। उस वक्त कहा गया था कि इन चारों को आतंकवाद के तहत हिंसक और अमानवीय हत्याएं करने के लिए सजा दी गयी। म्यांमार में 2021 में सेना ने लोकतांत्रिक सरकार का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली। तब से सैन्य सरकार पर लोकतंत्र समर्थकों का दमन करने के आरोप लगते हैं। पिछले साल फरवरी में सैन्य तख्तापलट के बाद से म्यांमार में उथल-पुथल मची हुई है।

32 रिटायर आईएएफ महिला अफसरों की बड़ी जीत, सुप्रीम कोर्ट बोला -

# 20 साल सेवा के बराबर मिलेगी पेंशन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और भारतीय वायुसेना (आईएएफ) को निर्देश दिया कि वे शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की 32 सेवानिवृत्त महिला अधिकारियों को पेंशन लाभ देने के उद्देश्य से उनकी उपयुक्तता के आधार पर स्थायी कमीशन (पीसी) देने पर विचार करें। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने हालांकि, इस आधार पर उनकी सेवा बहाली का आदेश देने से इनकार कर दिया कि उन्हें 2006 और 2009 के बीच सेवा से मुक्त कर दिया गया था। आदेश में कहा गया है कि देश सेवा की अनिवार्यताओं से संबंधित आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बहाली एक व्यवहार्य विकल्प



नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा कि स्थायी कमीशन की मंजूरी के लिए भारतीय वायुसेना द्वारा योग्य पायी गयी महिला आईएएफ अधिकारी उस तारीख से एकमुश्त पेंशन लाभ पाने की हकदार होंगी जब वे सेवा में 20 साल पूरे कर चुकी होतीं, यदि उनकी सेवा जारी रहती। सीजेआई चंद्रचूड़ ने निष्पक्ष दृष्टिकोण के लिए भारतीय वायुसेना की सराहना की और केंद्र और वायुसेना की ओर से पेश हो रहे वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बालासुब्रमण्यम से कहा कि वह आईएएफ प्रमुख तथा सरकार तक उनकी सराहना पहुंचायें।

पीठ ने अपने समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का प्रयोग करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि इन महिला एसएससी अधिकारियों को पेंशन लाभ देने पर विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि भारतीय वायुसेना इन सेवानिवृत्त अधिकारियों की उपयुक्तता की जांच करेगी और एचआर (मानव संसाधन) नीति के अनुसार स्थायी कमीशन की मंजूरी के लिए पात्र पाये जाने पर पेंशन लाभ देने पर विचार करेगी।

# कश्मीर : आतंकी संगठन की धमकी के बाद पत्रकारों का इस्तीफा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पांचों पत्रकार श्रीनगर से छपनेवाले अंग्रेजी भाषा के अखबार 'राइजिंग कश्मीर' के लिए काम करते थे। इनमें से कुछ ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफों के बारे में जानकारी दी है। इन सभी का नाम द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) नाम के आतंकी संगठन द्वारा छापी गयी एक सूची में था जिसमें संगठन ने इन्हें सुरक्षाबलों का मुखबिर बताया था। टीआरएफ को पाकिस्तान से चलने वाले आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तय्यबा की ही एक शाखा माना जाता है। यह संगठन पिछले कुछ सालों में कई आतंकवादी हमलों में भी शामिल रहा है, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि इसने पत्रकारों को निशाना बनाना शुरू किया है पिछले हफ्ते शनिवार 12 नवम्बर को एक ब्लॉग वेबसाइट पर टीआरएफ के हवाले से एक धमकी भरा पोस्टर डाला गया जिसमें कश्मीर के दो जाने माने अखबारों पर सरकार का मुखपत्र होने का आरोप लगाया गया। अगले दिन ऐसी एक नयी सूची सामने आयी जिसमें 12 पत्रकारों और अखबारों के मालिकों के नाम थे। इस सूची में इन लोगों को पुलिस, सेना और खुफिया एजेंसियों के एजेंट बताया गया। सोमवार को एक और सूची जारी की गयी जिसमें 12 और पत्रकारों के नाम थे। इनमें से कई पत्रकार मुख्य संपादक जैसे ऊंचे पदों पर काम करते हैं और मशहूर हैं। उन्हें पुलिस से सुरक्षा भी मिली हुई है, लेकिन कई पत्रकार ऐसे भी हैं जो ना तो इतने ऊंचे पदों पर हैं और ना मशहूर हैं। कइयों ने ना कभी कश्मीर में मिलिटेंसी के बारे में लिखा, न सेना के बारे में और ना राजनीति के बारे में।






अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा -

# लगातार झूठ बोलते आ रहे हैं पूर्व पाक पीएम इमरान खान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने एक बार फिर से पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के उन दावों को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें सत्ता से हटाने में अमेरिका ने साथ दिया है। अमेरिका ने इमरान खान के दावों को कोरा झूठ बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन में अमेरिकी साजिश को लेकर दिया बयान पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना और झूठा है। इमरान खान इस तरह के बयान देकर लगातार देश और दुनिया में अमेरिका के प्रति झूठा प्रचार कर रहे हैं।

**विदेश मंत्रालय का बयान :** पटेल ने कहा कि इमरान खान के बयान में कुछ भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने ये बयान एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तान को लेकर किए गए सवालों के जवाब में दिया। गौरतलब है कि इमरान खान को अप्रैल में एक अविश्वास प्रस्ताव के बाद पीएम पद से हटा दिया गया



था। इसके तुरंत बाद इमरान ने इसको एक साजिश बताया था और इसमें अमेरिका का हाथ बताया था। इमरान खान लगातार इस बात को लगभग हर रैली में कहते आए हैं। इमरान खान अमेरिका के खिलाफ लगातार पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते आ रहे हैं।

**इमरान खान ने दिया इंटरव्यू :** आपको यहां पर ये भी बता दें कि हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान खान ने कहा था कि वो अब अमेरिका के खिलाफ और आरोप नहीं लगाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि वो केवल पाकिस्तान और अमेरिका के बीच बेहतर संबंध चाहते हैं। इस इंटरव्यू में उन्होंने ये भी कहा कि था कि वो मानते हैं कि उन्हें हटाने के पीछे अमेरिका ने साजिश में साथ निभाया था। गौरतलब है कि इमरान खान अप्रैल के बाद से ही सरकार और अमेरिका को घेरने में लगे हुए हैं। वो सरकार पर कई तरह के आरोप लगा चुके हैं। पिछले दिनों उन पर हमले के लिए भी उन्होंने पीएम शहबाज शरीफ समेत अन्यों को आरोपी बनाया है।